Established 1865

# पायनियर

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

RNI N0. UPHIN/2010/36547 | वर्ष-16 | अंक-52 | लखनऊ, बुधवार, 10 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-16, मूल्य 6 रुपये | ( नगर संस्करण )

एनडीए की संसदीय दल की बैठक को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# नियम-कानून लोगों की सुविधा के लिए हो: मोदी



एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्राथमिकता लोगों की जिंदगी को आसान बनाना है।

**लोगों से 30-40 पेज के फॉर्म न भरवाएं, फालतू पेपरवर्क करें खत्म**

उन्होंने कहा कि कानून या नियम आम लोगों की सुविधा के लिए होने चाहिए और उनकी वजह से किसी निर्दोष भारतीय को असुविधा नहीं होनी चाहिए। यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश अब पूरी तरह रिफॉर्म एक्सप्रेस के दौर में है, जहां सुधार तेजी से और स्पष्ट मंशा के साथ किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार के सुधार सिर्फ अर्थव्यवस्था या राजस्व पर केंद्रित नहीं है, ये पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियां दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से आगे बढ़ सकें। बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को बहुत अच्छे दिशानिर्देश दिए और यह संदेश दिया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल का सबसे बड़ा मुद्दा रिफॉर्म एक्सप्रेस है।

इस बैठक में राजग के सभी सांसद शामिल हुए। रीजीजू ने कहा, मैं इस बात पर बल देना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी सरकार की रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है और अब यह रुकेगी नहीं। यह सुधार देश के हर नागरिक की जिंदगी बदलने के लिए है।

## बिहार चुनाव में जीत के लिए पीएम को दी बधाई

बैठक की शुरूआत में मोदी को हाल में संपन्न बिहार चुनावों में राजग की शानदार जीत के लिए बधाई दी गई। संसद भवन परिसर में आयोजित राजग संसदीय दल की बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा मौजूद रहे। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) नेता संजय झा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री को माला पहनाकर बधाई दी। सोमवार को बिहार के राजग नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मोदी से मुलाकात की थी और राज्य विधानसभा चुनावों में गठबंधन की शानदार जीत के लिए उन्हें बधाई दी थी। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों से कहा कि बिहार विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की बड़ी जीत के बाद जनता के कल्याण के लिए और अधिक जोश के साथ काम करना होगा।

## सार संक्षेप

### अनिल अंबानी के बेटे पर सीबीआई का शिकंजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी और 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' (आरएचएफएल) के खिलाफ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से कथित 228 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को लेकर मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जय अनमोल अनिल अंबानी के आवास पर सीबीआई ने तलाशी भी ली। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने बैंक (पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक) की ओर से 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड', जय अनमोल अनिल अंबानी और रवींद्र शरद सुधाकर (दोनों आरएचएफएल के निदेशक) के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई की।

### लूथरा के नाइट क्लब पर चला बुलडोजर

**पणजी।** गोवा पर्यटन विभाग ने आग से तबाह हुए नाइट क्लब के फरार मालिकों - सौरभ और गौरव लूथरा के वागाटोर समुद्र तट पर स्थित रोमियो लेन के अवैध क्लब को मंगलवार को ध्वस्त कर दिया। सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा शनिवार आधी रात के आसपास अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत के कुछ ही घंटों बाद थाईलैंड फरार हो गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सौरभ और गौरव लूथरा ने पर्यटन विभाग की जमीन पर क्लब का निर्माण किया था। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अधिकारियों को क्लब गिराने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था। अधिकारी ने बताया कि लकड़ी से बनी इस संरचना को मशीनों की मदद से गिरा दिया गया और पर्यटन विभाग ने 198 वर्ग मीटर जमीन को मुक्त कराया। पुलिस की मौजूदगी में दो घंटे के अंदर ही ढांचे को गिरा दिया गया।

### कोर्ट ने सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और पुलिस से मतदाता सूची में जालसाजी से नाम शामिल किए जाने के आरोपों वाली याचिका पर जवाब मांगा।



याचिका में मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें इस आरोप की जांच से इनकार कर दिया गया था कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले ही सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने मजिस्ट्रेट अदालत के 11 सितंबर के आदेश के खिलाफ एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। मजिस्ट्रेट अदालत ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि शिकायत के आरोप अपर्याप्त तथ्य वाले और इस मंच के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई छह जनवरी के लिए सूचीबद्ध की।

# वंदे मातरम का विरोध गांधी परिवार के खून में है : शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि यदि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के दो टुकड़े न किए जाते तो देश का विभाजन भी नहीं होता। शाह ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरमके 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में चर्चा में भाग लेते हुए उम्मीद जतायी कि इस चर्चा के माध्यम से देश के बच्चे, युवा और आने वाली पीढ़ी यह बात समझ सकेंगे कि वंदे मातरम का देश को स्वतंत्रता दिलाने में क्या योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस विषय पर कुछ लोगों ने यह प्रश्न उठाया था कि आज वंदे मातरम पर चर्चा क्यों होनी चाहिए।

**वंदे मातरम के दो टुकड़े न करते तो देश का विभाजन नहीं हुआ होता**

शाह ने कहा कि यह अमर कृति भारत माता के प्रति समर्पण, भक्ति और कर्तव्य के भाव जागृत करने वाली कृति है। गृह मंत्री ने कहा कि जिन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि आज इस पर चर्चा क्यों की जा रही है, उन्हें अपनी समझ पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस चर्चा को पश्चिम बंगाल में होने जा रहे चुनाव से जोड़ कर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग राष्ट्रीय गीत के महिमामंडन को बंगाल चुनाव से जोड़कर कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम की 1937 में स्वर्ण जयंती हुई तो जवाहरलाल नेहरू ने उसके



गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष होने पर चर्चा में लिया भाग

दो टुकड़े कर उसे दो अंतरों तक सीमित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसी समय तुष्टिकरण की शुरूआत हुई जिसकी परिणति बाद में जाकर देश के विभाजन के रूप में हुई। शाह ने कहा, मेरे जैसे कई लोगों का मानना है, भले ही यह बात कांग्रेस को पसंद आए या नहीं आये, वंदे मातरमके दो टुकड़े तुष्टिकरण की नीति के तहत नहीं किए जाते तो देश का बंटवारा नहीं होता। देश आज पूरा होता। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम लिखे जाने के जब 100 साल पूरे हुए तो उस समय देश में आपातकाल लगा दिया गया था और इसे बोलने वालों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जेल में डाल दिया था।

### सरकार के पास डरने या छिपाने जैसा कुछ नहीं

शाह ने कहा, हम मुद्दों पर चर्चा करने से नहीं डरते। संसद का बहिष्कार हम नहीं करते। संसद यदि चलने दें तो सब मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास डरने या छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है और यदि संसद चले तो हर मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा, वंदे मातरमपर चर्चा को टालने की यह मानसिकता नयी नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि इस संसद में राष्ट्र गीत के गान को बंद करवा दिया गया।

### सवाल उठाने वालों को सोच पर विचार करना चाहिए

गृह मंत्री ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को देश भक्ति, त्याग और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बताते हुए कहा जो लोग इस समय इसकी चर्चा करने के औचित्य और जरूरत पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें अपनी सोच पर नये सिरे से विचार करना चाहिए। शाह ने उम्मीद जतायी कि इस चर्चा के माध्यम से देश के बच्चे, युवा और आने वाली पीढ़ी यह बात समझ सकेगी कि वंदे मातरमका देश को स्वतंत्रता दिलाने में क्या योगदान रहा है।

# देश को विभाजित करने वाले जयचंद व मीरजाफर जैसे पापी: सीएम योगी

पायनियर समाचार सेवा

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश को विभाजित करने वालों से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे लोग जयचंद और मीरजाफर जैसा पाप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि की तोड़ने के लिए बहुत से लोग हैं। कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है। समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं। परिवार के लिए प्रॉपर्टी, विदेश में होटल और द्वीप खरीदते हैं। ऐसे लोग देश को दरिद्र करने का षड्यंत्र करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा जाति, क्षेत्र आदि के नाम के तात्कालिक लॉलीपॉप से समाज और देश का कल्याण नहीं हो सकता। देश का कल्याण तभी होगा जब भेदभाव नहीं होगा, सबमें एकता होगी।

सीएम योगी मंगलवार को सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का भी अनावरण किया और महान सैन्य नायक को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्रतिमा की स्थापना जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराई गई है। मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत के जीवन पर आधारित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत के व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद किया तथा देश के समसामयिक हालात पर भी चर्चा करते हुए विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिलाए गए पंच प्रणों को अपनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत को पंच प्रण के प्रति समर्पित योद्धा बताते हुए कहा कि हम सभी को पंच प्रणों को जीवन के शाश्वत मंत्र के रूप में अपनाना होगा। सीएम योगी ने कहा कि आजादी के अमृत वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने आह्वान किया था कि आजादी के शताब्दी वर्ष तक हमें कैसा भारत चाहिए, इसके लिए एक कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी के पहले प्रण 'विरासत पर गौरव की अनुभूति' का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों, महापुरुषों को का सम्मान करना होगा। श्रीराम, श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति वीर शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई की विरासत और परंपरा पर गर्व करना होगा। अपनी विरासत और परंपरा को नजरअंदाज करके समाज प्रगति नहीं कर सकता।



सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### जवानों की वजह से हम चैन से सो पाते हैं

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के तीसरे प्रण 'सैन्यबलों के प्रति सम्मान भाव' की चर्चा करते हुए कहा कि हम अपने घरों में चैन से इसलिए सो पाते हैं कि सेना के जवान देश की सीमा पर रखवाली करते हैं। अर्धसैनिक बल पैट्रोलिंग करते हैं और पुलिस के जवान मेहनत करते हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि एक व्यक्ति की गलती से पूरी फोर्स खराब नहीं हो जाती। हमें जवानों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखना होगा। चौथे प्रण 'सामाजिक एकता' के सूत्र को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की प्रगति तभी होगी, कल्याण तभी होगा जब समरस समाज की स्थापना होगी। हर नागरिक के मन में भारतीयता का भाव होगा। जिसके मन में भारतीयता का भाव नहीं है वह देश का नहीं बल्कि पराया है। सीएम ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के एक वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि सबसे पहले और सबसे अंत में भी मेरी पहचान एक भारतीय की है। पांचवें प्रण 'नागरिक कर्तव्य' की विस्तार से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के बाद अधिकारों के संरक्षण की बात तो खूब हुई लेकिन उसकी तुलना में नागरिक कर्तव्यों की चर्चा नहीं हुई। उन्होंने नागरिक कर्तव्यों की सजगता को लेकर देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत का उदाहरण दिया। नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग होने का आह्वान करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रेड यूनियन का भी उल्लेख किया। कहा कि ट्रेड यूनियन जहां भी विकसित हुई, वहां उसने व्यवस्था को नष्ट कर दिया।

विमानन नियामक डीजीसीए का इंडिगो पर कड़ा एक्शन

# एयरलाइन की उड़ानों में 5 प्रतिशत की कटौती

एजेंसी। मुंबई

विमानन नियामक डीजीसीए ने परिचालन संकट से गुजर रही एयरलाइन इंडिगो को सर्दियों के दौरान अधिक मांग वाले मार्गों पर नियोजित उड़ानों में पांच प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की सेवाओं को सुव्यवस्थित करने की कोशिश कर रहा है।

**विमानन मंत्री ने कड़ी कार्रवाई का दिलाया भरोसा**

कड़े सुरक्षा नियमों के लिए योजना बनाने में नाकाम रहने की वजह से इंडिगो को देश भर में हजारों उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। डीजीसीए ने आठ दिसंबर के अपने आदेश में इंडिगो को बुधवार तक संशोधित उड़ान कार्यक्रम प्रस्तुत करने को कहा। वित्त वर्ष 2025-26 के शीतकालीन कार्यक्रम के तहत विमानन कंपनी प्रतिदिन 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित कर रही है। इंडिगो ने दो दिसंबर से 4,000 से भी अधिक उड़ानें रद्द की हैं जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं। इससे उनकी छुट्टियों की योजनाएं, महत्वपूर्ण बैठकें व शादियां तक प्रभावित हुईं। विमानन कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 65 प्रतिशत से अधिक है। डीजीसीए ने इससे पहले इंडिगो के सीईओ और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) को व्यवधानों के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था।



### छह हवाई अड्डों पर 422 उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई।** इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान आठवें दिन भी जारी रहा और विमानन कंपनी ने मंगलवार को छह हवाई अड्डों से 422 उड़ानें रद्द कर दीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कुल 422 उड़ानों में से दिल्ली हवाई अड्डे पर 152 और बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 121 उड़ानें रद्द हुईं। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद में इंडिगो की 58 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि मुंबई में 41 उड़ानें रद्द की गईं। उन्होंने बताया कि इंडिगो ने चेन्नई हवाई अड्डे से 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। इस बीच, सरकार ने शीतकालीन कार्यक्रम के दौरान इंडिगो की उड़ान सेवा की संख्या में पांच प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है तथा विमानन कंपनी द्वारा स्वीकृत कार्यक्रम के अनुसार उड़ाने संचालित करने में विफल रहने के बाद उड़ानों को अन्य हवाई अड्डों को देने का निर्णय लिया है।

### इंडिगो का परिचालन पटरी पर लौटा : सीईओ

**मुंबई।** इंडिगो ने दावा किया कि कंपनी का विमान परिचालन पटरी पर लौट आया है और वह ग्राहकों को रद्द एवं विलंबित उड़ानों के टिकट का शुल्क लौटाने सहित सभी मुद्दों का समाधान करने में जुटी है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने अपने नए वीडियो संदेश में कहा कि उन ग्राहकों को टिकट का पूरा शुल्क लौटाने की प्रक्रिया दैनिक आधार पर जारी है, जिनकी उड़ानें रद्द कर दी गई थीं या विलंबित थीं। ऐसे लाखों ग्राहकों को उनके टिकट का पूरा शुल्क लौटाया जा चुका है। हालांकि, एल्बर्स ने उन ग्राहकों को दिए जाने वाले मुआवजे के बारे में कुछ नहीं कहा, जिनकी उड़ानें अंतिम समय में रद्द कर दी गईं या जिनमें काफी देरी हुई।

# मुठभेड़ में मारा गया अंतरराज्यीय बदमाश

पायनियर समाचार सेवा,लखनऊ

शामली में आज तड़के एक बड़ी मुठभेड़ में थाना कांधला का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर व 50 हजार रुपये का ईनामी अपराधी समयदीन उर्फ़ सामा पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हुआ, जिसे अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया । यह मुठभेड़ थाना थानाभवन व बाबरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम भैंसानी ईस्लामपुर स्थित बंद पड़े ईंट भट्टे पर हुई है।

**50 हजार का ईनामी था समयदीन उर्फ़ सामा एक पुलिस कर्मी हुआ घायल**

जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश ईंट भट्टे में छिपे हैं और किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। इस बात की जानकारी जब पुलिस की हुई तो पुलिस टीम के पहुँचते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में समयदीन उर्फ़ सामा ढेर हो गया। मुठभेड़ में का० अनुज यादव के गोली लगने से घायल हुए हैं, जबकि थाना प्रभारी बाबरी राहुल सिसौदिया की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी थी। घायल अपराधी व पुलिसकर्मी को उ०ऊ थानाभवन से जिला अस्पताल शामली रेफर किया गया, जहाँ समयदीन उर्फ़ सामा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पुलिसकर्मी का उपचार चल रहा है। हिस्ट्रीशीटर के पास से पुलिस ने 01 पिस्टल 9,1 पिस्टल .32 बोर,1 तमंचा 315 बोर,कई खोखा व जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

## यूपी सीएसआर राउंडटेबल 2025

# तीस से अधिक कंपनियों ने की सहभागिता

❖ कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को गति देने के लिए उद्योग-सरकार साझेदारी पर गहन विमर्श हुआ

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश सीएसआर राउंडटेबल 2025 ऑन स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी' का सफल आयोजन किया गया। इस परामर्श-सत्र में देश की 30 से अधिक प्रमुख कंपनियों, फाउंडेशनों एवं संस्थानों ने भाग लेकर प्रदेश के कौशल एवं रोजगार पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की। योगी सरकार के नेतृत्व में राज्य को एक भविष्य-उन्मुख, सक्षम एवं कौशल-प्रधान अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने के निरंतर प्रयासों की श्रृंखला में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करना, प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारना, उभरते कौशल क्षेत्रों में पहुंच का विस्तार तथा उद्योग-संलग्न प्रशिक्षण मॉडल को बढ़ावा देना विभाग की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। योगी सरकार के विजन के अनुरूप युवाओं को उद्योग-उन्मुख कौशल से जोड़कर उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसरों का विस्तार किया जा रहा है। प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग डॉ. हरि ओम ने कहा कि प्रदेश सरकार कौशल-आधारित मानव संसाधन निर्माण के लिए व्यापक संरचनात्मक सुधार कर रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य में प्रशिक्षण अवसंरचना को जिला एवं ब्लॉक स्तर तक सुदृढ़ करने, स्मार्ट लैब्स एवं आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रमों का विकास तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों तक ले जाने हेतु विभाग एक व्यापक कार्ययोजना पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के साथ बढ़ती साझेदारी से राज्य में रोजगारपरक कौशल विकास को नई गति मिल रही है और युवाओं के लिए उन्नत अवसरों का विस्तार हो रहा है।

मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन पुलकित खरे, आईएएस ने कहा कि सीएसआर आधारित सहयोग से उद्योग-आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार और अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि यूपीएसडीएम द्वारा डिजिटल कौशल, हरित कौशल, उन्नत विनिर्माण तकनीक, सेवा-क्षेत्र आधारित रोजगारों तथा महिला-प्रधान आजीविका कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सक्रिय भागीदारी अपरेंटिसशिप को मजबूत करेगी और प्रदेश का युवा वर्ग सीधे उद्योग से जुड़कर अधिक रोजगार-सृजन में सक्षम होगा।

राउंडटेबल में एचसीएल, एक्सिस बैंक, ह्युंडई, सीमेंस, टाटा ट्रस्ट्स, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन सहित अनेक अग्रणी संगठनों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने जिला-स्तरीय कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप सीएसआर हस्तक्षेपों के संरेखण, पाठ्यचर्या में उद्योग की मांग के अनुरूप सुधार, तथा प्रशिक्षण के परिणामों को मजबूत करने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए। सीएसआरबॉक्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भौमिक शाह ने कहा कि यह राउंडटेबल उत्तर प्रदेश में कौशल एवं रोजगार सृजन के लिए उद्देश्य-प्रधान साझेदारियों को नई दिशा देगा और राज्य की विजन 2047 की यात्रा में इसकी भूमिका और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम के अंत में आईबीएम, लेनोवो, सीमेंस तथा बजाज (टाटा स्ट्राइव के माध्यम से) ने लक्षित कौशल विकास पहलों के लिए लेटर ऑफ इंटेंट प्रस्तुत किए। जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन ने रोजगार-उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसके माध्यम से युवाओं को उद्योग-संगत कौशल प्रदान करने के नए अवसर खुलेंगे।

## गाजियाबाद में 'पासपोर्ट लोक अदालत' कल

लखनऊ। लंबित पासपोर्ट मामलों के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद एक विशेष 'पासपोर्ट लोक अदालत' का आयोजन कर रहा है। इस पहल का मकसद नागरिकों को पासपोर्ट से जुड़ी सेवाएं त्वरित एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराना है। यह लोक अदालत 11 दिसम्बर (गुरुवार) को शाम 3 बजे से 5 बजे तक कक्ष संख्या 320, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद (हापुड़ चुंगी, कमला नेहरू नगर) में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप, भारतीय विदेश सेवा, स्वयं उपस्थित रहेंगे और आवेदकों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। स्वरूप ने बताया कि यह लोक अदालत विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की जा रही है।

## विभिन्न अनुभागों के लिए जन सूचना अधिकारी नामित

लखनऊ। राज्यपाल सचिवालय में विभिन्न अनुभागों में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रतिवेदनों के समयबद्ध निस्तारण के लिए साइमन डेविड पौल अनु सचिव शिक्षा प्रभाग को शिक्षा अनुभाग-1, राज्यपाल सचिवालय, शोभन्त कुमार अनुभाग अधिकारी शिक्षा अनुभाग-2 को शिक्षा अनुभाग-2, राज्यपाल सचिवालय, पवन कुमार शुक्ला, अनुभाग अधिकारी सामान्य अनुभाग-1 को सामान्य अनुभाग-1, राज्यपाल सचिवालय, एवं कमल सिंह यादव, अनुभाग अधिकारी सामान्य अनुभाग-2 को सामान्य अनुभाग-2, राज्यपाल सचिवालय, का जन सूचना अधिकारी नामित किया गया है।

# बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी की एसआईआर की डेट बढ़ाने की मांग

❖ आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों पर ही यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वह खुद अपना रिकार्ड बताएं

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



सपा मुखिया अखिलेश यादव के बाद अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने एसआईआर की तारीख बढ़ाए जाने की मांग चुनाव आयोग से की है। मायावती ने इसके पीछे दलील दी है कि बीएलओ बिना किसी दबाव के आराम से मतदाता सूची का काम कर सकें। मतदाता सूची से बेवजह हड़बड़ाहट में किसी का नाम न काटा जाए। वहीं मायावती ने चुनाव आयोग सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों पर ही यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वह खुद अपना रिकार्ड बताएं। छुपाने पर सजा दी जाए, यह काम पार्टी के ऊपर न डाला जाए। चुनाव ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से कराए जाएं। क्योंकि ईवीएम से चुनाव पर बार-बार गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। मायाावती ने ऐक्स पर पोस्ट कर लिखा कि जैसा कि विदित है कि आज से संसद में चूंकि चुनाव सुधार को लेकर चर्चा हो रही है। अतः बीएसपी की ओर से इस सम्बन्ध में यह कहना है कि चुनाव की प्रक्रिया में अन्य सुधार लाने के साथ-साथ निम्न तीन ख़ास सुधार लाना बहुत जरूरी हैं। एसआईआर को लेकर जो पूरे देश में व्यवस्था चल रही है बीएसपी उसके विरोध में नहीं है। लेकिन बसपा का यह कहना है कि इस सम्बन्ध में मतदाता सूची में नाम भरने की जो भी प्रक्रिया होनी है, उसके लिए जो समय सीमा निर्धारित की गई है वो बहुत ही कम है, जिसकी वजह से बीएलओ के ऊपर भी काफी दबाव है और कई बीएलओ काम के दबाव के वजह से अपनी जान भी गवां चुके हैं। जहां करोड़ों मतदाता हैं वहां बीएलओ को उचित समय मिलना ही चाहिए और ख़ासतौर पर उस प्रदेश में जहां जल्दी ही कोई भी चुनाव नहीं है।मायावती ने आगे लिखा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 15.40 करोड़ से भी ज़्यादा मतदाता हैं और अगर वहां रक्फ़ का कार्य जल्दबाज़ी में पूरा करने की कोशिश की जायेगी तो इसका नतीजा यह होगा कि अनेकों वैध-मतदाता ख़ासतौर पर जो गरीब हैं और काम करने के सिलसिले में बाहर गये हैं, तो फिर उनका नाम मतदाता सूची से रह जायेगा और वो बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा ऐसे व्यक्तियों को दिया गया वोट डालने का संवैधानिक अधिकार से वंचित कर देगा, जो कि पूर्ण रूप से अनुचित होगा। अतः ऐसे में एसआई आर की प्रक्रिया को पूरी करने में जल्दबाज़ी ना करते हुए उचित समय दिया जाना चाहिये अर्थात वर्तमान मे दी गई समय सीमा को बढ़ाना चाहिये। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार चुनाव आयोग द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। ऐसे लोग जिनका कोई भी आपराधिक इतिहास है उन्हें अपने हलफनामें में इसका अपने आपराधिक इतिहास का पूरा ब्योरा देना होगा और इसके साथ-साथ स्थानीय अख़बारों में भी इसका पूरा विवरण भी प्रकाशित करना होगा तथा जिस राजनैतिक पार्टी से वे चुनाव लड़ रहे हैं, उस राजनैतिक पार्टी की भी जिम्मेदारी होगी कि वह इस सूचना को अपने स्तर से भी राष्ट्रीय अख़बारों में भी प्रकाशित करेगी।

इस संबंध में बसपा का कहना है कि अक्सर यह पाया गया है कि जिस व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए टिकट-सिम्बल दिया जाता है उनमें से कुछ लोग अपना आपराधिक इतिहास पार्टी को नहीं बतातें हैं तथा कुछ लोगों के सम्बन्ध में स्क्रूटनी के समय ही पार्टी को इसका पता लग पाता है, जिसकी वजह से इसकी जिम्मेवारी पार्टी के ऊपर आ जाती है और वैसे भी ऐसे प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास को राष्ट्रीय अख़बारों में छपवाने की ज़म्मिेवारी पार्टी के ऊपर डाली गयी है। जबकि इस सम्बन्ध में हमारी पार्टी का यह सुझाव है कि आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों के सम्बन्ध में सभी औपचारिकताएं पूरी करने की जिम्मेवारी उन्हीं पर डालनी चाहिये ना कि पार्टी के ऊपर होनी चाहिये। और अगर आगे चलकर यह मालूम होता है कि किसी प्रत्याशी ने अपना आपराधिक इतिहास छुपाया है तो इससे सम्बंधित हर प्रकार की कानूनी लाइबेलिटी और जिम्मेदारी भी उसी पर आनी चाहिये ना कि पार्टी के ऊपर।

# 2जी आधारित स्मार्ट प्रीपेड मीटर परियोजना की विफलता उजागर



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

यूपी में वर्ष 2018 में ऊर्जा दक्षता सेवाएं लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 40 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का निर्णय ओपेक्स मॉडल में लिया गया था। यह परियोजना 8 वर्ष की अवधि के लिए संचालित की जानी थी। उपभोक्ता परिषद ने प्रारंभ से ही इस तकनीक का विरोध किया था क्योंकि ये मीटर 2जी तकनीक पर आधारित थे, जो समय के साथ निष्प्रभावी होने वाली थी। परिषद ने चेतावनी दी थी कि भविष्य में यह तकनीक बंद होने पर उपभोक्ताओं को गंभीर समस्याओं एवं आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

उपभोक्ता परिषद की आज के क्रम में विद्युत नियामक आयोग के निर्देश के बाद पावर कारपोरेशन ने 11 दिसंबर 2019 को सभी मीटर को 4जी तकनीकी में कन्वर्ट करने के लिए ईईएसएल को पत्र लिखा लेकिन वह केवल मामले को डालता रहा या वर्तमान में इंटली स्मार्ट जो स्मार्ट प्रीपेड मीटर आरएसएस में लग रही है इस कंपनी की एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड पैतृक कंपनी है। उपभोक्ता परिषद की आशंकाएं अगस्त 2020 में सही साबित हुईं जब जन्माष्टमी के दिन एकाएक 1,58,000 स्मार्ट मीटर बंद हो गए। इसके बाद विद्युत नियामक आयोग ने भी इन मीटरों को उच्च तकनीकी (4जी) में परिवर्तित करने के आदेश जारी किए। तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा द्वारा भी उपभोक्ता परिषद के पक्ष को सही माना गया। राज्य सरकार ने इस घटना की एसटीएफ जांच भी कराई, परंतु दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आज उपभोक्ता परिषद की चेतावनी एक बार फिर सही सिद्ध हुई है। पावर कॉरपोरेशन ने निर्णय लिया है कि ईईएसएल द्वारा लगाए गए 12 लाख स्मार्ट मीटरों में से 11,32,506 सक्रिय मीटरों को आरडीएसएस परियोजना के अंतर्गत मार्च 2027 तक नए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से बदल दिया जाएगा।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1985 (राजकीय इंटर कॉलेज, सीतापुर) अनुक्रमांक 1181131 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। सैय्यद नुसरत अली रजवी पुत्र हशमत अली निवासी-कजियारा पुराना सीतापुर, तहसील व जिला-सीतापुर

**सूचना**

मैं कैलाश यादव पुत्र श्री तिलकू कैलाश यादव पता 14 A, दारुल शफा, लखनऊ। मेरा किराया किश्त अनुबंध जिल्द संख्या 17663 क्रमांक स 16865 दिनांक 8/8/14 को पंजीकृत हुआ था, जो दिनांक 31/5/25 ऑफिस से निकलते समय रास्ते में कही खो गया हैं जिसकी FIR, L.A.R No 20250000375203 है। किसी भी व्यक्ति को मेरा किराया किश्त अनुबंध मिले तो कृपया सूचित करे। 9682250132

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनील कुमार पुत्र किशन निवासी मोहल्ला महावीरी टोला, कस्बा ओयल थाना व जिला खीरी का निवासी हूँ मैं अपने पुत्र आकाश को उसके गलत चाल-चलन एवं अनुचित व्यवहार के कारण हमेशा के लिए अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। मेरा उपरोक्त पुत्र आकाश से अब कोई सम्बन्ध व नाता नहीं है तथा उसे मेरी किसी भी चल व अचल संपत्ति से कोई हक़/अधिकार नहीं है साथ ही खुद के द्वारा किये गये नैतिक व अनैतिक कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।




# राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ चार मुद्दों पर कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद ने मंगलवार को सनातन आस्था और हिंदू समाज के सम्मान से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री से मांग करते हुए यात्रा निकाली। जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने संगठन के बैनर व नारेबाजी लगाते हुए यात्रा को लक्ष्मण पार्क से शुरु करते हुए व के.डी सिंह बाबू स्टेडियम से होते हुए गांधी प्रतिमा, जीपीओ हजरतगंज पर समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश दुबे ने कहा कि विगत महीनों में अराजक तत्वों ने देवी-देवताओं, धार्मिक स्थलों और सनातन परंपराओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियों की घटनाएँ बढ़ी हैं, जिनसे पूरे हिंदू समाज में गहरा असंतोष है। वहीं सोशल मीडिया और व्यक्तिगत विवादों के दौरान की जाने वाली जातिगत टिप्पणियों पर रोक लगाने की भी मांग की। इसके अलावा नशीले पदार्थों, पटाखों और अन्य अर्यादित उत्पादों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाले की मांग करते हुए कहा कि ऐसे उत्पादों से आस्था का अपमान होता है और सनातन भावनाओं पर अनावश्यक चोट पहुँचती है।

# चिकित्सा शिक्षा को किराये की बिल्डिंग में शिफ्ट किये जाने का महासंघ ने किया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

जवाहर भवन-इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ की एक आपात बैठक सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुयी जिसमें चिकित्सा शिक्षा विभाग को जवाहर भवन से शहीद पथ पर किराये की बिल्डिंग में शिफ्ट करने की साजिश पर जोरदार चर्चा हुई।

महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार 'बच्चा' ने बताया है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग जो वर्षों से जवाहर भवन में स्थित है जहां पर अधिकारियों कर्मचारियों को सभी सुविधा भी मिल रही हैं, और सुरक्षा और आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी भी नही है। सचिवालय बगल मे है, जिससे मीटिंग आदि के लिए बेहतर सुविधा मिल रही है, सरकारी भवन के कारण कोई किराया भी नही देना पड़ता है, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बैठने की भी उचित व्यवस्था है, कर्मचारी जवाहर भवन की सुविधाओं को देखते हुए जाना भी नही चाहता है, यहां पर शिक्षा से जुड़े हजारों छात्र आने-जाने में बेहतर सुविधा मिलती है।

परन्तु उच्च पदों पर बैठे बड़े लोग अनावश्यक रूप से लाखों रूपये में प्रत्येक महीने में खर्च कराकर शासकीय धन का दुरूपयोग कराकर शहीद पथ पर किराये की बिल्डिंग ली जा रही है, जिसका महासंघ कड़ा विरोध करता है।

## वाणिज्य में कर्मचारियों की भारी कमी से जूझता लेसा : पाण्डेय

लखनऊ। कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ कि बैठक एवेरेडी चौराहा स्थित कैम्प कार्यालय में किया गया जिसमें संगठन पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि लखनऊ में पुरानी व्यवस्था के स्थान पर वर्टिकल व्यवस्था लागू किया गया है जिसमें कहां गया था कि वर्टिकल व्यवस्था के तहत 33 के वी/11 के वी एवं एलटी व वाणिज्य के कार्यों की जिम्मेदारी अलग-अलग अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाएगा। जिसके बाद वाणिज्य क्षेत्र जहां वसूली, नये संयोजन देने, नोटिस आदि देने के कार्यों को करने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई जो काफी कम है जिस कारण कार्य समय से पूरा नहीं हो पा रहा है।

# 18 से आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय संगीत सम्मलेन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ शुभारम्भ सत्र में देश के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा पेश करेंगे अपनी मनमोहक गायकी

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष अपार उत्साह, गौरव और भव्यता के साथ मनाने जा रहा है। इस अविस्मरनीय अवसर पर 18 से 20 दिसम्बर तक विश्वविद्यालय के कला मण्डपम सभागार एवं विश्वविद्यालय परिसर में एक त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशिष्ट कलाकार अपनी भव्य और रससिक्त प्रस्तुतियों द्वारा लखनऊ के कला प्रेमियों एवं रसिकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। शुभारम्भ सत्र में देश के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा अपनी मनमोहक गायकी प्रस्तुत करेंगे। सायंकालीन सत्र में नृत्य एवं वादन की स्वरलहरियां दर्शकों को रोमांचित करेंगी। कार्यक्रम में विश्वविख्यात नृत्यांगना पद्मविभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के शिष्यों का विशेष नृत्य-प्रदर्शन होगा। तत्पश्चात विश्वप्रसिद्ध सरोद वादक पद्मविभूषण उस्ताद अमजद अली खान, अयान अली बंगश और अमान अली बंगश के साथ अपनी अद्वितीय सरोद वादन-कला से रसिकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 19 दिसम्बर नृत्य, ताल और नाट्य का संगम। प्रथम सत्र कथक नृत्य को समर्पित होगा, जिसमें कथक जगत के दिग्गज पं. राम मोहन महाराज, पं. जयकिशन महाराज, पं. दीपक महाराज और पं. त्रिभुवन महाराज अपनी साधना और ज्ञान दोनों को छात्रों, शोधार्थियों और अगली पीढ़ी के कलाकारों के साथ साझा करेंगे। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक उस्ताद अकरम खान एकल प्रस्तुति देंगे तथा तबले की बारीकियों पर विशेष चर्चा भी करेंगे। सायंकालीन सत्र नाट्य कला प्रेमियों के लिए समर्पित होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध रंगकर्मी पद्मश्री प्रो. वामन केंद्रे अपने दल के साथ महाकवि भास की संस्कृत रचना मध्यम व्यायोग पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'मोहे पिया' का मंचन करेंगे। अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक श्री संजू सहाय एवं वरिष्ठ कथक नृत्यांगना पद्मश्री शोवना नारायण विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं से अपने अनुभव साझा करेंगे तथा अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों को अभिभूत करेंगे।

# पचास हस्तशिल्पियों को बांटें गए टूल किट

### लखनऊ से अंबेडकरनगर तक चल रहे हस्तशिल्प सेवा केंद्र के कार्यक्रमों से हस्तशिल्पी हुए लाभान्वित

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



प्रदेश में पारंपरिक हस्तशिल्प को नई पहचान दिलाने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 8 से 14 दिसंबर तक मनाए जा रहे 'हस्तशिल्प सप्ताह' के अंतर्गत हस्तशिल्प सेवा केंद्र, लखनऊ द्वारा विविध जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान कारीगरों को न केवल आधुनिक संसाधनों से सशक्त किया जा रहा है, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में ठोस पहल की जा रही है।

हस्तशिल्प सप्ताह की शुरुआत 8 दिसंबर को भिटौली, लखनऊ में हुई, जहां हस्तशिल्प सेवा केंद्र, लखनऊ एवं मे. ग्लोबल फाउंडेशन, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 50 अनुसूचित जाति के जरी-जरदोजी हस्तशिल्पियों को उन्नत टूल किट्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी विनय कुमार सिंह ने स्वयं कारीगरों को टूल किट्स वितरित किए और उन्हें विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और कारीगर बाजार की मांग के अनुसार बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार कर सकेंगे।

मंगलवार को हस्तशिल्प सप्ताह के दूसरे दिन टांडा, अंबेडकरनगर स्थित टांडा हस्तशिल्प उत्पादक कंपनी से जुड़े हस्तशिल्पियों को हस्तशिल्प पहचान पत्र वितरित किए गए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। इसी दिन हस्तशिल्पियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुशल चिकित्सकों द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही कारीगरों को स्वास्थ्य सुरक्षा, बीमा योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से जुड़ी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विनय कुमार सिंह के साथ राकेश कुमार श्रीवास्तव, निदेशक, टांडा हस्तशिल्प उत्पादक कंपनी सहित सैकड़ों की संख्या में हस्तशिल्पी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में नारी शक्ति को मिली नई उड़ान

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ योगी सरकार का आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन पर जोर, आत्मनिर्भर दीदी बना रहीं समृद्ध यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद से ही आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पर जोर दिया है। नारी को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति पर सरकार का जोर है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नारी सम्मान का ऐसा मॉडल बना है, जहां सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से महिलाओं को नई दिशा मिल रही है। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया मॉडल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश है 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है'। 24 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत हर विभाग प्रतिदिन जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस चौपालों से लेकर सड़क रैलियों तक 'सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार' का उद्घोष गूंज रहा है। ग्रामीण-शहरी हर क्षेत्र में व्यापक महिला बीट प्रणाली और एंटी रोमियो स्क्वॉयड के माध्यम से हर महिला को अभूतपूर्व सुरक्षा का कवच प्रदान किया जा रहा है। पिंक पेट्रोल 24७7 उपलब्धता के साथ स्कूल, कॉलेज और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तुरंत पहुंच रहा है। तकनीक का व्यापक उपयोग- 1090, साइबर मॉनिटरिंग सेल और डिजिटल ट्रैकिंग ने स्टॉकिंग, फर्जी अकाउंट्स पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की है। कॉलेजों में साइबर सुरक्षा वर्कशॉप से छात्राओं को सशक्त बनाया जा रहा है। महिला अपराधों में त्वरित जांच से हर पीड़िता को पूर्ण न्याय सुनिश्चित, अभूतपूर्व निस्तारण दर के साथ कठोर सजाएं दी जा रही हैं।

मिशन शक्ति केंद्रों में प्रशिक्षित अधिकारी 3-5 वर्ष तक तैनात रहेंगे। आर्थिक सशक्तिकरण में भी क्रांति आ रही है। ग्राम पंचायतों में बीसी सखी, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन ने बेटियों को नई उड़ान दी है। मिशन शक्ति के साथ ही उज्ज्वला और स्वामित्व योजना ने घर-घर तक सशक्तिकरण पहुंचाया है।

# बेटी से छेड़छाड़ के विरोध में युवक की हत्या

❖ गिरफ्तार महिला ने किया चौंकाने वाले खुलासे अपनी दो नाबालिक बेटियों के साथ मिलके की थी हत्या



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

बीबीडी थाना क्षेत्र अंतर्गत सात दिसंबर की देर रात 33 वर्षीय सूर्य प्रताप सिंह की हुई हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा पुलिस पूछताछ में सामने आया है। कई वर्षों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला ने अपने ही प्रेमी की गला रेत कर हत्या कर दी। 8 दिसंबर की सुबह करीब 9:00 बजे उसने खुद पुलिस को सूचना दी थी कि मैं सूर्य प्रताप सिंह की हत्या कर दी है। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस आसपास के लोगों को मिली हड़कंप मच गया।अब इस हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीबीडी थाना क्षेत्र अंतर्गत सालारगंज में 33 वर्षीय सूर्य प्रताप सिंह अपनी प्रेमिका रत्ना व उसकी दो नाबालिक बेटियों के साथ रहता था। सात नवंबर को देर रात रत्ना नें सूर्य प्रताप सिंह की गला रेत कर हत्या कर दी, इस हत्या में उसकी दोनों नाबालिक बेटियां भी शामिल थी। सूर्य प्रताप सिंह अपने से कई वर्ष बड़ी प्रेमिका के साथ सालारगंज बीबीडी थाना क्षेत्र अंतर्गत रहता था। रत्ना और सूर्य प्रताप दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे। रत्ना की पहली शादी राजेंद्र कुमार के साथ हुई थी रत्ना का पति जनगणना विभाग में काम करता था वर्ष 2012 में रत्ना के पति राजेंद्र की मौत हो गई थी। रत्ना की पहली शादी से दो नाबालिक बेटियां हैं। रत्ना को 35 हजार रुपये पेंशन मिलती थी और वह हाउस वाइफ है। जानकारी के मुताबिक जब रत्ना के पति की मौत हुई थी, तो उसको मोटा पैसा मिला था। जिस जमीन पर मकान बना था वह सूर्य प्रताप सिंह ने अपने पैसे से खरीदी थी और उसकी प्रेमिका के पैसे से उस मकान को बनवाया गया था। पूछताछ में यह बात निकलकर सामने आई है कि इसी मकान को लेकर लगातार दोनों के बीच झगड़ा होता था। रत्ना चाहती थी कि मकान उसके नाम हो जाए जिससे भविष्य में अगर सूर्य प्रताप उसे छोड़े तो मकान उसके पास रहे इसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा होता था। उधर पुलिस पूछताछ में निकलकर यह सामने आया है, कि सूर्य प्रताप सिंह अपनी प्रेमिका की बेटियों पर बुरी नजर रखता था और उन्हें गलत जगह छूता था। जानकारी के मुताबिक यह आशंका जताई जा रही है की प्रॉपर्टी विवाद भी कहीं ना कहीं हत्या का कारण है। लेकिन रत्ना ने जो पुलिस पूछताछ में बताया है सूर्य प्रताप द्वारा उनकी बेटियों को मारा पीटा जाता था, तथा गलत करने की नीयत से बड़ी बेटी से छेड़छाड़ की जाती थी।

पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# डीजीपी ने दिए कड़े निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय पर आज महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में रायपुर में हुई DGP/IGP कॉन्फ्रेंस की संस्तुतियों पर विस्तार से चर्चा की गई और इन्हें प्रदेश में तेजी से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी ने प्रधानमंत्री व गृह मंत्री द्वारा प्रस्तुत Strategic Vision of Policing को जमीनी स्तर पर उतारने पर विशेष बल दिया है और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आईजीआरएस व मुख्यमंत्री जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों को ले कर भी विस्तार से चर्चा की गई है और उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं और साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



**आईजीआरएस व जनसुनवाई में सुधार:** बैठक में आईजीआरएस और जनसुनवाई के निस्तारण की समीक्षा की गई। डीजीपी ने कहा कि पिछले महीनों में जनसुनवाई की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने चौकी स्तर पर समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**साइबर अपराधियों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश:** साइबर अपराध की समीक्षा में बताया गया कि योजनाबद्ध कार्रवाई और प्रशिक्षण के चलते लियन प्रतिशत 17% से बढ़कर 24% तक पहुंच गया है। डीजीपी ने ठउफ्ढ पोर्टल पर शिकायतों की निरंतर मॉनिटरिंग, साइबर ठगों की वित्तीय गतिविधियों पर कड़ी नजर और तकनीकी उपायों से अपराध लागत बढ़ाने पर जोर दिया।जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं में एक माह में 15% की कमी को बड़ी उपलब्धि माना गया। हाईवे पेट्रोलिंग को और प्रभावी करने के निर्देश भी दिए गए।

मिशन शक्ति केंद्र,महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता।

मिशन शक्ति केंद्र की समीक्षा में डीजीपी ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता इस अभियान की मूल शक्ति है। आरक्षियों को गांवों और शहरी मोहल्लों में जाकर महिलाओं को उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए गये हैं।

# नए पार्किंग में खड़े होंगे 235 वाहन

❖ मंत्री सुरेश खन्ना ने किया अमीनाबाद घंटाघर पार्किंग का लोकार्पण



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

अमीनाबाद क्षेत्र में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए नगर निगम द्वारा विकसित किए गए नए पार्किंग स्थल में कुल 235 वाहनों के खड़े होने की क्षमता विकसित की गई है, जिसमें 200 दोपहिया वाहन और 35 चारपहिया वाहन आसानी से पार्क किए जा सकेंगे।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना अमीनाबाद क्षेत्र में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए नगर निगम द्वारा विकसित किए गए नए पार्किंग स्थल का मंगलवार शुभारंभ किया। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। गौरतलब है कि नवंबर महीने में मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा अमीनाबाद स्थित घंटाघर पार्क परिसर का निरीक्षण किया गया था। उस दौरान उन्होंने पार्क में फैले अतिक्रमण और गंदगी को हटाने, स्थान का सौंदर्यकरण करने तथा यहां एक व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए थे। मंत्री जी के निर्देशों का संज्ञान लेते हुए नगर निगम प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पार्किंग परियोजना को निर्धारित समय में पूरा कर लिया।

## लोगो ने चोर को रंगे हाथों पकड़ा मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** कृष्णा नगर क्षेत्र के हरिओम नगर में स्थित एक बैंक्यूट हाल में बीती सोमवार देर रात करीब 1 बजे छत के रास्ते फाल सीलिंग तोड़ कमरों में घुस चोरी कर रहे एक युवक को लोगो ने रंगेहाथों पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि हरिओम नगर में स्थित मां विंध्यवासिनी बैंकयूट हाल में देर रात्रि एक चोर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था और एक पर्स और ब्लूटूथ चोरी कर लिया था अन्य कीमती सामान तलाश करने के दौरान स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया था जिसके कब्जे से पर्स में 28 सौ रुपए बरामद हुए है शातिर चोर ने अपना नाम आयुष पुत्र सुशील बताया है।

# दो दुकानों पर छापा, 155 पैकेट नकली 'जीत बीड़ी' जब्त

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

पारा थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस व कंपनी प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम ने दो दुकानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नकली 'जीत बीड़ी' बरामद की। कार्रवाई कंपनी की शिकायत पर की गई, जिसमें कुल 155 पैकेट डुप्लीकेट जीत बीड़ी जब्त किए गए। पुलिस दोनों दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार, जीत बीड़ी मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी प्रा. लि. (पश्चिम बंगाल) की ओर से अधिकृत गजेन्द्र सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर , ट्विगो फाईंड कंसल्टिंग प्राईवेट ने शिकायत दी थी कि बाजार में जीत बीड़ी की नकली सप्लाई की जा रही है। शिकायत के आधार पर पारा पुलिस के उपनिरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, एसआई सुखसागर पांडेय, कांस्टेबल दिनेश यादव तथा कंपनी प्रतिनिधि सुरेश राठी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की।पहला छापा मोहन रोड स्थित फ्लोरेंस नाइटिंगेल अस्पताल के सामने बांगरमऊ ट्रेडर्स पर डाला गया। पूछताछ में दुकानदार राकेश गुप्ता (56), निवासी राजीव जीपुरम, संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी में दुकान से 69 पैकेट नकली जीत बीड़ी बरामद हुए। इसके बाद टीम ने स्वास्तिक ट्रेडर्स, मोहन रोड पर छापेमारी की। यहां दुकान मालिक मयंक गुप्ता, निवासी रघुनंदन विहार काकोरी मोड़, के प्रतिष्ठान से 86 पैकेट डुप्लीकेट बीड़ी जब्त किए गए। दोनों जगह से बरामद माल को पुलिस थाने लाकर सील किया गया।

कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि जीत बीड़ी की हूबहू नक़ल कर बिक्री करना कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63, 64 सहित अन्य प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध है। पुलिस का कहना है कि जब्त माल की जांच के बाद दोनों दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बैंकयूट हाल में चोरी करते चोर रंगेहाथों पकड़ा गया।

## पहले जानलेवा हमला, अब मिल रही हत्या की धमकियां

**लखनऊ, पारा।** पारा थाना क्षेत्र के बादलखेड़ा निवासी आदित्य मौर्य ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद भी आरोपी लगातार उन्हें और उनके परिजनों को जान से मारने की धमकियाँ दे रहे हैं। पीड़ित के मुताबिक, मामले में एफआई आर दर्ज हुए दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित ने बताया कि दो महीने पहले दुकान से घर लौटते समय क्षेत्र के राकेश, मुकेश, रामू, महेश, सुंदरलाल, अमन, तरुण और ओम नारायण तिवारी ने उन पर हमला किया था। घटना के बाद उनकी तहरीर पर मुकदमा संख्या 692/25 दर्ज किया गया था। आदित्य का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी और अधिक दबंगई दिखाने लगे हैं। वे दुकान के आसपास घूमते हैं, पीछा करते हैं और फोन पर धमकियाँ देते हैं।

## गुरुद्वारा में भरे गये नये निर्वाचन फार्म

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

आलमबाग नटखेडा रोड गोविंद नगर गुरुद्वारा मे कैप लगाकर नये निर्वाचन फार्म व पुराने निर्वाचन संशोधन फार्म भरे गये। पिछले कई दिनों से आलमबाग नटखेड़ा रोड, रामगली, गोविंद गली, नंद नगर, जयप्रकाश नगर और केला गोदाम आदि मोहल्ले में घर-घर जाकर यूवा व्यापारी नेता मनीष अरोड़ा के साथ नटखेड़ा रोड के व्यापारियों द्वारा बीएलओ बूथ लेबल अधिकारियों के सहयोग में मतदाताओं का पंजीकरण फार्म भरवाए जा रहे है। इसी क्रम में सुपरवाइजर आदर्श कुमार गौड ने बताया रविवार से गोबिंद नगर गुरुद्वारा मे नये निर्वाचन फार्म और पुराने निर्वाचन के संशोधन फार्म 6 और 8 भरे जा रहे हैं।

# नए बिजली कनेक्शन में बाधा

❖ व्यापार मंडल पदाधिकारियों से अभद्रता–अवैध वसूली का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

पारा थाना क्षेत्र के हंसखेड़ा में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब विद्युत विभाग की टीम एक आवेदक को नया कनेक्शन देने पहुंची। गायत्रीपुरम हंसखेड़ा निवासी प्रार्थी हिमांशु कुमार गुप्ता ने पारा थाना प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में दो महिलाओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्रार्थी के अनुसार उन्होंने 19 नवंबर 2025 को नया विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, जिसकी संपूर्ण प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। सोमवार 8 दिसंबर 2025 को विभागीय टीम कनेक्शन जोड़ने पहुंची ही थी कि तभी स्थानीय निवासी हिमांशी पत्नी विनोद और उसकी बहन आरती, निवासी–पुरानी काशीराम कॉलोनी, वहां पहुंच गईं।आरोप है कि दोनों बहनों ने प्रार्थी तथा बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और ईंट लेकर दौड़ा लिया, जिसके बाद टीम बिना कनेक्शन दिए लौट गई। घटना की सूचना देने के लिए प्रार्थी हिमांशु गुप्ता और व्यापार मंडल पदाधिकारी हंसखेड़ा चौकी पहुंचे। वहीं, व्यापार मंडल कॉम्प्लेक्स में बैठे पदाधिकारियों–जय सिंह (महामंत्री), सुशील कुमार (पत्रकार), मानसिंह, अमित यादव, कुंवर पाल आदि–का कहना है कि थोड़ी देर बाद हिमांशी और आरती स्कूटी से वहां भी पहुंच गईं और गाली-गलौज शुरू कर दी।

हिमांशु ने आरोप लगाया कि दोनों महिलाएं उनसे तथा व्यापार मंडल पदाधिकारियों से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही हैं। साथ ही बिजली कनेक्शन के नाम पर 80 हजार रुपये की अवैध वसूली की मांग करने का भी आरोप है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि विकलांग पदाधिकारी जय सिंह पर झूठा छेड़छाड़ का आरोप लगाने की धमकी दी गई। व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि दोनों महिलाएं अक्सर उनसे जबरन वसूली का प्रयास करती हैं। घटना से स्थानीय व्यापारियों में रोष व्याप्त है। मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंप दी गई है।

# पारा क्षेत्र में फिर दहशत का माहौल

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

पारा क्षेत्र में एक बार फिर दहशत का माहौल गहराने लगा है। भट्ठा मालिक के दबंग बेटे द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध असलहों का खुलेआम प्रदर्शन किए जाने से क्षेत्रीय शांति पर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल हो रहे वीडियो और फोटोज में युवक को अवैध हथियारों के साथ देखा जा रहा है। हालांकि दैनिक जागरण इन वायरल सामग्रियों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं करता।

सूत्रों के अनुसार, नरेश मौर्या का पुत्र यश मौर्या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हथियारों का दिखावा कर रहा है। इस तरह का प्रदर्शन न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती देता है, बल्कि आम जनता में भय का वातावरण भी पैदा कर रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि वीडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस की लापरवाही पर नाराजगी व्याप्त है। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले पारा क्षेत्र गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला था, जिसके बाद से ही इलाके में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसे में दोबारा हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन होने से जनता के बीच दहशत और बढ़ गई है। सूत्रों का कहना है कि असलहा लहराने वाला आरोपी मूल रूप से तालकटोरा निवासी है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पायनियर, लखनऊ।** जानकीपुरम थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ वशिष्ठ पुरम, जानकीपुरम विस्तार में रहने वाली 18 वर्षीय युवती उपासना शील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही भिटौली क्रॉसिंग चौकी प्रभारी, महिला उपनिरीक्षक एवं पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुँचे और पूरे मामले की पड़ताल की। परिजनों के मुताबिक, उपासना को सोमवार की रात करीब 11 बजे से 12 बजे के बीच तक सामान्य अवस्था में थी। मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे जब परिजन उसके कमरे में गए तो उन्हें पता चला कि उसने पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच के दौरान पता चला कि उपासना मानसिक अवसाद (डिप्रेशन) से जूझ रही थी और उसका इलाज भी चल रहा था। वह महर्षि यूनिवर्सिटी में बीए साइकोलॉजी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। घटना की जानकारी मिलने पर जानकीपुरम पुलिस और एसीपी उत्तरी सैयद अरीब अहमद व फोरहेंसिस टीम मौके पर पहुँचे और निरीक्षण किया। जानकीपुरम थाना प्रभारी विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि मौके पर कोई सुसाइड नोट नही मिला है पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के तहत पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### लड़की भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**पायनियर, माल लखनऊ।** क्षेत्र के एक गांव के युवक ने एक लड़की को बहला फुसला को बीते चार दिसंबर को बहला फुसला कर भगा ले गया था।पीड़ित पिता ने आरोपित के विरुद्ध माल थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाकर आरोपित के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। माल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की थी। जिसमें पुलिस ने लड़की को पहले ही बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था लेकिन आरोपित सालेहनगर पंचायत के मजरे चुकंडिया गांव निवासी रोहित को एक सप्ताह के बाद दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। जिसे अग्रिम कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया।

### साप्ताहिक मंगल बाजार हटाने पहुंची टीम तो मचा हड़कंप

**पायनियर, लखनऊ।** कृष्णा नगर क्षेत्र के बारावीरवा में विगत दस वर्षों से लग रही साप्ताहिक मंगल बाजार को जिला प्रशासन ने अन्यत्र स्थल पर स्थानांतरित करने का आदेश पास कर दिया है । इस आदेश को अमलीजामा पहनाने मंगलवार सुबह पहुंचे टीम को देख साप्ताहिक दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने इसकी जानकारी अपने संगठन के पदाधिकारियों को दी। बता दे क्षेत्र में आसपास मौजूद राजकीय अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल होने के कारण इस बाजार से अतिक्रमण व्याप्त हो जाता था जिसे अन्यत्र स्थल पर स्थानांतरित किए जाने की कार्यवाही कई महीनों से चल रही थी जिसपर अब निर्णय लिया जा चुका है और यह साप्ताहिक बाजार पुरानी जेल रोड ईको गार्डेन में स्थांतरित किए जाने का फैसला लिया जा चुका है। सुबह जब साप्ताहिक व्यापारी दुकानें लगाने पहुंचे तो मौके पर पुलिस बल संग पहुंची नगर निगम जोन 8 की प्रवर्तन टीम ने बाजार न लगाने का फरमान सुना दिया जिससे दुकानदारों में खलबली मच गई। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर ट्रैफिक समस्या से निजात दिलाने के लिए साप्ताहिक मंगल बाजार को ईको गार्डेन स्थल पर स्थानांतरित किए जाने का निर्णय लिया जा चुका है।

### परिचित बने महिला समीक्षा अधिकारी से ट्रांसफर कराए 20 हजार रुपये

**पायनियर, लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक महिला अनुभाग अधिकारी को जालसाजों ने झांसे में लेकर 20 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। कृष्णानगर के नन्दनगर नटखेडा में रहने वाली मनीषा थारू के अनुसार वह बीएसआईपी विभाग में अनुभाग अधिकारी पद पर कार्यरत है। बीते 2 दिसम्बर को वह अपने कार्यालय का कार्य कर रही थी।उस दौरान उनके पास एक काल आया जिसने अंकल बन उनसे बात की और कहा कि आपके पापा को 5 हजार रुपये भेजने है उनके यूपीआई पर पैसे नहीं जा रहा है वह पैसा आपको भेज रहा हूं जिसके बाद उधर से कालर द्वारा 50 हजार रुपए भेजने का मैसेज भेजा गया पुनः उसी नंबर से काल आया और कालर ने कहा कि बेटा गलती से पैसे ज्यादा चला गया है जिसे वह अपनी आंटी और उनकी बेटी के नंबर पर ट्रांसफर कर दे और पैसे ट्रांसफर के लिए नंबर दिए जिस पर महिला कर्मी ने कालर के झांसे में आकर 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए ,लेकिन बाद में उसे अपने साथ धोखाधडी का एहसास हुआ। जिसके पश्चात उसने तुरंत अपने बैंक अकाउंट को सीज करा साइबर सेल कन्ट्रोल नम्बर पर आनलाइन शिकायत करने के साथ स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर सोमवार को आईटी एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हुनर नाइट्स एक्सक्लूसिव ने दी धमाकेदार प्रस्तुति

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**




❖ हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव

आशियाना में चल रहे हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव, लखनऊ के सांस्कृतिक मंच पर मांगलवार को कला, संगीत और नृत्य का अनूठा उत्सव देखने को मिला। माँ गायत्री जनसेवा संस्थान के अरुण प्रताप सिंह और निशू वेलफेयर फ़ाउण्डेशन की गुंजन वर्मा के संयोजन में आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में दिशा प्रगति फ़ाउंडेशन और नाइट्स लखनऊ प्रोडक्शन ने हुनर नाइट्स एक्सक्लूसिव शो की धमाकेदार प्रस्तुतियाँ दी। दिशा प्रगति फ़ाउंडेशन की अध्यक्ष सन्ध्या रावत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ आयोजक अरूण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रणवीर सिंह और हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्वलन कर और सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। गीत नृत्य की प्रस्तुति सोनिया सबरीना ने दी और अंजू रंजन एवं आलोक वर्मा नेकी जुगलबंदी ने ''कभी भुला कभी याद किया'' अंजलि एवं स्वदेश ने ''आ जा शाम होने आयी'' की प्रस्तुति पर सुर बिखेरे। सोनिया और अभिषेक की ''प्यार ने दिल पे मार दी गोली'' और संध्या, मनोज की ''तेरे सिवा न किसी का बनूँगा'' पर प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। हुनर नाइट्स एक्सक्लूसिव युवाओं की प्रतिभा का मंच ग्लैमैक्स नाइट्स लखनऊ प्रोडक्शन ने आयोजित हुनर नाइट्स एक्सक्लूसिव ने महोत्सव के मंच को युवा ऊर्जा से भर दिया। शो के आयोजक एवं प्रोडक्शन हेड तेजस कुमार हैं।

# एक करोड़ दीदियों को बनाना है लखपति: केशव

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/उन्नाव**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है और इस दिशा मे तेजी से कदम बढ़ाये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाकर उसमें तीन करोड़ महिलाओं को जोड़ना है और एक करोड़ दीदियों को लखपति दीदी की श्रेणी में लाना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में गरीबों, वंचितों, महिलाओं के लिए सरकार का खजाना खुला हुआ है। डबल इंजन सरकार डबल रफ्तार से आगे बढ़ रही है। किसानों, महिलाओं व नौजवानों के उत्थान व उन्नयन के लिए सरकार ने बड़े व कड़े कदम उठाए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र मतदाता का मतदाता सूची में नाम रहना नितांत आवश्यक है।

केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को जनपद उन्नाव के विकासखंड बिछिया के ग्राम पंचायत टीकर गढ़ी में शक्ति केंद्र की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों में नई चेतना और नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि सही मतदाता सूची बनाकर लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाना है।

## सूबे में लागू की जा रही वीटीएस प्रणाली

**लखनऊ।** प्रदेश में उपखनिजों के अवैध परिवहन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही लगातार की जा रही है तथा राजस्व वसूला जा रहा है। इसी क्रम में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा उपखनिजों के वैध परिवहन को बढ़ावा देने तथा उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहन स्वामियों, परिवहनकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुये प्रदेश में वीटीएस प्रणाली लागू की जा रही है। वीटीएस प्रणाली लागू किये जाने के लिए सचिव, निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय ने सभी उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहन स्वामियों से आग्रह किया है कि अपने समस्त वाहनों का पंजीयन विभागीय पोर्टल पर कराने व वाहन पर लगे जीपीएस उपकरण ऐसी 140 को विभागीय पोर्टल से इंटीग्रेट कराना सुनिश्चित करें।

## केजीएमयू के डॉ. अजय पटवा सम्मानित



**लखनऊ।** प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय ने चिकित्सा के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। केजीएमयू के डॉ. अजय पटवा को चिकित्सा और शोध के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।डॉ. अजय पटवा को यह सम्मान अमेरिका के प्रतिष्ठित संगठन अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लिवर डिजीज की बैठक में उनके शोध के चयन के बाद प्रदान किया गया। यह दर्शाता है कि उनका वैज्ञानिक कार्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। यह सम्मान अखिल भारतीय पटवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटवा और महामंत्री अशोक पटवा द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. पटवा के निवास पर प्रदान किया गया। डॉ. अजय पटवा को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

# वामा सारथी ने अपोलो अस्पताल के साथ किया एमओयू

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



पुलिस मुख्यालय लखनऊ में वामा सारथी (उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) की अध्यक्षा मीनाक्षी सिंह की पहल पर पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य कल्याण के लिये टाटा वन एमजी एवं अपोलो अस्पताल के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा आयुष विभाग के साथ समन्वय के तहत संयुक्त सहयोग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर वामा सारथी की हेल्थ वर्टिकल की अध्यक्षा डॉ. चेतना गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी डॉ. चारू गाबा, वरिष्ठ एवं अन्य सदस्य शोभा जैन, डॉ. ब्रजरानी स्वर्णकार, डॉ ऋचा चौधरी, निहारिका, आरती वर्मा आदि भी मौजूद रहीं। वामा सारथी की पहल पर गत चार दिसंबर को प्रदेश के सभी 75 जिलों की रिज़र्व पुलिस लाइनों में, आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बदलते मौसम में होने वाले सर्दी-जुकाम, वायरल संक्रमण, बुखार आदि से संबंधित समस्याओं हेतु निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण किया गया, जिसमें प्रदेशभर के 9,822 पुलिस परिवारजन एवं पेंशनर्स लाभान्वित हुए। इसके अलावा प्रदेश के नौ जीलो में वामा सारथी द्वारा कई स्वास्थ्य परीक्षण बाजार मूल्य से विशेष रियायती दरों पर व 10प्रतिशत की छूट पर उपलब्ध कराई गईं। जिसमें 741 पुलिस परिवारजनों एवं पेंशनर्स द्वारा प्राप्त किया गया। वहीं पुलिस परिवार की 40 वर्ष की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण के लिये अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के सहयोग से प्रदेश के 75 जिलों में 5,000 स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड वितरित किए गए हैं।

# स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा जनरल बिपिन रावत का योगदानः ले. जनरल लखेड़ा



❖ गोरखपुर में सैनिक स्कूल और उसमें भी जनरल बिपिन रावत के नाम पर ऑडिटोरियम की सौगात देने के लिए सीएम का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर

सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्घाटन के अवसर पर असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा ने कहा कि सैन्य सेवा के जरिये जनरल बिपिन रावत का देश हित में योगदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा। वह बिना भय अपनी बात रखने वाले बेबाक इंसान थे। उन्होंने कहा कि सैनिक जीवन में भावुकता का रिश्ता बहुत महत्वपूर्ण होता है। जनरल रावत इसे खूब समझते थे। उन्होंने कठोरता और संयम के बीच समन्वय बनाते हुए कभी दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं होने दिया। उन्होंने जो राह बनाई वह सभी सैनिकों के लिए आदर्श और प्रेरक है। उन्होंने गोरखपुर में सैनिक स्कूल और उसमें भी जनरल बिपिन रावत के नाम पर ऑडिटोरियम की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि इस सैनिक स्कूल के परिसर में आते ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर जैसे स्थान पर आने का एहसास हुआ। श्री लखेड़ा ने कहा कि इससे बढ़िया ऑडिटोरियम किसी और स्कूल में नहीं होगा। उन्होंने सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी सफलता ही जनरल बिपिन रावत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जनरल बिपिन रावत ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं पूर्व वायुसेना प्रमुख सेवानिवृत्त एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने कहा कि देश के पहले सीडीएस स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत की स्मृति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सैनिक स्कूल को दिया गया ऑडिटोरियम का उपहार, सदैव स्मरणीय रहेगा। उनकी चौथी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यह योगी जी की तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे जनरल बिपिन रावत के नाम से वर्तमान और भावी पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहेगी। पूर्व वायु लसेना प्रमुख श्री भदौरिया ने कहा कि स्वर्गीय जनरल रावत एक आदर्श सैनिक थे। उनका फोकस देश की तीनों सेनाओं के समन्वय और देश की रक्षा के लिए एकीकृत कार्ययोजना पर था। वह सिर्फ एक श्रेष्ठ युद्ध रणनीति कार ही नहीं थे बल्कि शांति और मानवीय मूल्यों के प्रति भी सजग रहे।

कार्यक्रम को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। संचालन जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन के सचिव मंजीत नेगी और पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत सैनिक स्कूल गोरखपुर के प्रधानाचार्य कर्नल डीएस चौहान ने किया। इस अवसर पर सैनिक स्कूल गोरखपुर के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की पुत्रियों कृतिका और तारिणी रावत को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ला, सरवन निषाद, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता सहित कई पूर्व व वर्तमान सैन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में सैनिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हर वर्ष 8 दिसंबर को जनरल रावत की स्मृति में प्रेरणा दिवस मनाए सैनिक स्कूल

सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर सैनिक स्कूल का यह दायित्व है कि वह प्रत्येक वर्ष 8 दिसंबर को जनरल बिपिन रावत के साथ-साथ देश के लिए शहादत देने वाले अन्य बलिदानियों की शहादत को स्मरण कर उनका नमन करे। इस दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जाए। स्कूल के कैडेटों में राष्ट्रभक्ति और जीवन के उच्च आदर्शों को परिपूर्ण करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हो। उन्होंने आज के कार्यक्रम के लिए जनरल बिपिन फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों और उनकी दोनों पुत्रियों कृतिका व तारिणी रावत का आभार जताते हुए कहा कि किसी भी पुत्री के लिए यह गौरव की बात है कि उसके पिता देश के लिए बलिदान हुए।

# सभी जिलों में 13 को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

❖ मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को अभूतपूर्व सफल बनाने के लिए अधिकतम संख्या में प्री-लिटिगेशन मामलों की पहचान कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश के आमजन को शीघ्र, सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध हो सके। इसका अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जिलों में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि लोक अदालत से एक दिन पूर्व तहसील प्रशासन के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके तथा बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली के दिशा-निर्देशन में अब तक प्रदेश में तीन राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन हो चुका है तथा इनमें उत्तर प्रदेश द्वारा अन्य राज्यों की तुलना में काफी अधिक संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश के न्यायालयों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अधिवक्ता साथियों तथा सभी संबंधित विभागों के सामूहिक एवं सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को अभूतपूर्व सफल बनाने के लिए समयबद्ध एवं सकारात्मक प्रयासों की अपेक्षा की। इस पहले विशेष सचिव न्याय बाल कृष्ण एन. रंजन ने बताया कि 8 मार्च 25 को आयोजित लोक अदालत में कुल 1,08,39,303 मामले, 10 मई 25 को कुल 1,04,80,957 मामले, 13 सितंबर 25 को कुल 1,22,01,543 मामले निस्तारित किए गए। इस प्रकार वर्ष 2025 में अब तक कुल 3,35,21,803 मामलों का सफल निस्तारण किया जा चुका है, जिसमें प्री-लिटिगेशन एवं पेंडिंग केसेज दोनों प्रकार के मामले शामिल हैं।

# सीजीएसटी विभाग ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प

लखनऊ। सीजीएसटी ऑडिट आयुक्तालय लखनऊ जो सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, लखनऊ जोन के क्षेत्रीय नियंत्रण में कार्यरत है ने स्वच्छता कार्य योजना 2025-26 के अंतर्गत एक विशेष परियोजना का शुभारंभ किया। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन, जिसे वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया था, के महत्वपूर्ण घटक 'खुले में शौच-मुक्त, कार्य को समर्थन-ओडीएफ गांव को समर्थन' विषय पर आधारित है। परियोजना के तहत संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र का संपूर्ण कायाकल्प आवश्यक माना गया। इसमें भवन की छत से होने वाले रिसाव की मरम्मत, दीवारों में सीपेज का उपचार, अंदर एवं बाहर नई प्लास्टरिंग, खिड़कियों पर जालियों की स्थापना, मुख्य बरामदे में ग्रिल, गेट लगाना, रंग-रोगन तथा फर्श पर टाइल बिछाने जैसे कार्य शामिल थे। सीजीएसटी ऑडिट आयुक्तालय, लखनऊ ने इस परियोजना को स्वयं अपने संरक्षण में लेकर सभी निर्धारित कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए।


## कार्यालयः ग्राम पंचायत राघवपुर विकास खण्ड मोतिगरपुर, सुलतानपुर

पत्रांक मेमो /आपूर्ति /निविदा /2025-26 दिनाकः 09/12/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राघवपुर विकास खण्ड मोतिगरपुर, सुलतानपुर में वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना अंतर्गत ईंट (प्रथम श्रेणी ) ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सीमेंट, बालू, मोरंग,सरिया, इंटरलाकिंग ईंट आदि निविदा आमंत्रित किया जाता है। शेष नियम व शर्ते योजना गाइड लाइन्स/ग्राम पंचायत के अंतर्गत किए जायेंगे। समस्त सामग्री उपलब्ध निर्धारित कार्य स्थल पर लिया जाएगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से पंचायत भवन तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 387707.00 |

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक आपूर्ति कर्ता विज्ञापन तिथि से दिनांक 17/12/2025 तक कार्यालय पंचायत भवन ग्राम पंचायत राघवपुर विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर में दोपहर 2 बजे तक व्यक्तिगत या किसी अन्य माध्यम पत्राचार द्वारा उपलब्ध करा सकते है। उसी दिन शाम 4 बजे निविदादाताओं के समक्ष निविदा खोली जाएगी।

नियम व शर्ते :

1.आयकर नियमानुसार जमा करना होगा।

2. भुगतान चेक /नेफ्ट के माध्यम से खाते में भेजा जाएगा।

सचिव / प्रधान
ग्राम पंचायत - राघवपुर
विकास खण्ड - मोतिगरपुर
जनपद -सुलतानपुर


# अंतर्देशीय जल परिवहन यूपी के लिए एक नया अवसरः दयाशंकर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अंतर्देशीय जल परिवहन यूपी के लिए एक नया अवसर है। देश में चिन्हित 111 वाटर इनलैंड में से 11 वॉटर इन्लैंड यूपी में है। यूपी में जल का अपार भंडार है। प्राचीन काल से ही जल मार्ग का इस्तेमाल लोग करते आए हैं, जल मार्ग ही आवागमन का मुख्य आधार हुआ करता था।

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने उक्त बातें उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की लखनऊ में आयोजित प्रथम बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सभी प्राचीन शहर नदियों के किनारे बसे हुए हैं जिसका मुख्य कारण जल परिवहन ही था। उन्होंने एक उदाहरण बताते हुए कहा कि भारत की राजकुमारी सुरीरत्ना अयोध्या से कोरिया तक जलमार्ग के माध्यम से ही गई थीं और जिस जहाज से वह गई थीं वह आज भी वहां की म्यूजियम में संरक्षित है। उत्तर प्रदेश में नदियों के साथ-साथ जल के और भी स्त्रोत हैं जैसे बलिया का सूराहाताल एवं गोरखपुर का रामगढ़ ताल जहां पर पर्यटन की दृष्टि से अपार संभावनाएं हैं। परिवहन मंत्री ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए जल परिवहन एक अच्छा विकल्प हो सकता है। वर्तमान में पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना हमारे सम्मुख एक बहुत बड़ा चौलेंज है। ऐसे में जल परिवहन एक सुरक्षित आवागमन का माध्यम बन सकता है क्योंकि जल परिवहन से कार्बन उत्सर्जन न के बराबर होता है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त फ्लोटिंग होटल एवं रेस्टोरेंट के माध्यम से पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने आए हुए विचारकों से आग्रह किया कि यदि पर्सनल इंटरेस्ट के साथ जल परिवहन की दिशा में आगे बढ़ा जाए तो परिवहन के क्षेत्र में हम और बेहतर कर सकते हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा योगदान हो सकता है।


## कार्यालय-नगर पंचायत रूरा, जनपद-कानपुर देहात

संख्या-1713/एन०पी०आर०/ पेयजल योजना / 2025-26 दिनांक- 09/12/2025

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रूरा में राज्य सेक्टर के पेयजल व्यवस्था योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में आवंटित धनराशि से कराये जाने वाले पी०वी०सी० वाटर पाइप लाइन कार्यों हेतु ई-निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल पर दिनांक 11 दिसम्बर 2025 को दोपहर 1:00 बजे से दिनांक 20/12/2025 को दोपहर 3:00 बजे तक उपलब्ध है, जोकि वेबसाइट से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते है तथा प्राप्त ई-निविदाये उसी दिन दिनांक 22/12/2025 को अपरान्ह 3:30 बजे ऑन लाइन कार्यालय नगर पंचायत रूरा में सक्षम अधिकारी द्वारा ऑन लाइन खोली जायेगी। नियम व शर्ते वेबसाइट पर अपलोड है. जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागियों को किया जाना अनिवार्य है। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार हैः-

| E-Bid Reference | Date & Time |
|---|---|
| Tender Release | 11.12.2025 1:00 PM |
| Tender Download Start | 11.12.2025 1:00 PM |
| Bid Submission Start | 11.12.2025 1:00 PM |
| Close of Bid | 20.12.2025 3:00 PM |
| Bid Opening Technical | 22.12.2025 3:30 PM |
| Bid Opening Financial | When Technical Bid Approved |

नोट-1-निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते ई-टेण्डरिंग वेबसाइट व पर उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय दिवस में नगर पंचायत रूरा में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

2- निविदा खोले जाने के समय अवकाश पड़ने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

3- उक्त निविदा के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो तीन दिवस के भीतर कार्यालय दिवस में लिखित रूप में दर्ज करा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रूरा
कानपुर देहात

अध्यक्ष
नगर पंचायत रूरा
कानपुर देहात


# पात्र उपभोक्ताओं तक योजना की जानकारी प्रभावी तरीके से पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा जनपद भदोही के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से पंजीकरण संख्या, शिविरों की व्यवस्था, उपभोक्ताओं की सहभागिता और जागरूकता अभियानों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि पात्र उपभोक्ताओं तक योजना की जानकारी समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पहुंचाई जाए।

शर्मा मंगलवार को भदोही प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार, ज्ञानपुर में जनप्रतिनिधियों और जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में जिले के विकास कार्यों, जनसेवा योजनाओं, सुरक्षा व्यवस्था और चल रहे अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कृषि और पशुपालन से जुड़े मुद्दों पर भी गहन चर्चा हुई। मंत्री ने खाद एवं बीज की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, गौशालाओं में चारे-पानी की स्थिति, चिकित्सा सुविधा तथा ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से पूछताछ की। उन्होंने निर्देश दिया कि शीतलहर के दौरान गरीब, निराश्रित और जरूरतमंद लोगों के लिए राहत उपाय सुनिश्चित किए जाएं। धान क्रय केंद्रों की समीक्षा करते हुए उन्होंने किसानों को भुगतान, तौल, खरीद की पारदर्शिता और केंद्रों के संचालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसान हित सर्वोपरि है और किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो। बैठक में जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने विभिन्न प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मंगालिक ने जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के संबंध में किए गए प्रभावी कार्यों से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। इस बैठक में विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, विधायक भदोही जाहिद बेग, जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा, पूर्व विधायक रविंद्र त्रिपाठी सहित सभी जनप्रतिनिधि तथा समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुबरी घाट आरती स्थल श्रद्धालुओं को समर्पित

❖ कुबरी घाट पर 2.41 करोड़ रुपए की लागत से आरती स्थल की परियोजना लगभग पूर्ण, श्रद्धालुओं को मिलेगा बेहतर अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पर्यटन विभाग ने कौशांबी जिले के सिराथू तहसील स्थित कड़ा धाम के कुबरी घाट को नई पहचान देते हुए आरती स्थल का विकास कार्य लगभग पूर्ण करा दिया है। करीब 2.41 करोड़ रुपए की लागत से तैयार यह परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाएगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि इक्यावन शक्तिपीठों में से एक मां शीतला धाम मंदिर श्रद्धालुओं के प्रमुख आस्था का केंद्र है। यह विकास कार्य उसी श्रद्धा और सुविधा को समर्पित है। मंत्री ने बताया कि प्रदेश कौशांबी जिला धार्मिक पर्यटन मानचित्र का जगमगाता सितारा है। भगवान बुद्ध की भूमि, हिन्दू आस्था का भी बड़ा केंद्र है। कुबरी घाट धार्मिक महत्व से जुड़ा स्थल है। आगंतुकों को धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए आरती स्थल के विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है। सैंकड़ों वर्षों से शीतला धाम कड़ापीठ शक्ति उपासकों का केंद्र रहा है। स्कंद पुराण के अनुसार, देवी सती के शरीर के टुकड़े जहां भी गिरे वहीं एक शक्तिपीठ स्थापित हुआ। कराकोटम जंगल में जिस स्थान पर सती का दाहिना कर गिरा, वही स्थान वर्तमान में कड़ा धाम के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है।

जयवीर सिंह ने बताया कि कौशांबी का कड़ा धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में करीब 14.76 लाख से अधिक पर्यटक जनपद आए, जिनमें बड़ी संख्या मां शीतला के दर्शन करने वालों की थी। राज्य सरकार का प्रयास है कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में कुबरी घाट पर आरती स्थल विकसित कर श्रद्धालुओं को वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

# गोवंश के भरण पोषण के लिए दी गई धनराशि का दुरूपयोग न हो

❖ प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषकों की भागीदारी बढ़ाये जाने के लिए दिया जाये समय-समय पर प्रशिक्षण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोशालाओं के आर्थिक स्वालम्बन के लिए आवश्यक है कि गोवंश पूरी तरह स्वस्थ रहे। इसलिए गोवंश के भरण पोषण का विशेष ध्यान रखा जाए। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रति गोवंश के लिए प्रतिदिन भरण पोषण के लिए 50 रूपये धनराशि की व्यवस्था की गयी है। इस धनराशि का पूरा सदुपयोग किया जाए और इसमें कोई भी अनियमितता या फर्जीवाड़ा न हो।

धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग एवं दुग्ध विकास विभाग की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को और अधिक व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने के प्रयास अधिकारियों द्वारा किये जाए। राज्य सरकार गोसंरक्षण एवं गोआधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु गौ-दुग्ध, गोबर, गोमूत्र के व्यवसायिक उपयोग के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाये जाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, पशु स्वास्थ्य एवं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए संचालित योजनाओं की रीयल टाइम मॉनीटरिंग की जाए। लघु पशु योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। गोआश्रय स्थल के प्रभारी, पशुचिकित्साधिकारी, औषधियों, भूसा एवं अन्य चारा मात्रा तथा गुणवत्ता की निगरानी करते रहें। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुपालकों एवं कृषकों की भागीदारी बढ़ाये जाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाए। किसानों का दुग्ध मूल्य भुगतान समय से हो। दुग्ध उत्पादकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार करके दुग्ध उत्पादन की क्षमता में वृद्धि करने हेतु पीसीडीएफ की पशुआहार निर्माणशाला में निर्मित पशुआहार एवं मिनरल मिक्चर के साथ-साथ दवाओं (डिवार्मिंग, थनैला एवं टिक कन्ट्रोल) के वितरण की कार्यवाही निर्धारित समय में पूरी की जाए। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 7664 दुग्ध समितियां कार्यरत हैं। नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत 2250 समिति गठन का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। पंजीकृत पोर्टल पर 2470 निबंधित समितियां हैं। बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री मुकेश मेश्राम ने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि किसानों और पशुपालकों के हित में जो भी लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं उनको निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाए। किसानों को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान समय से किया जाए और दुग्ध समितियों के दुग्ध उपार्जन की विस्तृत रिपोर्ट दुग्ध संघों से प्राप्त की जाए।


## कार्यालय जिला पंचायत, अमेठी

पंत्राकः 445 / निविदा / नि०अनु०/जि०पं० / 2025-26 दिनांकः- 03-12-2025

**ई-निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-20 में जिला पंचायत अमेठी के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं उत्तर प्रदेश शासन पंचायतीराज अनुभाग-2 के कार्यालय शाप संख्या-1488/33-2-2020-00जी/2000 लखनऊ दिनांक 24 जुलाई 2020 कम में लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवीं वित्त (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) आदि वित्तीय वर्ष 2026-26 एवं 2024-25 की आवंटित / अवशेष धनराशि से जिला पंचायत द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों ने 16 विकास कार्यों हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेवसाइट ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in से दिनांक 18.12.2025 को प्रातः 12:00 अपरान्ह बजे से Upload/Download/ Submit किये जा सकेगें, तथा ऑन लाइन निविदा दिनांक 26.12 2025 को अपरान्ह 11:00 बजे तक Submit की जा सकेंगी, जो उसी दिनांक को गठित निविदा समिति (अ०मु०अ०, वि०प०दा० व अभियन्ता) द्वारा 01:00 बजे अपरान्ह से कार्यालय जिला पंचायत, अमेठी में खोली जायेगी। निविदादाता को अपने समस्त अहे प्रमाण पत्र यथा जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, जी०एस०टी०, श्रम रजि०, टी.-6, निविदा शुल्क व निविदा जमानत की जमा रसीदें व उक्त वर्णित शासनादेश में विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों का वैध पंजीयन प्रमाण पत्रों की स्कैन कापी ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक निविदा के साथ सूची में अंकित कार्यों की लागत की 2 प्रतिशत बयाने की धनराशि नगद रसीद जि०५० अमेठी, राष्ट्रीयकृत बैंकों की एफ.सी.आर./ चाक पर की एन.एस.सी. जो कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत अमेठी के पदनाम से बन्धक होगी तथा निविदा मुल्य की धनराशि नगद (प्रपत्र-5) / डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा गौरीगंज अमेठी में संचालित जिलानिधि खाता- बैंक ऑफ बड़ौदा गौरीगंज अमेठी खाता संख्या-07820100024568, आई०एफ०सी० कोड- BARBOGAURIG में जमा कर, पे ऑर्डर की स्कैन प्रति व प्राप्त ट्राजेक्शन नम्बर को निविदा के समय अपलोड किया जायेगा। अन्यथा की दशा में ई-निविदा पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। ई-निविदा के सम्बना में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्यशील दिवस एवं ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in में प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा की वैधता अवधि 90 दिन की होगी। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

विभाग के सक्षम प्राधिकारी को बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार / अस्वीकार का अधिकार निहित होगा।

| ई-निविदा अपलोड करने की तिथि व समय से | ई-निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय तक | ई-निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक- 15.12.2025 समय अपरान्ह 12:00 बजे से | दिनांक 26.12.2025 समय अपरान्ह 11:00 बजे तक | दिनांक- 26.12.2025 समय अपरान्ह 01:00 बजे से |

निर्माण कार्य व उसके सापेक्ष शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

अभियंता
जिला पंचायत, अमेठी

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, अमेठी

अध्यक्ष
जिला पंचायत, अमेठी

# डीएम नगर क्षेत्र के रात्रि भ्रमण पर निकले, किया निरीक्षण

## रेलवे स्टेशन, बस अड्डा एवं रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा देर रात्रि नगर पालिका परिषद बलरामपुर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी रेलवे स्टेशन, बस अड्डा तथा नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा पहुंचे और वहां उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त कंबल, अलाव, साफ-सुथरी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा जरूरतमंदों को रैन बसेरा में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रमुख सार्वजिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले स्थान पर ठंड में रात न बिताए, यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर मौजूद यात्रियों से वार्ता कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की।

# डीएम की अध्यक्षता में कर-करोत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक संपन्न

बलरामपुर। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करोत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य एवं रसद, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, खनन, परिवहन, मंडी परिषद एवं जीएसटी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवररेटिंग की शिकायतों पर प्रभावी रोक सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने तथा मासिक एवं वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नट समुदाय तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सक्रिय

- नट समुदाय के साथ चौपाल आयोजित

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के निर्देश पर आज उपायुक्त मनरेगा सुशील अग्रहरि, जिला पंचायत राज अधिकारी सुश्री श्रेया उपाध्याय एवं खंड विकास अधिकारी श्रीदत्तगंज द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत कोहली बिनौनी, विकासखंड श्रीदत्तगंज में नट समुदाय के लोगों के साथ चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित किए जाने को सर्वे किया गया।

बताते चले कि घुमक्कड़ प्रवृत्ति के कारण नट समुदाय के कई परिवारों को अब तक मूलभूत योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया था, ऐसे में विशेष अभियान चलाकर परिवारों का सर्वेक्षण किए जाने एवं पात्रतानुसार लाभ दिलाए जाने के निर्देश डीएम द्वारा दिए गए थे, जिसके क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम द्वारा चौपाल लगाकर सर्वे किया गया।

# प्रेम मूर्ति युवा संत सर्वेश जी महाराज का कथा में झूमे श्रोता

**तुलसीपुर**, बलरामपुर। मथुरा बाजार ग्राम सभा के मजरा बनकसिहा गांव स्थित शिवालय परिसर में संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। अयोध्या धाम से पधारे प्रेममूर्ति युवा संत सर्वेश जी महाराज द्वारा कथा कहा जा रहा है। कथा प्रवचन के दौरान संत सर्वेश जी महाराज ने कहा कि जीवन में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिना गुरु के जीवन अधूरा माना जाता है क्योंकि गुरु ही अज्ञान रूपी अंधकार से मानव को प्रकाश की ओर ले जाते हैं। संत सर्वेश जी महाराज ने वर्तमान युवा पीढ़ी को विशेष संदेश देते हुए कहा कि युवाओं के लिए गुरु की शरण ग्रहण करना अत्यंत आवश्यक है। यदि विवाह उपरांत युवा गुरु मंत्र धारण कर ले तो वह सन्मार्ग पर अग्रसर हो सकता है अन्यथा जीवन में भटकाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्वयं भगवान श्रीराम ने भी गुरु वशिष्ठ जी के सानिध्य में रहकर न केवल विद्या अर्जित की बल्कि उत्तम संस्कारों को आत्मसात किया। गुरु वशिष्ठ जी ने श्रीराम को यह शिक्षा दी कि प्रतिदिन प्रातःकाल उठकर माता-पिता और गुरुजनों के चरणों में प्रणाम करना चाहिए। तुलसीदास जी महाराज भी प्रात काल उठि रघु नाथा, मातु पिता गुरु नउहि माथा' के माध्यम से यही संदेश देते हैं। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान रेवती रमन शुक्ल, गोविंद पाठक, भारत शुक्ल, दुबर कसौधन, नानबाबू यादव, बच्चा राम मौर्य आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ऊर्जा मंत्री ने रोहनियां विद्युत उपकेंद्र में लगे बिजली बिल राहत शिविर का किया निरीक्षण

# कैंप लगाकर आमजन तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभः शर्मा

- 173 उपभोक्ताओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने अपने वाराणसी प्रवास के दौरान रोहनियां स्थित विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित बिजली बिल राहत योजना शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में भारी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ रही। उपभोक्ताओं की उपस्थिति यह दर्शाती है की प्रदेश सरकार की यह ऐतिहासिक योजना जनता के बीच तेजी से विश्वास और लोकप्रियता बना रही है। आज के शिविर में कुल 173 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया जो उपभोक्ता हित में चल रही इस योजना की सफलता का महत्वपूर्ण संकेत है।निरीक्षण के दौरान मंत्री शर्मा ने उपस्थित उपभोक्ताओं से संवाद करते हुए बताया की प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना उन लाखों परिवारों के लिए बड़ी राहत है, जिन पर वर्षों से बिजली बिल का भारी बोझ था। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि उपभोक्ता बिना किसी परेशानी के अपने बकाया का निपटारा कर सकें और आगे नियमित एवं सरल बिलिंग व्यवस्था का लाभ प्राप्त कर सकें।ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपील किया की वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने बकाया बिलों को इस अवसर का उपयोग कर समाधान करें। उन्होंने बताया की सरकार ने प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, सरल और जन सुलभ बनाया है ताकि हर पात्र उपभोक्ता तक यह सुविधा आसानी से पहुंचे। उन्होंने बताया की योजना का प्रथम चरण 31 दिसंबर तक है इसमें रजिस्ट्रेशन करने वाले उपभोक्ताओं को ब्याज में 100 प्रतिशत और मूलधन में 25 प्रतिशत तक का लाभ मिलेगा।इसी क्रम में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की वे गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाएं, शिविरों की संख्या बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र उपभोक्ता को जानकारी के अभाव में योजना से वंचित न होना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के हित में लगाए जा रहे इन शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि सेवाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण बनी रहें।श्री शर्मा ने यह भी उल्लेख किया कि बिजली बिल राहत योजना न केवल उपभोक्ताओं को वित्तीय राहत दे रही है बल्कि प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता, विश्वास और सुव्यवस्थित प्रबंधन के नए आयाम भी स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता की बढ़ती भागीदारी यह प्रमाण है कि सरकार की नीतियां सही दिशा में और जनहित में प्रभावी रूप से कार्य कर रही हैं।इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, विद्युत विभाग के अधिकारी,विद्युत उपभोक्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# बैंक एवं वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा के लिए पुलिस का चेकिंग अभियान

पायनियर संवाददाता। सादुल्लानगर



पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में सादुल्लानगर थाना क्षेत्र में स्थित बैंक, डाकघर, जनसेवा केंद्र सहित अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र के प्रमुख वित्तीय संस्थानों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान टीम ने बैंकों के बाहर एवं अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे, फायर अलार्म, सुरक्षा उपकरणों की कार्यप्रणाली की जांच की। साथ ही बैंक परिसर व आस-पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग की गई। पुलिस टीम ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। चेकिंग के दौरान बैंक में मौजूद ग्राहकों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय, अनजान लिंक/कॉल से सावधान रहने तथा गोपनीय जानकारियां साझा न करने की सलाह दी गई। बैंक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी सतर्क रहते हुए हर संदिग्ध व्यक्ति की जांच करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान उप निरीक्षक अरुण यादव, कांस्टेबल ओमकार, कांस्टेबल मिथिलेश सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# केतारपुर ने फाइनल में मारी बाजी



**उतरौला** (बलरामपुर)। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत केतारपुर में चल रहे 'भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट' का फाइनल मुकाबला खेला गया। केतारपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। केतारपुर के तरफ से पहले राजा बाबू और अजय ने बतौर बल्लेबाज़ टीम की कमान थामी। अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अरबाज़ ने 45 रन का योगदान अपने टीम को दिया। इस स्कोर के सहारे केतारपुर ने 149 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। फतेहपुर की टीम से पहले ओवर लेकर शिवम आए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए फतेहपुर की टीम ने बल्लेबाजी शुरू की। बतौर कप्तान शिवम वर्मा और उपकप्तान सुभान ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन देखते ही देखते पूरी टीम 85 रन पर ऑल आउट हो गई। यह मुकाबला दस ओवर का रहा।

मैन ऑफ़ द मैच व मैन ऑफ़ द सीरीज केतारपुर के खिलाड़ी अरबाज़ को चुना गया। मुख्य अतिथि के रूप में संदीप कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा बलरामपुर ने विजेता टीम के कप्तान अरबाज और उपविजेता टीम के कप्तान शिवम वर्मा को पुरस्कृत किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

# एनएचएआई ने चालीस छात्राओं को बांटा साइकिल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और वाराणसी, औरंगाबाद एनएच-2 टोलवे प्रा. लि. ने नैपुरा, डाफी के प्राइमरी स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कम्पोजिट स्कूल सुंदरपुर, प्राइमरी स्कूल नैपुरा (डाफी) और कम्पोजिट स्कूल नवीन की 40 योग्य छात्राओं को साइकिल प्रदान की गईं, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी शिक्षा जारी रख सकें।कार्यक्रम में एनएचएआई के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें विशाल चौहान, आईएएस (मेंबर एडमिनिस्ट्रेशन), एस. राजलिंगम (आयुक्त, वाराणसी मंडल) और एन एल येओतकर, क्षेत्रीय अधिकारी, बिहार, पंकज कुमार मौर्य, क्षेत्रीय अधिकारी,यूपी पूर्व,आर के वर्मा, प्रोजेक्टर निदेशक, पीआईयू सासाराम,आर के वर्मा, परियोजना निदेशक, पीआईयू सासाराम और अरुण कुमार, परियोजना निदेशक, पीआईयू वाराणसी शामिल थे। विशाल चौहान ने कहा की लड़कियों के लिए सुरक्षित और सुलभ आवाजाही सुनिश्चित करना एनएचएआई की समुदाय विकास नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह पहल छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।रोडीज के हेड ऑफ ऑपरेशन्स अश्विनी शर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य केवल सड़क निर्माण नहीं बल्कि समुदायों तक अवसर पहुंचाना भी है। साइकिल दान इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है और इससे लड़कियों में शिक्षा जारी रखने का आत्मविश्वास बढ़ता है।

# दिव्यांग बच्चों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

पायनियर संवाददाता। रेहराबाजार/बलरामपुर



शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार के उच्च प्राथमिक विद्यालय रेहरा में मंगलवार को समेकित शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम करन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समीर सिंह रहे। इनके साथ बीईओ रमेश कुमार वर्मा, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा आभा त्रिपाठी व अवनीश सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार, गैडास बुर्जुग, उतरौला तथा श्रीदत्तगंज के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कुल 131 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा आभा त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों को ट्राई-साइकिल, व्हीलचेयर, रोलेटर, सीपी चेयर, एमएस किट, ब्रेल किट, बैरिंग एंड, सुगम्य केन सहित अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। उपकरण पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

लाभ पाने वाले बच्चों में गुंजा देवी, लवकुश, मोहम्मद शोयब, बुसरा, सचिन, इशरत जहां, नाजिया, नाजरीन, राजाबाबू, रोशनी सहित 131 बच्चे शामिल रहे। इस अवसर पर शिक्षक तालुकदार वर्मा, बिद्याभूषण, रामनरेश, कमलेश कुमार, सुरेश चंद्र, शैलेश कुमार, बिनोद कुमार, तुलसीराम सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# पीएचसी महुवा धनी निर्माणाधीन आधे अधूरे में छोड़कर कार्यदाई संस्था गायब

पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)



पचासों लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ धनी के खिड़की, दरवाजे गायब हो ग ए है। निर्माण अधूरा छोड़कर कार्यदाई संस्था गायब हो गई है। जगह जगह दीवार के टूटे प्लास्टर टूटी दीवारें से गांव वाले इस सरकारी भवन में भूसा रखते हैं।

शासन ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दस वर्ष पूर्व उतरौला तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुआ धनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की मंजूरी दी। इस पर विभाग ने सी एण्ड डीसी विभाग ने निर्माण शुरू किया। कार्यदाई संस्था ने भवन का निर्माण करके उसमें खिड़की दरवाजे लगा दिए लेकिन भवन में बिजली वायरिंग, वाटर सप्लाई पाइप समेत तमाम काम अधूरा छोड़कर चली गई। काम अधूरा छोड़कर जाने कका फायदा चोरों व ग्रामीणों ने खूब उठाया। चोरों ने भवन में लगी खिड़की व दरवाजे को दीवार तोड़कर उठा ले गए। निर्माण कार्य बंद होने से दीवार का क ई भाग गिर गया है। केंद्र के कमरों में भूसा रखने के साथ जानवरों को बांधे जाने का मामला दिखाई पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र के चारों ओर चहारदीवारी होने पर इस केन्द्र पर कोई चौकीदार नहीं है। इससे केंद्र का गेट खुला रहता है। इस केन्द्र पर आने जाने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के प्रभारी डाक्टर सी पी सिंह ने बताया कि भवन का निर्माण काफी वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। केंद्र के भवन निर्माण की जिम्मेदारी जिला मुख्यालय से होती है। विगत दिनों इस केन्द्र के निरीक्षण में इसके अधूरे निर्माण की सूचना जिले पर भेज दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मोबाइल पर फोन करने से उनका मोबाइल बंद मिला।

# सरजू नहर कॉलोनी के निवासियों को नगर पंचायत द्वारा कोई सुविधा नहीं मिल रही

**तुलसीपुर**, बलरामपुर। आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के वार्ड नंबर 14 भावनियापुर में स्थित सरजू नहर कॉलोनी के पीछे कॉलोनियों के निवासियों को सड़क, नाली ना होने के कारण घरों के पास पड़े प्लाट में बरसात का पानी जमा हो गया है और काले रंग की पानी हो गई है तथा दुर्गंध हवा चलने पर घरों में पहुंच जाता है इस पानी में सफाई कर्मियों तथा स्थानीय निवासियों ने घर से निकलने वाले कचरा इसी में फेंक देते हैं जिससे सरकार बदबूदार दुर्गंध देती है और मच्छरों का आतंक बना हुआ है और संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासी मनोज कुमार सिंह, रवि उपाध्याय, कुंवर हिमांशु श्रीवास्तव, राहुल सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, रजनीश शर्मा, राम जी तिवारी, सुरेंद्रनाथ योगी, बृजेंद्र सिंह, रजनीश गुप्ता, केपी आर्य, प्रमोद शुक्ला, पीएन शुक्ला आदि लोगों ने बताया कि हमारे मोहल्ले में 18 फुट चौड़ी सड़क है सैकड़ों लोग घर बनाकर निवास कर रहे हैं दो लाइन आबादी बसी हुई है कॉलोनी की सड़क कच्ची बनी हुई है लेकिन नगर पंचायत प्रशासन द्वारा ना तो सड़क की निर्माण कराई ना ही, वाटर सप्लाई की कनेक्शन भी नहीं कराई गई नहीं मिल रहा है और ना पानी निकासी कोई व्यवस्था की सभी निवासी नगर के मतदाता भी हैं तमाम बार लिखित मौखिक विकास करने की मांग की लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे यह कॉलोनी विकास से कोसों दूर है। निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से सड़क तथा नाली की निर्माण करने की मांग की है।

# अधिवक्ता संघ की बैठक में तहसीली कार्यप्रणाली पर सवाल

**उतरौला** (बलरामपुर)। अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संघ भवन में अध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तहसील अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली पर गंभीर चर्चा की गई। लंबे समय से अधिवक्ताओं और तहसील प्रशासन के बीच चल रहे मतभेदों को दूर करने के उद्देश्य से यह बैठक विशेष रूप से बुलाई गई थी।

बैठक के दौरान यह जानकारी साझा की गई कि उपजिलाधिकारी उतरौला अभय सिंह ने बार संघ अध्यक्ष को पत्र भेजकर अधिवक्ताओं के साथ वार्ता कर सभी समस्याओं के समाधान हेतु संयुक्त बैठक करने का प्रस्ताव दिया है। एसडीएम ने अपने पत्र में स्पष्ट कहा है कि वार्ता ही विवाद के समाधान का सरल और प्रभावी माध्यम है, इसलिए अधिवक्ताओं की समस्याओं को समझने और उचित निर्णय लेने के लिए एक बैठक आवश्यक है। अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बुधवार को संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल तहसील सभागार में तहसील अधिकारियों से मुलाकात करेगा। अधिवक्ता इस बैठक में अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएँ एवं शिकायतें विस्तार से रखेंगे।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को सुरक्षा हेल्पलाइन की दी जानकारी

पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)




कोतवाली उतरौला में मिशन शक्ति फेजझ5 के तहत महिला एवं छात्रा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एम मॉडल पब्लिक स्कूल, उतरौला में छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी शालिनी सिंह, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, हेड कांस्टेबल मेवा लाल, महिला आरक्षी गीतू सिंह, सुषमा सिंह, साक्षी राज, नीतू, आरक्षी अरुणेश पटेल, कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, कांस्टेबल अनुभव सिंह और कांस्टेबल शिवाकांत मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति प्रभारी शालिनी सिंह ने छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता और आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। छात्राओं को विशेष रूप से निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई जिसमें 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 1090 – वूमेन पावर लाइन, 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 – साइबर हेल्पलाइन, 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा, 108 – एंबुलेंस सेवा, 102 – गर्भवती महिला स्वास्थ्य सेवा थी। पुलिस टीम ने छात्राओं को किसी भी प्रकार की भय, छेड़छाड़, उत्पीड़न, साइबर अपराध या संदेहास्पद गतिविधि होने पर तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी। साथ ही, सोशल मीडिया पर अजनबियों से दूरी बनाए रखने और साइबर सुरक्षा संबंधी सावधानियों पर भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया गया, ताकि वे अपने परिवार और समाज में जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता कर सकें।

इसके अतिरिक्त, छात्राओं को कानून के नियमों का पालन करने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी घटना की तुरंत सूचना स्थानीय थाना या मिशन शक्ति केंद्र को देने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि थाना कोतवाली उतरौला में मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर सेल सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जहाँ महिलाओं और छात्राओं की शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है।

उन्होंने सभी छात्राओं से निर्भीक होकर अपनी बात रखने और किसी भी समस्या के समय पुलिस की सहायता लेने की अपील की। स्कूल प्रबंधन ने पुलिस टीम के इस प्रयास की सराहना की और छात्राओं को सुरक्षा व जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 10 दिसंबर 2025



# यूपी बनेगा स्किल्ड मैनपावर का हब: योगी

**गोरखपुर में आईटीआई लोकार्पण के दौरान सीएम योगी ने कहा कि यूपी के युवाओं की प्रतिभा वैश्विक स्तर पर मांग में है, सरकार स्केल को स्किल से जोड़कर रोजगार सृजन कर रही है।**

पायनियर संवाददाता। गोरखपुर




गोरखपुर आईटीआई कॉलेज उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे युवा राज्य है। यहां के युवा अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। इनकी प्रतिभा की मांग देश और दुनिया के कई देशों में है। युवाओं को प्रशिक्षण से जोड़कर प्रदेश को देश और दुनिया के लिए कुशल मानव संसाधन का हब बनाया जाएगा।सीएम योगी मंगलवार दोपहर बाद गोरखपुर के पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के नरकटहा में नवनिर्मित राजकीय आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस आईटीआई का निर्माण पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से 18 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है। इसका संचालन प्रदेश सरकार की तरफ से कराया जाएगा। आईटीआई के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां 55 से 60 फीसदी आबादी कामकाजी यानी युवा है। इस हिसाब से यह सौभाग्य भी है कि यूपी देश का सबसे युवा राज्य है। यहां युवाओं की स्केल है और इस स्केल को स्किल से जोड़ना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को उद्योगों की डिमांड के अनुरूप ट्रेड में ट्रेंड कर रही है। इसके लिए गीडा में नाइलिट की शाखा के माध्यम से ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे कैम्पस सलेक्शन के जरिये यहां के उद्योगों में ही युवाओं का समायोजन होगा। उन्होंने कहा कि पावरग्रिड की तरफ से बने आईटीआई में भी उद्योगों की मांग के अनुरूप ट्रेडों में युवाओं को स्किल्ड बनाया जाएगा।सीएम योगी ने कहा कि सरकार टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर डेढ़ सौ से अधिक आईटीआई को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने का कार्य कर रही है।

**आईटीआई गीडा क्षेत्र की आवश्यकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीआई गीडा क्षेत्र की आवश्यकता है। इससे युवा प्रशिक्षित होगा तो उसे यहां लग रहे उद्योगों में ही नौकरी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि हर नौजवान को रोजगार की गारंटी डबल इंजन सरकार का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने में आईटीआई बनवाकर पावरग्रिड ने भी सहयोग किया है।

**अंतिम पायदान तक पहुंच रहा विकास का लाभ :** सीएम योगी ने कहा कि अब सिर्फ गीडा ही नहीं, धुरियापार तक उद्योग लग रहे हैं। उन्होंने हालिया अपने दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि गोरखपुर शहर जैसे मैरिज हाल अब दक्षिणांचल के गांव-गांव में बने हुए हैं। गांव-गांव में रौनक है यानी विकास अब गांव तक भी पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि आर्थिक विकास का मापक बड़ी हवेली नहीं होती है, बल्कि उसका मानक अंतिम पायदान पर पहुंची विकास की योजनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण गांव में पहुंच रहा विकास इस बात को प्रदर्शित करता है।

**गीडा में पचास हजार युवाओं को मिली नौकरी :**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 8 वर्ष में अकेले गीडा में 12 से 15 हजार करोड रुपये का निवेश हुआ है। इसके माध्यम से लगभग पचास हजार नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिली है। गीडा में वरुण ब्रेवरेज बेवरेज के बगल में ही गीता प्रेस भी आ रहा है, अन्य नए उद्योग लग रहे हैं। गैलेंट व अंकुर उद्योग के साथ अन्य उद्योग भी आ रहे हैं। गैलेंट की सीमेंट फैक्ट्री के अलावा धुरियापार में भी सीमेंट फैक्ट्री लगने जा रही है। पावरग्रिड के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों की सराहना की सीएम ने।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पावरग्रिड के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों की सराहना की। कहा कि पावरग्रिड की तरफ से कि एम्स गोरखपुर में 500 लोगों की क्षमता का विश्रामालय बनाया जा रहा है। बीएचयू के कैंसर हॉस्पिटल और लखनऊ के केजीएमयू में भी विश्रामालय बनवाया गया है। पावरग्रिड ने पीजीआई से टेली कंसल्टेंसी सुविधा के लिए भी पैसा दिया है। पावरग्रिड द्वारा सीएसआर फंड का बेहतर उपयोग किया जा रहा है।

**सीएम योगी के नेतृत्व में हर सेक्टर का हुआ भरपूर विकास : डॉ. संजय निषाद**

राजकीय आईटीआई के लोकार्पण समारोह में प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में हर सेक्टर में भरपूर विकास हुआ है। अच्छे कार्य के बाद भी कुछ शक्तियां नकारात्मक सोच पैदा करती रहती हैं। इनसे सावधान रहकर विकास का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने अपने मत्स्य विभाग की योजनाओं व उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में राज्य का मत्स्य विभाग पूरे देश में सर्वोत्तम प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि दुनिया में फिशरीज का चौथा महत्वपूर्ण रिसर्च सेंटर गोरखपुर में बनाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से स्थानीय स्तर पर फिशरीज के कोर्स और ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाने का अनुरोध किया।

**सीएम योगी ने बदल दी यूपी की दशा और दिशा : प्रदीप शुक्ला**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में यूपी का जितना विकास हुआ है वह अकल्पनीय है। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनकर सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में चौतरफा विकास से प्रदेश की दिशा और दशा बदल गई है। श्री शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में सहजनवा में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग के साथ शिक्षा क्षेत्र का भी सतत विस्तार हुआ है। लोकार्पण समारोह को पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र तृतीय के कार्यपालक निदेशक युगेश कुमार दीक्षित ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, सरवन निषाद, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, पावरग्रिड के निदेशक कार्मिक यतींद्र द्विवेदी, स्वतंत्र निदेशक तपस्या पासवान, कार्यपालक निदेशक सीएसआर जसवीर सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन कराया सीएम ने, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की :** राजकीय आईटीआई के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्हें गोद में लेकर दुलारा और खिलौने, चॉकलेट दिए। मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट व उपहार देकर गोदभराई भी की।

# जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों संग की बैठक, पारदर्शिता पर जोर

- 99.97% प्रपत्र वितरित, एसआईआर अभियान में महराजगंज शीर्ष प्रगति पर

पायनियर संवाददाता। महराजगंज



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में पारदर्शिता और राजनीतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का प्रमुख उद्देश्य मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में प्रभावी समन्वय स्थापित करना था। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद में लगभग 84% गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने 'नो मैपिंग' वाले मामलों पर विशेष चर्चा करते हुए राजनीतिक दलों से अपने बीएलए के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराने और सहयोग बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओझबीएलए बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें एसआईआर में विलोपित नामों को पढ़कर तत्काल आपत्तियाँ दर्ज कराने की व्यवस्था रहेगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने को सभी अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि आगामी दो दिनों में विशेष कैंप आयोजित कर नए मतदाताओं से फॉर्म-06 भरवाया जाएगा, जिसके लिए राजनीतिक दलों से अधिकतम सहयोग का अनुरोध किया गया।

**आंकड़ों की झलक**

जनपद में कुल मतदेय स्थल : 2084
पंजीकृत मतदाता : 19,91,778
प्रपत्र वितरण : 99.97%
फॉर्म डिजिटाइज्ड : लगभग 84%
विभिन्न कारणों से फॉर्म न मिलने वाले मतदाता : 13.78%

# पट्टीदार ने धक्का देकर कूआं में गिराया, मौत

पायनियर संवाददाता। मुबारकपुर (आजमगढ़)



मुबारकपुर थाना क्षेत्र के नीबी बुजुर्ग गांव सोमवार की रात भूमि विवाद को लेकर गाली गलौज हो रही थी। पट्टीदार ने युवक के धक्का देकर कूआ में गिरा दिया, जिससे युवक की मौत हो गयी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच कर कुआ से शव से बाहर निकाली। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के नीबी बुजुर्ग गांव निवासी 50 वर्षीय मंनु यादव का उसके पट्टीदार बहादुर यादव से भूमि को लेकर विवाद चलता है। बहादुर यादव ने विवादित भूमि पर पुआल रख दिया था। जिसे लेकर सोमवार की रात करीब आठ बजे दोनो पक्ष गाली गलौज करने लगे। इस दौरान विपक्षी ने धक्का देकर मंनु को कूंआ में गिरा दिया। इसके बाद अफरा तफरी मच गयी। परिजनो ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम अग्निशमन अधिकारी बनारसी दास नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पुलिस पुलिस की उपस्थिति में मंनु यादव को कूंआ से बाहर निकाला, उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मंनु को एक बेटा और दो बेटी हैं।

घटना के बाद से पत्नी प्रमिला सहित परिवार के लोग रो रो कर बेहाल है। प्रमिला ने पड़ोसियो के विरूद्ध तहरीर दी है, मुबाकरपुर थानाध्यक्ष शशिमौली पांडेय से ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।


## संक्षिप्त समाचार

### अहरौला थाना क्षेत्र की माहुल पुलिस चौकी स्टाफ की कमी से जूझ रही है



**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र की माहुल पुलिस चौकी स्टाफ की कमी से जूझ रही।जिसके कारण के प्रभावी पुलिसिंग न होने के कारण क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहा। पुलिस चौकी क्षेत्र में माहुल कस्बे के अलावा 47 गांव और दो राष्ट्रीकृत बैंक है। क्षेत्र में दो महिला महाविद्यालय एक पॉलिटेक्निक कॉलेज के साथ ही साथ एक दर्जन से अधिक स्कूल और इण्टर कालेज है। इसका पश्चिमी उत्तरी छोर अम्बेडकर नगर जिले की सीमा से सटा है। इस क्षेत्र के पूर्व और दक्षिण में फूलपुर कोतवाली और पश्चिम दक्षिणी पवई थाना क्षेत्र की सीमा है। कहने को तो यहां सात पुरुष और एक महिला आरक्षी तैनात है, पर एक माह से मात्र चार पुरुष आरक्षी ही मौजूद है। बाकी के लोग अन्यत्र ड्यूटी पर भेज दिए गए। माहुल में चिकित्सक पर हुए हमले के तीसरे दिन तीन नवम्बर को पुलिस अधीक्षक द्वारा यहां के चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया था। तब से अभी तक किसी प्रभारी की तैनाती न होने से कार्यवाहक चौकी प्रभारी श्याम कुमार दुबे के द्वारा यहां का कार्य कराया जा रहा। पशु तस्करी और शराब कांड से सुर्खियों में रहने वाले इस अति संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मात्र चार आरक्षियों के भरोसे चल रही। बीट की महिला आरक्षी का तो चेहरा ही नहीं दिखाई देता। संख्या बल की कमी के कारण क्षेत्र में प्रभावी गस्त नहीं हो पा रही और बाजारों में पुलिस कही भी दिखाई नहीं दे रही। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बुढ़नपुर अजय प्रताप सिंह का कहना है कि पुलिस चौकी का निर्माण थाना पुलिस के सहयोग के लिए होता है। कोई घटना होने पर थाने को सूचित करते है उसके बाद थाने की पुलिस पहुंच जाती है। माहुल में स्टाफ की कमी है एक दो दिन में तैनाती हो जाएगी ।

### बाल विवाह मुक्त भारत एवं स्वावलंबन कैम्प की थीम पर विशेष अभियान चलाया गया




**आजमगढ़।** निदेशालय महिला कल्याण उ0प्र0 एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, आजमगढ़ द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में ''जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, आजमगढ़ के स्तर से आज दिनांक 09 दिसम्बर, 2025 को मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत ''बाल विवाह मुक्त भारत'' एवं ''स्वावलंबन कैम्प'' की थीम पर विशेष अभियान चलाया गया। ब्लाक पल्हनी अन्तर्गत जाफरपुर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में डिस्ट्रीक्ट मिशन को-आर्डिनेटर श्रीमती प्रीति उपाध्याय द्वारा उपस्थित छात्राओं व अध्यापिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गयी साथ ही यह भी बताया गया की बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है, जो बच्चियों को उनकी शिक्षा, स्वास्थ व बचपन से वंचित करता है। इस अपराध को रोकने के लिए हम सबको मिल कर प्रयास करना चाहिए। इसके साथ-साथ विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं व सुरक्षा से सम्बन्धित सभी हेल्प लाइन नम्बर यथा 1090, 181 व शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। उक्त कार्यक्रम में विभाग की ओर से हब फॉर इम्पॉवरमेन्ट ऑफ वूमेन के अन्तर्गत कार्यरत डिस्ट्रीक्ट मिशन को-आर्डिनेटर श्रीमती प्रीति उपाध्याय एवं जेन्डर स्पेशलिस्ट श्रीमती अन्नू सिंह उपस्थित रहीं तथा विद्यालय में उपस्थित वार्डेन श्रीमती रीता पासवान एवं अन्य स्टॉफगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने किया ठगी करने वाले साइबर गैंग का भंडाफोड़

पायनियर संवाददाता। आज़मगढ़



यूपी कॉप ऐप से FIR डाउनलोड कर पीड़ितों की जानकारी जुटाकर दफ कोड के जरिए ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गैंग का आज़मगढ़ पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। साइबर सेल और थाना जहानागंज की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश सहित छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, तेलंगाना, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र और ओडिशा तक फैली साइबर ठगी में शामिल पाए गए। आरोपियों से फर्जी पुलिस परिचय पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल और सिमकार्ड भी बरामद हुए, जो इनके हाई-टेक नेटवर्क की पुष्टि करते हैं। मामला तब सामने आया जब बीते 25 दिसम्बर को झौवा, मेहनगर निवासी सविता ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर कॉल कर एक व्यक्ति ने खुद को सिपाही रंजीत बताते हुए कहा कि उनकी लापता लड़की मिल गई है और उसे लेने जा रहे हैं। कॉलर ने तुरंत दफ कोड पर 24,000 रुपये भेजने का दबाव बनाया। भय और जल्दबाज़ी में वादिनी ने किसी तरह 22,000 रुपये भेज दिए, जिसके बाद कॉलर ने नंबर बंद कर दिया। इस पर थाना जहानागंज में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान सर्विलांस और साइबर सेल को महत्वपूर्ण इनपुट मिले, जिसके आधार पर मंगलवार को थानाध्यक्ष जहानागंज अतुल कुमार मिश्रा की टीम ने आज़मगढ़ रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर से दो संदिग्ध व्यक्तियों अंकित यादव और दीनदयाल यादव निवासीगण टीकमगढ़ (मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया ।एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे वढउडढ ऐप से एफआईआर डाउनलोड कर पीड़ितों का नाम-पता निकलते थे। बाद में इंटरनेट के जरिए ग्राम प्रधानों या संबंधित व्यक्तियों के नंबर ढूंढते थे और फिर पुलिसिया दबाव या मदद के बहाने अलग-अलग दफ कोड भेजकर ठगी करते थे। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने दो मोबाइल, एक फर्जी पुलिस आईडी, चार फर्जी आधार कार्ड, एक टूटा जियो सिम और दो टूटे एयरटेल सिम बरामद किए। आरोपियों के मोबाइल में कई जिलों की डाउनलोड त्रक्षफ मिलीं, जिससे इनके संगठित नेटवर्क की पुष्टि होती है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि ठउफद्ध जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह की गतिविधियों से जुड़ी साइबर शिकायतें उत्तर प्रदेश में 15, जबकि छत्तीसगढ़, दिल्ली, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और ओडिशा में 1-1 मामले से लिंक मिलीं । कुल मिलाकर 11 राज्यों में 26 साइबर क्राइम लिंक सामने आए हैं, जो इस गैंग की इंटर-स्टेट सक्रियता को दर्शाते हैं।

# सोनिया गांधी का जन्मदिन 'निष्ठा दिवस' के रूप में मनाया




पायनियर संवाददाता। महराजगंज

- सोनिया गांधी देश की है निष्ठावान नेताः विजय सिंह एडवोकेट
- जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस एकजुटः शरद सिंह बबलू

यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी का जन्मदिन जिला कांग्रेस कार्यालय में 'निष्ठा दिवस' के रूप में जोरदार उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने की। अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी भारत की ऐसी दृढ़निश्चयी नेता हैं, जो पूरे समर्पण से देश की सेवा कर रही हैं और मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ डटकर लड़ रही हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष कपिल देव शुक्ला ने किया।

पूर्व जिला अध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा और वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष शरद सिंह बबलू ने कहा कि सोनिया गांधी की प्रेरणा ही है कि कांग्रेस आज पूरे देश में भाजपा की नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह, नूर आलम व पूर्व चेयरमैन चंद्रजीत भारती ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से संसद तक हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे और विजय प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाते हुए और उनके दीर्घायु की कामना से हुई।

कार्यक्रम में अनुसूचित विभाग अध्यक्ष राम नारायण प्रसाद, जिला महासचिव अफजल अब्बासी, कंट्रोल रूम प्रभारी शेषमणि गुप्ता, विराज वीर अभिमन्यु, नगर अध्यक्ष विजय कांत सिंह, हरिकेश पटेल, सभासद हरिलाल राही, दुर्योधन प्रसाद, दर्शन चौधरी, अश्वनी कुमार पांडे, बचे लाल, दुर्गेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वेंडिंग जोन में सप्ताह में छह दिन दुकानें लगाने का हुआ निर्णय

- मुख्य सड़क को छोड़ पूर्व के भांति दुकान लगाएं दुकानदार : विधायक

पायनियर संवाददाता। बृजमनगंज महाराजगंज



नव निर्मित वेंडिंग जोन में सब्जी व फल की दुकानों को लगाने को लेकर बृजमनगंज नगर पंचायत में माहौल गर्म होता जा रहा है। जहां एक तरफ नगर पंचायत कस्बे को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं व्यापार मंडल द्वारा पटरी व्यवसायियों व सब्जी तथा फल के दुकानदारों को लेकर नगर में ही दुकान लगाने के लिए बैठक भी हो रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार की दोपहर व्यापार मंडल ने भी कांग्रेस विधायक वीरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में एक बैठक व्यापारियों संग किया। जिसमें व्यापारियों की समस्याओं के सुनने के बाद विधायक ने कहा कि वह उनके साथ है। उन्होंने व्यापारियों से मुख्य सड़क को छोड़ कर पूर्व के भांति दुकान लगाने के लिए कहा।

उन्होंने ने कस्बे में घूमकर स्थिति का जायजा लिया। जबकि दूसरी ओर नगर अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने भी व्यापारियों के संग बैठक किया।

जिसमे व्यापारियों के समस्याओं को सुनने के बाद सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि सप्ताह में सोमवार से शनिवार तक वेंडिंग जोन में ही सब्जी व फल की दुकान लगाई जाएगी। सप्ताहिक बाजार रविवार को पूर्व की भांति सभी व्यवसाई दुकान लगाएंगे। ठेला व अन्य वाहनों से सामान बेचने वालों को छूट हैं लेकिन वह पटरी या सड़क पर रोककर दुकान नही लगाएंगे। साथ ही रेलवे की भूमि होने के कारण रेलवे स्टेशन रोड़ पर लगने वाली दुकानों पर नगर पंचायत कोई आपत्ति नही करेगा। इसके साथ ही मुख्य सड़क पर सब्जी व फल की दुकानें नहीं लगेंगी। जिस पर उपस्थित व्यापारियों ने सहमति व्यक्त किया।

मुख्य सड़क को इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जयसवाल, संरक्षक दिलीप चौधरी, विनोद जायसवाल, बबलू जायसवाल, विष्णु जायसवाल, महेश, शैलेंद्र कसौधन, अनूप कसौधन, संदीप कसौधन, शंकर दयाल कसौधन, शिवम, मोहित, राहुल, गोविंद वर्मा,साबिर अली, रवि वर्मा, सिद्धांत सिंह, मोहित वर्मा, कोटेदार अब्दुल सलाम, शाकिर अली, श्याम अग्रवाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनसीसी प्रशिक्षण का हुआ समापन

**सिसवा बाजार, महाराजगंज।** क्षेत्र के परमहंस पाल पीजी कॉलेज गुरली में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हो गया। दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 23 विद्यालयों के 638 कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी विद्यालयों को अल्फा, ब्रेवो,चार्ली, डेल्टा टीम में बाटा गया।जिसमें दस दिन तक चले सभी प्रतियोगताओं के आधार पर चार्ली कंपनी ने ओवर आल चैंपियन ट्राफी जीता जबकि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर को अपने दमदार प्रदर्शन हेतु सर्वोत्तम विद्यालय की ट्राफी से सम्मानित किया गया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर बेस्ट कैडेट की ट्रॉफ़ी जूनियर कैडेट बॉयज़ में विष्णु को ,जूनियर कैडेट गर्ल्स में सोनी को और सीनियर कैडेट बॉयज़ की ट्रॉफी विकास यादव ५ सीनियर कैडेट गर्ल्स के साथ साथ ओवरऑल बेस्ट कैडेट की ट्रॉफी कैडेट खुशी गुप्ता को प्रदान की गई। अल्फा, ब्रेवो, चार्ली,डेल्टा टीम के मध्य हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के चयनित कैडेट्स को ट्राफी ,गोल्ड और सिल्वर मेडल से कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह ने सम्मानित किया।

# महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का आयोजन आज

पायनियर संवाददाता। गोरखपुर

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह का मुख्य महोत्सव बुधवार 10 दिसंबर को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम बालापार रोड पर भव्य रूप से आयोजित होगा। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।समारोह में परिषद से जुड़ी संस्थाओं के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रतिभाओं को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के हाथों स्वर्ण पदक और सम्मान प्राप्त होगा। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ संस्था, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी भी चयनित कर सम्मानित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान परिषद के स्मृतिशेष अध्यक्ष स्व. प्रो. यूपी सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित पुस्तक जीवन के साधना पथ का गृहस्थ सन्यासी प्रो. उदय प्रताप सिंह एवं जीवन मूल्य' का विमोचन भी किया जाएगा। यह पुस्तक शिक्षा जगत में प्रो. सिंह के योगदान और उनके जीवन मूल्यों को उजागर करेगी।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना वर्ष 1932 में पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के उद्देश्य से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने की थी। तब से परिषद शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयाँ हासिल कर रही है। परिषद की संस्थाएँ आज भी पूर्वांचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक मानी जाती हैं।इससे पूर्व 4 दिसंबर को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की थी। उस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में परिषद की उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया था।10 दिसंबर को आयोजित मुख्य महोत्सव प्रातः 9.30 बजे आरंभ होगा। इस दौरान शिक्षा परिषद की उपलब्धियों का उल्लेख किया जाएगा और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षाविद्, विद्यार्थी और गणमान्यजन शामिल होंगे।93वें संस्थापक सप्ताह का यह आयोजन न केवल परिषद की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि शिक्षा जगत के प्रति समाज की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय का आरोग्यधाम इस अवसर पर शिक्षा, संस्कृति और परंपरा का संगम बनेगा।

**खास-खास**

**कार्यक्रम की विशेषताएँ**

**अध्यक्षता :** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
**मुख्य अतिथि :** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह
**विशिष्ट अतिथि :** परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं शिक्षाविद

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 10 दिसंबर 2025



# मुक्त विवि से लें कला, संस्कृति व विरासत कार्यक्रमों में प्रशिक्षण

❖ सांस्कृतिक संबंधों के विकास के लिए रूट्स दो रूट्स से हुआ करार

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज से जुड़कर शिक्षार्थी अब भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत कला, संस्कृति तथा विरासत से संबंधित कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। ऑनलाइन भारतीय प्रदर्शन कलाओं की कक्षाएं शुरू करने के लिए सोमवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद नई दिल्ली और रूट्स दो रूट्स ने हाथ मिलाया। एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौते के अंतर्गत मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सत्यकाम की उपस्थिति में इस समझौते पर रूट्स दो रूट्स के संस्थापक राकेश गुप्ता और यूपीआरटीओयू के रजिस्ट्रार कर्नल विनय कुमार द्वारा हस्ताक्षर किए गए। मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सत्य काम ने बताया कि इस ऐतिहासिक सहयोग का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भारत की महान संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय छात्रों और दुनिया भर के भारतीय प्रवासियों के लिए भारतीय प्रदर्शन अथवा निष्पादन कलाओं की लाइव, इंटरएक्टिव ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रो संजय सिंह को नोडल अफसर नामित किया है। यह समझौता भारत के नवाचार और



रचनात्मकता के माध्यम से वैश्विक सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रस्तावित कला विधाएँ कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, तबला, हारमोनियम, हिंदुस्तानी वोकल, कठपुतली निर्माण, रंगोली, मधुबनी कला, मेंहदी और बॉलीवुड नृत्य आदि हैं।

आईसीसीआर के सहयोग से विगत वर्षों में रूट्स दो रूट्स ने कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, कठपुतली निर्माण, रंगोली और मधुबनी कला में प्रायोगिक कक्षाएं संचालित कीं। इन कक्षाओं के को लिए दुनिया भर में मिले उत्साह और प्रतिक्रिया ने इस पहल को दिशा दी है, जो अब एक वर्षीय पाठ्यक्रम में परिणत हो गई है, जिनमें सफल शिक्षार्थियों को डिप्लोमा कोर्स किया जाएगा। कुलपति प्रो सत्यकाम ने भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में विश्वविद्यालय की भूमिका पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह पहल भारत की अनोखी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है और यह दुनिया के साथ साझा करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। प्रत्येक कला विधा के भारतीय विशेषज्ञ, जो अपनी महारत और समर्पण के लिए प्रसिद्ध हैं, इन कक्षाओं का नेतृत्व करेंगे। ये कक्षाएं अंग्रेजी में संचालित होंगी और 125 विश्व भाषाओं में उपशीर्षक के साथ प्रस्तुत की जाएंगी, ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी अपनी चुनी हुई भाषा में निर्देशों को आसानी से समझ सकें। कक्षाएं रूट्स दो रूट्स द्वारा तैयार विशेष सॉफ़्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी, जिसमें मल्टी कैमरा शूट और प्रतिभागियों के साथ रियल टाइम संवाद सुनिश्चित किया जाएगा। इस नवाचार के प्रमुख पहलुओं के अंतर्गत आईसीसीआर वैश्विक स्तर पर प्रतिभागियों को जोड़ने और प्रचारित करने के लिए अपने भारतीय मिशनों और उनके आईसीसीआर केंद्रों का उपयोग करेगा। रूट्स दो रूट्स अत्याधुनिक कैमरा, प्रोफेशनल साउंड सिस्टम और इंटरएक्टिव सॉफ़्टवेयर के साथ कक्षाओं का प्रबंधन, संचालन और दस्तावेज़ीकरण करेगा तथा यूपीआरटीओयू छात्रों का मूल्यांकन करेगा और सफल परीक्षार्थियों को डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान करेगा।

## उम्रकैद भुगत रहे हत्या आरोपियों की सशर्त जमानत मंजूर

❖ सजा निलंबित, आधी जुर्माना राशि एक माह में जमा करने पर शेष की वसूली पर रोक

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा भुगत रहे सातों आरोपियों उमाशंकर पासवान, राजू पासवान, संजय पासवान, संतोष पासवान, सत्य नारायण पासवान, दीपचंद्र पासवान और गोविंद पासवान की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। न्यायालय ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की शीघ्र सुनवाई की उम्मीद नहीं है। इसलिए याचीगण जमानत पाने के हकदार हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ तथा न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने याची की अधिवक्ता रश्मि खिलवानी को सुनकर पारित किया है। याचीगण कै खिलाफ थाना पुरन्दरपुर, महाराजगंज में एफआईआर दर्ज की गई थी। सत्र न्यायालय ने अपराध का दोषी मानते हुए उम्रकैद सहित अन्य सजा सुनाई है।शिकायतकर्ता के घर के सामने गांव सभा की जमीन है। जिस पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई।अभियुक्तों पर आरोप है कि लाठी, बल्लम तथा अन्य हथियारों से लैश होकर जमीन पर 28 जून 2012 को दोपहर साढ़े 12 बजे कब्जा करने की कोशिश की। याची का कहना था मुख्य आरोपी झिनक पासवान है, जिसकी विचारण के दौरान मौत हो चुकी है। याचियों की भूमिका स्पष्ट नहीं है। वह 06 जनवरी 24 से जेल में बंद है। सजा के खिलाफ अपील की शीघ्र सुनवाई होने की संभावना नहीं है। न्यायालय ने कहा कि इस कोर्ट में रोज सौ केस लगते हैं, जिनका तय हो पाना संभव नहीं है।

निकट भविष्य में इस अपील की सुनवाई की संभावना नहीं है। कोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर करते हुए अपील का पेपर बुक तैयार करने का निर्देश दिया है और रिहा होने के एक माह के भीतर आधी जुर्माना राशि जमा करने तथा शेष की वसूली पर रोक लगा दी है। साथ ही सजा को निलंबित कर दिया है।

## वी सोमन्ना ने तिरुपति साईनगर शिरडी एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

❖ तीर्थयात्रा पर्यटन, आर्थिक गतिविधि और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए नई ट्रेन

❖ भारतीय रेलवे विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों को जोड़ती है और देश की जीवन रेखा का काम करती हैः वी सोमन्ना

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने आज नई दिल्ली स्थित रेल भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तिरुपति साईनगर शिरडी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।तिरुपति साईनगर शिरडी एक्सप्रेस की शुरुआत से चार राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और कई दूरगामी लाभ होंगे। यह आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तटीय क्षेत्र से शिरडी के लिए श्रद्धालुओं के लिए पहली सीधी ट्रेन सेवा शुरू करती है। भारत के दो सबसे प्रमुख तीर्थस्थलों, तिरुपति



और शिरडी को सीधे जोड़कर, यह सेवा तीर्थयात्रियों की सुविधा को बढ़ाती है। नई ट्रेन से तीर्थ पर्यटन को बढ़ावा मिलने, मार्ग पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, यह यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और परेशानी मुक्त अंतर-राज्यीय यात्रा का विकल्प प्रदान करती है, जिससे तीर्थयात्रियों के समग्र रेल यात्रा अनुभव में सुधार होगा। एक नई साप्ताहिक ट्रेन तीर्थयात्रियों को लगभग 30 घंटे की यात्रा समय के साथ एक निर्बाध यात्रा प्रदान करेगी। वी सोमन्ना ने तिरुपति साईनगर शिरडी एक्सप्रेस के शुभारंभ को चार राज्यों के श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल न केवल एक परिवहन माध्यम है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों को जोड़कर देश की जीवन रेखा भी है। वी सोमन्ना ने कहा कि तिरुपति और शिरडी अब एक सीधी ट्रेन से जुड़े हुए हैं, जिसके 31 स्टॉप नेल्लोर, गुंटूर, सिकंदराबाद, बीदर, मनमाड आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवा तीर्थ पर्यटन, संपर्क को बढ़ावा देगी और मार्ग तथा आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यह नई ट्रेन महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक और सिकंदराबाद से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। अपने मार्ग में यह एक महत्वपूर्ण शिव मंदिर परली वैजनाथ को भी जोड़ेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2014 के बाद से आंध्र प्रदेश में रेल अवसंरचना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।आंध्र प्रदेश सरकार के सड़क और भवन, बुनियादी ढांचे और निवेश मंत्री बी सी जनार्दन रेड्डी गारू इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### सभी स्कूलों की प्रार्थना में शामिल किया जाए राष्ट्रगीत वंदे मातरम

**प्रयागराज।** प्रयागराज अधिवक्ता संघ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत को स्कूलों की प्रार्थना में अनिवार्य करने की मांग की है और कहा है कि वंदे मातरम गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय चेतना जगाई और देश को एकजुट किया। इस गीत को गाकर क्रांतिकारी हंसते हुए फांसी पर झूल गए। संघ ने प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार से अधिसूचना जारी कर गीत को सभी स्कूलों, मदरसों व कान्वेंट स्कूलों में प्रार्थना में अनिवार्य करने की मांग की। हाईकोर्ट परिसर में हुई संघ की बैठक की अध्यक्षता नरेंद्र कुमार चटर्जी व संचालन महासचिव राजेश त्रिपाठी ने किया। श्री चटर्जी ने कहा बंकिमचंद्र चटर्जी के कृतित्व आनंदमठ का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका रही है। कांग्रेस के अधिवेशन कलकत्ता में 1858 में रवींद्र नाथ टैगोर ने वंदे मातरम गीत पहली बार गाया था।

## सम्पूर्ण वंदे मातरम गान समारोह 16 को

❖ मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और

❖ पद्म श्री डॉ सोमा घोष होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज



राष्ट्रगीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रयागराज में सामूहिक सम्पूर्ण वंदे मातरम् गान समारोह का भव्य आयोजन 16 दिसंबर को होगा। सांस्कृतिक एवं नैतिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज और हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में विजय दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कॉलेज, प्रयागराज में सुबह साढ़े दस बजे आयोजित होगा। कायस्थ पाठशाला, प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष डा सुशील सिन्हा, हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संयोजक अमरनाथ और संयोजक डा संजय शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम नई पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम, सांस्कृतिक गौरव एवं भारतीय अस्मिता के भाव को सुदृढ़ करने हेतु एक प्रेरणादायी पहल के रूप में होगी।

### अकबरपुर पुलिस का व्यापक चेकिंग अभियान संदिग्धों पर कसा शिकंजा

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने नगर क्षेत्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश दिया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने पुरानी तहसील क्षेत्र सहित प्रमुख स्थानों पर वाहनों की जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी ली। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाना और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा उपयोगी रूप से बढ़ाना बताया जा रहा है।

## लापता बेटे की तलाश में 21 नवंबर से भटक रही है मां, बैठी धरने पर



**अंबेडकर नगर।** अकबरपुर कलेक्ट्रेट के निकट अंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में एक मां अपने 14 वर्षीय लापता बेटे की खोज की मांग को लेकर धरने पर बैठ गई है। उसके आंसुओं और दर्द भरे सवालों ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आलापुर तहसील के सरफुद्दीनपुर गांव निवासी सूर्यभान विश्वकर्मा का बेटा हिमांशु विश्वकर्मा (14) बीते 21 नवंबर से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब है। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर हर जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर थाने में सूचना दी। मां का कहना है कि वह थाना कोतवाली से लेकर मुख्यमंत्री के जनता दर्शन तक बेटे की तलाश में गुहार लगाकर आईं, लेकिन हर जगह सिर्फ आश्वासन ही मिला। उनके शब्दों में ''मेरा बच्चा कहां है, कोई नहीं बता रहा। पुलिस सिर्फ बहाना बना रही है। अब जब तक डीएम साहब ठोस आश्वासन नहीं देते, तब तक धरना जारी रहेगा।

## 11 दिसंबर तक सभी लोग अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को कराएं उपलब्ध : जिलाधिकारी




❖ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अंतर्गत जन जागरूकता हेतु कैंप लगाकर, हेल्प डेस्क, माइक अनाउंसमेंट आदि के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता। जौनपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य तीव्र गति से संचालित किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर समस्त कार्य पूर्ण कराने हेतु सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं और वे स्वयं भी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा कर रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विधानसभा क्षेत्रों में वार रूम की स्थापना कर व्यापक स्तर पर डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ के सहयोग हेतु शिक्षकगण, पंचायत सहायक, लेखपाल भी लगाए गए है।

हेल्प डेस्क तथा कैंप लगाकर लोगों को गणना प्रपत्र भरने में सहयोग किया जा रहा है। माइक अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को 11 दिसंबर 2025 से पूर्व गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को देने अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्रपत्र भरने हेतु जागरूक किया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर की स्थापना की गई है।

जिलाधिकारी ने सभी से अपील किया है कि ईन्यूमरेशन अवधि 11 दिसंबर 2025 तक अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को अवश्य दे दें अथवा ऑनलाइन आवेदन कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता अवश्य सुनिश्चित करें।

## सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण, अस्पताल को प्रतिदिन 6 हजार की बचत

पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर

जिला अस्पताल में 375 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉप सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण गुरुवार दोपहर 12:30 बजे सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडेय एवं जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा किया गया। इस सौर ऊर्जा संयंत्र के शुरू होने से अस्पताल को प्रतिदिन बड़ी मात्रा में विद्युत बचत होने की उम्मीद है।

यह परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से क्रियान्वित की जा रही राज्य सरकार की योजना का हिस्सा है। योजना के अनुसार 25 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले सभी सरकारी भवनों पर यूपी नेडा द्वारा अनुबन्धित फर्म के माध्यम से सोलर प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। योजना के तहत 25 से 200



किलोवाट क्षमता तक की स्थापना पर वेन्डर द्वारा 4.90 रुपये प्रति यूनिट की दर से शुल्क लिया जाता है। 200 किलोवाट से अधिक क्षमता होने पर यह दर 4.85 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित है। सोलर प्लांट से प्रति किलोवाट औसतन 4 से 5 यूनिट बिजली का उत्पादन संभव होता है। इसी आधार पर 375 किलोवाट प्लांट से प्रतिदिन लगभग 1800 यूनिट बिजली उत्पन्न होगी। इससे अस्पताल को प्रतिदिन करीब 15,000 रुपये की बिजली बचत होगी। निर्धारित दर पर वेन्डर को लगभग 9,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा, इस प्रकार प्रतिदिन लगभग 6,000 रुपये की शुद्ध बचत होगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस परियोजना के लिए चिकित्सालय या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को किसी भी प्रकार की पूंजीगत धनराशि वहन नहीं करनी पड़ी। पूरा खर्च अनुबंधित फर्म द्वारा वहन किया गया है। पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी यह परियोजना लाभदायक है। सौर ऊर्जा संयंत्र के संचालन से प्रतिदिन लगभग 1593 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल न केवल ऊर्जा बचत बढ़ाएगी, बल्कि सरकारी संस्थानों में ग्रीन एनर्जी के उपयोग को भी बढ़ावा देगी।

## रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने से घंटों जाम, आमजन परेशान

पायनियर संवाददाता। जफराबाद जौनपुर

जौनपुर से जफराबाद जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों जाम की समस्या से जूझ रहा है। यह समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि आमजन को रोजाना घंटों सड़क पर खड़ा रहना पड़ता है। विशेषकर मरीजों तथा छात्र-छात्राओं को समय पर अस्पताल व विद्यालय पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्थिति दिनों-दिन और बिगड़ती जा रही है, जिससे क्षेत्रीय जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

बताया जाता है कि उत्तर रेलवे की मुख्य लाइन जफराबाद जंक्शन से होकर सुल्तानपुर की ओर जाती है। इस मार्ग पर फास्ट, सुपरफास्ट, पैसेंजर और मालगाड़ियों का



लगातार संचालन होता है, जिसके कारण रेलवे क्रॉसिंग अधिकतर समय बंद रहती है। क्रॉसिंग बंद होने के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और जाम का आलम यह होता है कि कई बार लोगों को आधा से एक घंटा तक इंतजार करना पड़ता है। आपात स्थिति में मरीजों को लेकर हॉस्पिटल जा रहे वाहन भी फंस जाते हैं, जिससे इलाज में देरी होने का खतरा बढ़ जाता है। छात्रों के देर से विद्यालय पहुंचने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवरब्रिज निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते वाराणसी जाने वाला मुख्य मार्ग बाधित हो चुका है। परिणामस्वरूप सभी भारी और हल्के वाहन नाथूपुर रेलवे क्रॉसिंग होकर गुजर रहे हैं, जिससे वहां भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वाहन चालकों का कहना है कि वैकल्पिक मार्ग या अस्थायी प्रबंध न होने के कारण परेशानी बढ़ गई है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द वैकल्पिक रूट, ट्रैफिक व्यवस्था तथा ओवरब्रिज निर्माण कार्य को गति प्रदान की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाह के लिए ट्रस्ट ने किया आर्थिक सहयोग



**बदलापुर/जौनपुर।** बदलापुर क्षेत्र के ग्राम लेंदुका निवासी मुन्नू सैनी की सुपुत्री कुमारी ज्योति का विवाह बुधवार को होना सुनिश्चित है। परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण होने के कारण विवाह में परेशानियां आ रही थी। विधायक रमेश चंद्र मिश्रा (बदलापुर) द्वारा जन सेवा संकल्प ट्रस्ट ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया । इस पुनीत कार्य से परिवार को अत्यंत राहत मिली है। ग्रामवासियों एवं परिजनों की ओर से विधायक तथा ट्रस्ट परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया है ध्इस अवसर पर जनसेवा संकल्प ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अंकुश सिंह कोषाध्यक्ष योगेश पाण्डेय सदस्य सुरेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### प्रमाण पत्र लेने गये छात्र की पिटाई

**जौनपुर।** नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के टीडी कॉलेज परिसर के अंदर फीस काउंटर पर बीते सोमवार को चरित्र प्रमाण पत्र लेने गये एक छात्र को कुछ मनबढ़ युवकों नें मारपीट कर घायल कर दिया। घायल छात्र की तहरीर पर थाना पुलिस नें चार अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना क्षेत्र के वाजिदपुर दक्षिणी निवासी बी.कॉम प्रथम वर्ष का छात्र मेराज आलम पुत्र इक़बाल आलम सोमवार को टीडी कॉलेज के फीस काउंटर पर चरित्र प्रमाण पत्र लेने गया था। चरित्र प्रमाण पत्र लेकर निकलते समय लाइन में लगे कुछ युवकों से कहासुनी हो गयी। इसके बाद युवकों ने नुकीली वस्तु से सिर, पेट, पीठ में वार करके घायल कर दिया। थानाध्यक्ष सतीश सिंह ने बताया कि चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है।

### प्रेमी संग आर्य समाज मन्दिर में रचायी, प्राथमिकी दर्ज

**केराकत, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के जनता पीजी कालेज की 20 वर्षीय छात्रा अनामिका दुबे निवासी केराकत जनपद जौनपुर ने अपने प्रेमी अमन त्रिपाठी निवासी चुनार जनपद मिर्जापुर से आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया। घटना बीते 3 दिसत्बर की है जो संयोग से लड़की का जन्मदिन भी था। परिजनों के अनुसार अनामिका रोजाना की तरह कॉलेज के लिये निकली थी लेकिन घर वापस न लौटने पर परिजन चिंतित हो गये और तलाश शुरू किये। इसी दौरान जानकारी मिली कि अनामिका अपने प्रेमी अमन के साथ मंदिर पहुंचकर विवाह कर चुकी है। परिजनों ने उसी दिन स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। परिवार का कहना है कि लड़की अचानक घर से निकल गयी जिसके चलते उन्हें किसी तरह की अनहोनी की आशंका हुई। समाज के सामने वीडियो के माध्यम से लड़की ने अपना बयान सोशल मीडिया पर डाला हुआ है। उधर विवाह के बाद सामने आये अनामिका और अमन ने बताया कि उन्होंने अपनी स्वतंत्र इच्छा से बिना किसी दबाव या जोर-जबरदस्ती के शादी की है। दोनों का कहना है कि वे काफी समय से एक-दूसरे को जानते थे और बालिग होने के नाते उन्होंने कानूनन अपना निर्णय स्वयं लिया। दोनों ने पुलिस के सामने दिये बयान में भी यही बात दोहरायी।

### सहभागिता के साथ स्थापित किए गए मानक

**प्रयागराज।** पूरे छह यादगार सप्ताहों पचासी से अधिक ओरिजिनल गानों और देश भर से उभर कर आए नए स्वतंत्र पॉप कलाकारों के साथ, एमेजन एमएक्स प्लेयर के आई पॉप स्टार ने अपने डेब्यू सीजन का शानदार फाइनल आयोजित किया। जिसने भारत में म्यूजिक रियलिटी शो का नया मानक स्थापित कर दिया। जबर्दस्त दर्शक सहभागिता, सोशल मीडिया पर छाए रहे ब्रेक आउट गानों और कलाकारों के रातों रात सनसनी बनने के साथ, यह फाइनल उस सीजन का समापन था। जिसने मौलिकता और भारतीय पॉप संगीत के नए जन्म का जश्न मनाया। टॉप टू में टीम किंग से ऋषभ पंचाल और टीम परमिश से रोहित राऊत पहुंचे। कुछ ही क्षणों बाद रोहित राऊत को पहला आई पॉप स्टार घोषित किया गया। उन्होंने सात लाख रुपए की पुरस्कार राशि जीती। वहीं ऋषभ पंचाल उप विजेता रहे।

### एसपीने डायल-112 की 11 नई गाड़ियों को किया रवाना



**अंबेडकरनगर।** जिले में पुलिस की आपातकालीन सेवा और गश्त व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने शुक्रवार को पुलिस लाइन गेट से डायल-112 की 11 नई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन नई गाड़ियों के शामिल होने से जनपद में पुलिस की रिस्पॉन्स टाइम में उल्लेखनीय सुधार होगा। आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को और तेज तथा प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने डायल-112 के कर्मियों को अपने कर्तव्यों को निष्ठा, संवेदनशीलता और प्रोफेशनलिज्म के साथ निभाने के निर्देश दिए। साथ ही जनता की सुरक्षा, सेवा और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। नई गाड़ियों के संचालन से जिले में गश्त व्यवस्था, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण बढ़त मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### जिला जज ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई



**अंबेडकर नगर।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्द्रोदय कुमार ने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन व ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन जनपदभर में मुख्य स्थानों कलेक्ट्रेट, तहसील, पटेल चैक, बस अड्डा व पुरानी तहसील पर जाकर जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी अधिनियम राम बिलास सिंह, विशेष न्यायाधीश पाक्सो व नोडल अधिकारी मोहन कुमार, अपर जिला जज परविंद कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा यादव, सिविल जज सीडी शिखा यादव, एसीजेएम शैलेष कुमार मौर्य, अपर सिविल जज सीडी गार्गी, तथा अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, पुलिस अधिकारी और न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि 13 दिसंबर 2025, शनिवार, सुबह 10 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर, पारिवारिक न्यायालय, ग्राम न्यायालय (आलापुर, जलालपुर, भीटी), सभी तहसीलों, उपभोक्ता फोरम तथा अन्य विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

## तिलहन की फसल पर किसानों की उम्मीदें फिर हुई हरी

पायनियर संवाददाता। जफराबाद जौनपुर

पिछले दो वर्षों में प्रकृति की प्रतिकूल परिस्थितियों ने जौनपुर जनपद में तिलहन की फसलों पर गहरा प्रभाव डाला था। समय-समय पर हुई अनियमित वर्षा, ओलावृष्टि और लंबे सूखे के कारण सरसों सहित अन्य तिलहन उत्पादन में भारी नुकसान झेलना पड़ा। किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया था, जिससे खेती की लागत निकाल पाना भी मुश्किल हो गया था। लेकिन इस वर्ष मौसम के अनुकूल रहने और समय पर बुवाई होने से खेतों में सरसों की लहलहाती फसल देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। खेतों में फैली हरियाली से किसानों की उम्मीदें एक बार फिर से हरी हो गई हैं। क्षेत्र के कृषक बताते हैं कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार सरसों की फसल बेहतर स्थिति में है। पौधों की बढ़वार सामान्य है और रोग व कीट प्रकोप अब तक कम देखा गया है। किसानों का कहना है कि यदि इसी प्रकार मौसम सहयोग करता रहा तो उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की संभावना है। इससे न केवल स्थानीय बाजार में तिलहन की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य भी मिलने की उम्मीद है।

## साइबर ठगी का जाल
# सुप्रीम कोर्ट सख्त

डिजिटल युग की तेज़ी से बदलती दुनिया में भारत जिस रफ्तार से तकनीक को आत्मसात कर रहा है, उसी गति से अपराधियों ने भी अपने मंसूबों को नया रूप दे दिया है। इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट और मोबाइल आधारित सेवाओं ने जहां जनजीवन को सरल बनाया है, वहीं इसी सुविधा का दुरुपयोग करते हुए साइबर अपराधी अब ऐसे तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं जिनमें आम नागरिक को यह समझ ही नहीं आता कि वह कब जाल में फंस गया। हाल के महीनों में सबसे भयावह रूप में उभरा डिजिटल अरेस्ट स्कैम न केवल लोगों की कमाई को चूस रहा है, बल्कि नागरिकों के भीतर कानून, सुरक्षा व्यवस्था और डिजिटल तंत्र के प्रति भय भी पैदा कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी बढ़ते खतरे पर गहरी चिंता जताते हुए इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है और केंद्र सरकार से इस खतरे की जड़ों तक पहुँचने और इसे खत्म करने का हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह मुद्दा तब गंभीर रूप से उभरा जब अक्टूबर में स्वतः संज्ञान लिए गए इस मामले में गतिशील सुनवाई शुरू हुई और सामने आया कि डिजिटल अरेस्ट जैसे स्कैम में भारतीयों से तीन हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की ठगी हो चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान का नहीं, बल्कि उस भरोसे के टूटने का भी है जो आम नागरिक देश की साइबर सुरक्षा प्रणाली से रखता है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम का तरीका बेहद खतरनाक और मनोवैज्ञानिक दबाव से भरा होता है। इसमें पीड़ित के मोबाइल पर किसी सरकारी अधिकारी, पुलिस, सीबीआई, ईडी या अदालत के नाम से कॉल आता है। कॉलर द्वारा दावा किया जाता है कि पीड़ित किसी अपराध में शामिल है और उसकी तुरंत डिजिटल गिरफ्तारी की जा रही है। इसके बाद उससे कहा जाता है कि वह अपने मोबाइल का कैमरा चालू रखे, किसी कमरे में बंद हो जाए और किसी से बात न करे। अपराधी इस दौरान पीड़ित पर डर, तनाव और शर्मिंदगी का इतना दबाव बना देते हैं कि वह बिना समझे अपने पैसे उनके खातों में भेज देता है। यह पूरा घटनाक्रम न केवल अपराधियों की मानसिक तकनीकों को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि किस तरह बुजुर्ग और अकेले रहने वाले नागरिक ऐसे मामलों में आसानी से निशाना बन जाते हैं। 2025 में ही साइबर ठगी की 1.23 लाख शिकायतें दर्ज होना यह संकेत है कि साइबर अपराध अब सीमित दायरे की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय चुनौती का रूप ले चुकी है। इनमें से 17, 718 मामले केवल डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े पाए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन ठगी मामलों में सबसे ज्यादा निशाना 60 वर्ष से ऊपर के नागरिक बने हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि लगभग 82 प्रतिशत पीड़ित बुजुर्ग वर्ग से संबंधित हैं, जिनमें से अधिकांश तकनीक के उपयोग में अपेक्षाकृत कम सहज होते हैं और डिजिटल धमकियों या सरकारी नाम के पीछे छिपी धूर्तता को तुरंत समझ नहीं पाते। युवाओं को लेकर चल रहे साइबर जागरूकता अभियानों के बीच यह वर्ग अभी भी सुरक्षा कवच से बुरी तरह वंचित दिखाई देता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची शामिल हैं ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई भी नियम भारतीय कानून में अस्तित्व ही नहीं रखता। किसी व्यक्ति को केवल डिजिटल माध्यम से, वह भी बिना किसी विधिक प्रक्रिया के, अरेस्ट करना तो दूर, उसकी गतिविधियों को नियंत्रित करने का अधिकार भी किसी एजेंसी को नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जिस तरह से अपराधी सरकारी एजेंसियों का नाम लेकर आम जनता को भयभीत कर रहे हैं, वह स्थिति अत्यंत गंभीर है और केंद्र सरकार को दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय, वित्तीय क्षेत्र नियामकों और आईटी कंपनियों की संयुक्त जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अकेला देश नहीं है जो इस तरह के फिशिंग और धोखाधड़ी नेटवर्क का शिकार हो रहा है। म्यांमार, कम्बोडिया और लाओस जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में मौजूद साइबर ठगी के बड़े गिरोह इस तरह के अपराधों के प्रमुख स्रोत हैं।

# संघ का सनातन एवं प्रकृति-दर्शन

**ललित गर्ग**




भारत की सांस्कृतिक चेतना की जड़ में पंचमहाभूतों की जीवन-व्यवस्था है-भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश का संतुलन ही भारतीय ज्ञान-तंत्र की आत्मा है। ''भगवान'' शब्द के अक्षरों में निहित पंचतत्त्वों का सार यही दर्शाता है कि भारतीय जीवन-दर्शन में भगवान कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का सुसंगठित योग है। यही दृष्टि सनातन कहलाती है, नित्य प्रवाहमान, पुनर्जननशील, अविनाशी। जब भारत का जीवन इसी तत्त्वदृष्टि से संचालित था, तब वह न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी विश्व-गुरु था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है कि संघ का अस्तित्व ही सनातन जीवन-शैली की पुनर्स्मृति, पुनर्रचना और पुनर्स्थापना का प्रयत्न है। संघ नेतृत्व विशेषकर सरसंघचालक श्री मोहन भागवत की दृष्टि इस मूल दर्शन की आधुनिक व्याख्या है- ''भारत की पहचान धर्म से है और धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि वह जीवन-शैली है, जिसमें प्रकृति, समाज, संस्कृति और आत्मा का संतुलन हो।'' उनकी यह बात भारत की वैदिक चेतना को वर्तमान विश्व-यथार्थ में स्थापित करती है।

संघ के शताब्दी वर्ष का समय केवल एक संगठनात्मक उत्सव नहीं बल्कि भारत की सनातन जीवन पद्धति के पुनरुत्थान का क्षण है। संघ सरचालक श्री मोहन भागवत बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत का अस्तित्व किसी राजनीतिक ढांचे से नहीं बल्कि उसकी प्रकृति और संस्कृति के अखंड योग से बना है। भारतीय जीवन का यह सत्य पंचमहाभूतों के योग में निहित है, जिनसे सृष्टि बनी और जिनकी गति को भगवान कहा गया। मोहन भागवत का दृष्टिकोण इस सत्य को आधुनिक भाषा में समझाता है कि सनातन केवल कोई धर्म नहीं बल्कि वह जीवन-तंत्र है जो मानव और प्रकृति के संतुलन से चलता है। भारतीयता प्रकृति-पूजक है और संस्कृति को उसी प्रकृति की लय पर निर्मित करती है।

आज की दुनिया युद्ध, आतंक, प्रतिस्पर्धा और पकर्यावरणीय संकट से त्रस्त है। मानव की भूख केवल संसाधन और उपभोग तक सीमित होने से जीवन तनाव, प्रदूषण और अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। यही पश्चिमी दुनिया की शोषणकारी दृष्टि रही जिसने प्रकृति पर नियंत्रण को प्रगति माना, जबकि भारत की दृष्टि पोषण और सहअस्तित्व की थी। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत का मार्ग ''सबका हित और सबके साथ'' पर आधारित है, क्योंकि भारतीय समाज ने प्रकृति को माता माना और संस्कृति को उसका स्वरूप। यह वही दृष्टि है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार आयाम हैं; जहां मोक्ष की चाह लालच रहित आनंद में है और जीवन को आरोग्य बनाना ही संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य है। संघ का जीवन यही संदेश देता है कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तभी स्वस्थ होंगे जब मानव प्रकृति के साथ समरस जीवन जिएगा। आज जब राष्ट्रवाद को भौतिक शक्ति से मापा जा रहा है, तब मोहन भागवत इसके आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। राष्ट्र उनके लिए भू-भाग ही नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, प्रण और परंपरा का जीवंत व्यक्तित्व है। वे कहते हैं कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और सामंजस्य में है, और सनातन इसलिए सनातन है क्योंकि वह पुनर्जननशील है; वह कभी समाप्त नहीं होता क्योंकि उसका आधार प्रकृति है। यही कारण है कि संघ की जीवन शैली में ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आधारित आहार-विहार, चरित्र निर्माण और संतुलित व्यवहार को स्थान दिया गया। गांव, गौ-संवर्धन, हस्तशिल्प, लोक-जीवन, जैविक खेती, नदी-पुनरुद्धार, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत-ये नीतियां आधुनिक रूप में ''भू-सांस्कृतिक मानचित्र'' की पुनर्स्थापना हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जीवन दृष्टि को आधुनिक शासन में उतारा है। योग का विश्वदिवस घोषित होना, आयुर्वेद का पुनर्धर्म, ''माई लाइफ़ माई योगा'', ''पंचामृत'', ''लोकल टू ग्लोबल'', ''वोकल फॉर लोकल'', जी-20 की भारतीय दर्शन आधारित थीम ''वसुधैव कुटुम्बकम्'', मिशन लाइफ, प्राकृतिक खेती, पारंपरिक चिकित्सा मंत्रालय, मंदिरों का पुनर्जीवन, सांस्कृतिक आत्मविश्वास का उदय-ये सब उस सनातन दृष्टि के शासन रूप हैं जिसे संघ वर्षों से साधता आया है। मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनयिक भूमिका आध्यात्मिक भाषा में उभर रही है, जहां युद्ध की भाषा की जगह सहजीवन की भाषा है, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भूमिका है। मोहन भागवत कहते हैं कि ''भारत को दुनिया में नेतृत्व अपने धर्म से मिलेगा, किसी वर्चस्व से नहीं।'' यही धर्म प्रकृति और संस्कृति के संतुलन का वह सिद्धांत है जिसने भारत को दार्शनिक राष्ट्र बनाया।

आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, महामारी, अकेलापन, मानसिक तनाव और युद्ध के बीच टूट रही है। पश्चिमी विज्ञान समाधान के लिए रोबोट, जीन इंजीनियरिंग या डिजिटल कृतक जीवन की ओर जा रहा है, जबकि भारतीय अध्यात्म कहता है कि समाधान भीतर है, प्रकृति के साथ है, समरस संस्कृति के साथ है। यही संघ का कथन है कि ''मानव को मनुष्य बनाना ही राष्ट्र निर्माण है।'' संघ का जीवन तंत्र व्यक्ति में यह भरोसा जगाता है कि वह सृष्टि से जुड़ा है, पंचमहाभूतों का अंश है, और उसका धर्म है कि वह प्रकृति और समाज दोनों का पोषण करे। संघ की शाखाओं में हर प्रार्थना ''नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे'' यह स्मरण दिलाती है कि भारत माता केवल प्रतीक नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति का योग है, जिसे जीना ही सनातनता है। संघ के लिए सनातन केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि आधुनिक मनुष्य के लिए नैतिक और सामाजित अनुशासन की ऊर्जा है। संघ स्वयंसेवक जब शाखा में प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, योगासन और सामूहिक भाव-विन्यास करते हैं, तो वे भारतीय संस्कृति के मूल सूत्र ''प्रकृति-संस्कृति योग'' को साधते हैं।

मोहन भागवत यह भी कहते हैं कि भारत का मार्ग किसी पर थोपने का नहीं है बल्कि जगत को दिखाने का है कि शांति, समृद्धि और संतोष कैसे प्राप्त हो सकते हैं। उनके वक्तव्यों में स्पष्ट है कि सनातन जीवन-पद्धति ''ग्रहण और उपभोग'' नहीं बल्कि सहजीवन और पोषण सिखाती है। एक ओर पश्चिमी मॉडल शोषण, नियंत्रण का जीवन देता है, विज्ञान भी वहां सत्ता का औजार है; दूसरी ओर सनातन दर्शन अध्यात्म और विज्ञान को पूरक बनाता है, भौतिकी को आध्यात्मिक चेतना से संचालित करता है। यही अंतर भारत और विश्व को दिशा देता है। उनकी दृष्टि में भारत की समस्याओं का समाधान शिक्षा प्रणाली के पुनर्संयोजन में है, जिसमें ज्ञान केवल तकनीक न हो बल्कि जीवन विद्या हो। वे कहते हैं कि यदि भारत प्रकृति आधारित संस्कृति को पुनर्जीवित करेगा तो आरोग्य, आनंद और मोक्ष की दिशा में एक नई मनुष्यता जन्म लेगी। यह केवल भारत के लिए नहीं बल्कि विश्व के लिए समाधान है क्योंकि विश्व के संकट का मूल मानव और प्रकृति के बीच का विभाजन है। आज संघ का शताब्दी वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह भारत के सनातन पुनरुत्थान का ऐतिहासिक मोड़ हो सकता है। संघ की जीवन शैली-साधारणता, संयम, समर्पण, समाज-धर्म, अनुशासन, सेवा और आत्मपरिष्कार, यह प्रकृति आधारित संस्कृति की आधुनिक अभिव्यक्ति है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन, संघ के जीवन तंत्र को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का राजनीतिक-राजनयिक रूप है। इसलिए आज के हिंसा और युद्धग्रस्त विश्व के लिए भारत का संदेश स्पष्ट है कि समाधान हथियार से नहीं, जीवन दर्शन से होगा; विकास भौतिक उपभोग से नहीं, समरस संस्कृति से होगा; और भविष्य उस सभ्यता का है जो प्रकृति को माता और संस्कृति को सृष्टि का धर्म मानकर चलती है। सनातन जीवन दृष्टि केवल विश्वास नहीं, बल्कि मानवता के लिए जीवंत प्रस्ताव है।

संघ सरचालक मोहन भागवत का आग्रह इसी पर है कि भारत को अपने अक्षय ज्ञान पर पुनर्विश्वास करना होगा, क्योंकि वही वह शक्ति है जो संकटग्रस्त विश्व को दिशा दे सकती है। जब प्रकृति और संस्कृति का योग जीवन का आधार बनता है, तब व्यक्ति आरोग्यवान, समाज समृद्ध और राष्ट्र मोक्षपथगामी होता है। यही सनातन समृद्धि है और यही भारत का वैश्विक योगदान है, जिसकी उद्घोषणा संघ के शताब्दी वर्ष में अधिक स्पष्ट होती है कि ''विश्व बंधुत्व, प्रकृति सम्मान और मोक्ष-केंद्रित जीवन, यही भविष्य की सभ्यता है।''

# योगी की पातीः 2027 तक गरीबी मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प

**कांतिलाल मांडोत**

**योगी ने कहा कि संविधान की मूल आत्मा -समानता, न्याय और बंधुत्व के अनुरूप समाज निर्माण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने के संघर्ष में बीता और आज वही चिंतन जीरो पावर्टी अभियान के रूप में सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बना हुआ है**




भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के भव्य अनावरण अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पाती के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 2027 तक गरीबी-मुक्त राज्य बनाने का संकल्प दोहराया। बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगी ने कहा कि संविधान की मूल आत्मा -समानता, न्याय और बंधुत्व के अनुरूप समाज निर्माण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने के संघर्ष में बीता और आज वही चिंतन जीरो पावर्टी अभियान के रूप में सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में उल्लेख किया कि सरकार ने गरीबों, कमजोर वर्गों, श्रमिकों, महिलाओं और बच्चों तक विकास की हर योजना को तेज गति से पहुँचाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। आवास, श्रम योजनाएँ, पोषण व बाल-विकास कार्यक्रम, स्वास्थ्य सुविधाएँ और सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ अब जमीनी स्तर तक पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचा रही हैं। योगी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के मार्गदर्शन में जीरो पावर्टी अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का राष्ट्रीय संकल्प है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन, सुरक्षित आवास और सशक्त भविष्य का अधिकार सुनिश्चित किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाला 6 दिसम्बर सिर्फ परंपरागत श्रद्धांजलि का दिन नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा को जीवन में उतारने का अवसर है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील की कि वे समानता, न्याय और बंधुत्व को व्यवहार में अपनाकर एक समतामूलक, संवेदनशील और सहभागी व्यवस्था के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत में बाबा साहेब जैसी युगान्तरकारी विभूतियों का मार्गदर्शन न केवल संविधान में संरक्षित है, बल्कि समाज-व्यवस्था के हर आयाम में प्रेरणा बनकर खड़ा है। शोषितों और वंचितों को न्याय दिलाने का उनका जीवन संघर्ष आज भी सरकारी नीतियों, सामाजिक आंदोलनों और मानव-केंद्रित विकास के लिए पथप्रदर्शक है।

अपने संबोधन में योगी ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण, छात्रावास सुविधा और आर्थिक सहायता जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और पिछड़े वर्गों की आत्मनिर्भरता के लिए ऐसी योजनाएँ लागू की हैं, जिन्होंने लाखों परिवारों को नई ऊर्जा और नया जीवन दिया है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से पारदर्शी भुगतान व्यवस्था ने अनियमितताओं पर रोक लगाई है और सुनिश्चित किया है कि लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँचे। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में जनता दर्शन की भूमिका पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि आम नागरिकों से सीधा संवाद है। प्रतिदिन मिलने आने वाले पीड़ितों की समस्याओं को सुनना, समाधान की दिशा में तुरंत कदम उठाना और प्रशासनिक मशीनरी को जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करना उनकी कार्यप्रणाली का मूल है। जमीनी विवादों, राजस्व मामलों, सामाजिक-न्याय से जुड़े प्रश्नों और पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाया जा रहा है। योगी ने कहा कि जनता दर्शन में आने वाले लोगों को वे सिर्फ पीड़ित नहीं, बल्कि अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। उनकी पीड़ा को समझना, उनसे अपनत्व से बात करना और बच्चों को चॉकलेट देकर उनका मन हल्का करना इस मानवीय संवाद का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास के जिस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, वह सामाजिक न्याय और आर्थिक समावेशन की नींव पर टिकाकर बनाया गया है। बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, उद्योगों को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसरों में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और किसानों के हितों की रक्षा के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया विकास मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की शक्ति तब बढ़ती है, जब उसका सबसे कमजोर व्यक्ति भी सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर महसूस करे। यही दृष्टि जीरो पावर्टी अभियान' के केंद्र में है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयास तभी सफल होंगे जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति संवेदनशीलता और समरसता को जीवन में उतारे। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक नागरिक अपने परिवार, मोहल्ले, गांव और कार्यस्थल पर समानता और सम्मान का व्यवहार अपनाए। बाबा साहेब की शिक्षाएँ केवल किताबों में सिमटने के लिए नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाने के लिए हैं। यही सच्ची श्रद्धांजलि है और यही विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में पहला कदम। पाती के अंत में मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 तक उत्तर प्रदेश गरीबी के चक्र से पूरी तरह मुक्त होकर एक नए सामाजिक-आर्थिक उछाल का अनुभव करेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना ऐसा समाज जहाँ किसी व्यक्ति को उसकी जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति के कारण पीछे न रहना पड़े। अब साकार होने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय पर आधारित विकास है, जो हर नागरिक को छूए, हर घर में मुस्कान लाए और हर व्यक्ति को अवसर दे। योगी आदित्यनाथ की यह पाती न केवल नीति-निर्देशक दस्तावेज है, बल्कि संवेदनशील शासन की झलक भी, जहाँ सत्ता का केंद्र जनता है, और उसका उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति का उत्थान। बाबा साहेब के सपनों को वास्तविकता में बदलने का यह संकल्प आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश को नई दिशा, नई ऊर्जा और नया आत्मविश्वास देगा।

## आप की बात

### मतदाता पहचान और बीएलओ की मौतों पर बढ़ा राजनीतिक तनाव

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर (स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन) को लेकर संसद से लेकर सड़क तक जिस तरह का विवाद खड़ा है, वह एक आम पाठक के लिए कई सवाल छोड़ जाता है। दो दिन तक संसद का कामकाज ठप रहना, सरकार और विपक्ष का आमने-सामने खड़ा होना, और फिर मजबूरी में सरकार का चर्चा को तैयार होना–यह सब बताता है कि मामला सिर्फ तकनीकी नहीं है, राजनीतिक भी है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया आखिर इतनी विवादित क्यों हो गई? 1 दिसंबर और 2 दिसंबर को संसद के दोनों सदनों को दिनभर के लिए स्थगित करना पड़ा।इससे पाठक को यह एहसास होता है कि एसआईआर की गंभीरता सिर्फ चुनाव आयोग की प्रक्रिया भर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है। पाठक के लिए मुख्य चिंता वहां से शुरू होती है, जहां सुप्रीम कोर्ट में यह सवाल उठता है कि क्या चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार है भी या नहीं? वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी का तर्क कि नागरिकता तय करना आयोग का काम नहीं है,सीधे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। इधर आयोग सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त नहीं कर पा रहा, उधर विपक्ष खासतौर पर राजद, कांग्रेस और एडीआर–लगातार दबाव बना रहे हैं। ऐसे में पाठक महसूस करता है कि एक संवैधानिक संस्था पर इतना भारी संदेह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं। पश्चिम बंगाल से आने वाली रिपोर्टें किसी भी आम नागरिक को विचलित कर सकती हैं। बीएलओ की मौतों के पीछे काम का अत्यधिक दबाव निर्धारित समय में गहन सत्यापन पूरा करने का तनाव जैसे कारण बताए जा रहे हैं। इससे एक साधारण पाठक के मन में यह प्रश्न उठता है–क्या मतदाता सूची बनाने वालों की जान की कीमत पर ह्यशुद्धिकरण' किया जाना चाहिए?

**अभिषेक सिंह, कानपुर**

### वन्देमातरम अखंड भारत की एकता का प्रतीक रहा

देश की आजादी के लिए "वन्देमातरम" कहते हुए स्वतंत्रता सेनानी शहीद हुए. हजारों कुर्बानियों के पश्चात अंग्रेजों के चंगुल से देश आजाद हुआ. बावजूद इसके स्वार्थपरक राजनीति के चलते व जाते-जाते एवं अपना वर्चस्व जमाते हुए अंग्रेजों ने "फूट डालो राज करो" की अपनी नीति के तहत 'स्वार्थी राजनीतिज्ञों" में भी बीज बो दिये. क्योंकि वे पहले भी बंगाल के दो हिस्से कर चुके थे. बाद में भी उन्होंने ऐसी लकीर खींची कि देश के भी दो भाग करवा दिए. देश की आजादी में अखंड भारत के हर देशभक्त ने भाग लिया जहाँ ना कोई राजनीति थी, न कोई जात-पांत और न कोई सम्प्रदायवाद। सिर्फ एक ही उद्देश्य था हर भारतीय देशभक्त का कि देश को आजाद कराना. एक ही जूनून था, एक ही झंडा था और एक ही नारा था "वन्दे मातरम्". और उसी को लेकर आजादी के हर दीवाने/परवाने (बच्चे-महिला-पुरुष) कई मुसीबतों को सहते/झेलते हुए "स्वतंत्रता संग्राम" में कूदे हुए थे. "वन्देमातरम" गीत ही नहीं बल्कि वो "स्वतंत्रता व स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक" के साथ ही वो धरती माता (भारत माता) के सभी प्राकृतिक स्वरूपों को भी दर्शाता है और उसे अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है. ताकि सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय सदैव बना रहे. अतः वंदेमातरम्" पर राजनीति से ऊपर उठकर "देशभक्ति" को दर्शाते हुए स्वच्छ क्रिया-प्रतिक्रिया होनी चाहिए ताकि दुनिया में "मेरा देश और अधिक महान', ज्ञानवान व विश्वशांति का प्रतीक बनें और हर भारतीय को हार्दिक उम्मीद रहे कि फिर से वो प्राचीन स्वरूप "अखंड भारत" के रूप में उभरे और विश्वमार्यम का सन्देश सारी दुनिया को दे।

**शकुंतला महेश नेनावा, ५७, गिरधर नगर इंदौर (म.प्र.)**

### आरक्षण के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त सोच सत्य स्वीकारने की हिम्मत नहीं जुटा पाती

देश में आरक्षण पर विवाद जारी है। कोई जाति आधारित आरक्षण का विरोध कर रहा है, तो कोई दुर्बल आय वर्ग के आरक्षण का। कभी कभी जातीय आधार पर क्रीमीलेयर को मिलने वाले आरक्षण पर भी चर्चा हो जाती है, किन्तु आरक्षण के प्रति पूर्वाग्रह ग्रस्त सोच सत्य स्वीकारने की हिम्मत नहीं जुटा पाती। पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बी. आर. गंवई ने जब अनुसूचित जातियों में क्रीमीलेयर आरक्षण समाप्त करने की बात कही, तो उन्हें अपनी ही जाति के लोगों की आलोचना का शिकार होना पड़ा। श्री गंवई ने फिर कहा कि डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर की नजर में आरक्षण ऐसा था, जैसे किसी पिछड़ गए व्यक्ति को साईकिल देना, ताकि वह बाकी लोगों के बराबर पहुँच सके। इसका मतलब यह नहीं कि वह हमेशा साइकिल पर चलता रहे तथा औरों के लिए रास्ता बंद कर दे। वस्तुस्थिति यह है कि आरक्षण देश को अक्षम और विकलांग बनाए रखने का साधन भर रह गया है। ऐसे में आवश्यक है, कि आरक्षण की पुनर्समीक्षा हो, यह जातीय आधार पर न होकर उस वंचित व्यक्ति के लिए हो, जिसे किसी भी प्रकार से आगे बढ़ने का अवसर न मिला हो। देश को पूर्व सीजेआई श्री बी. आर. गंवई के सुझाव का भी सम्मान करना चाहिए।

**डॉ. सुधाकर आशावादी ब्रह्मपुरी, मेरठ**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# माफिया ब्रदर्स पर फूटा जनाक्रोश

## जिलाधिकारी को सौंपा गया तीखा ज्ञापन, बुलडोजर कार्रवाई की खुली मांग

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के बीच सीतापुर में कुख्यात माफिया ब्रदर्सकृमुजीब अहमद, हसीन अहमद और छन्नू अहमदकृतथा अतीक अहमद के करीबियों के खिलाफ जनता का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को एक तेजतर्रार ज्ञापन सौंपकर इनके अवैध साम्राज्य पर तत्काल बुलडोजर चलाने और म्क जांच की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि ये तीनों भाई वर्षों से हत्या, अवैध वसूली, सरकारी जमीनों पर कब्जा, लूटपाट और फर्जी पासपोर्ट जैसे संगठित अपराधों में सक्रिय हैं। प्रशासन द्वारा इनकी 1 अरब से अधिक की अवैध संपत्ति कुर्क किए जाने के बावजूद, इनका रसूख और आतंक समाप्त नहीं हुआ है। नागरिकों का आरोप है कि इनके अवैध निर्माण अब भी जस के तस खड़े हैं और स्थानीय लोग आज भी डर के साए में जीने को मजबूर हैं। ज्ञापन सौंपने वाले नागरिक अखिलेन्द्र विक्रम सिंह, राजेश शुक्ल, मोहित अवस्थी, सचिन सक्सेना, नीरज कुमार, दीपक कुमार, कान्हा तिवारी, अश्वनी शाह, जितेंद्र शाह, गोलू शाह, विकास कुमार, सौरभ यादव आदि ने प्रशासन पर सीधा सवाल उठाते हुए कहा कि जब कुर्की तक की कार्रवाई हो चुकी है, तो अवैध संपत्तियों का ध्वस्तीकरण क्यों नहीं हो रहा, जबकि मुख्यमंत्री स्वयं माफियाओं के विरुद्ध सख्त अभियान चला रहे हैं? नागरिकों ने सबसे गंभीर आरोप यह लगाया है कि माफियाओं को सत्ताधारी दल के कुछ अंदरूनी लोगों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण ये अपराधी अब तक बचते रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई न हुई तो यह संरक्षण माफिया नेटवर्क को और मजबूत करेगा। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में नागरिकों ने स्पष्ट चेतावनीभरे शब्दों में कहा है कि अब सिर्फ कानूनी नोटिस नहीं, बल्कि बुलडोजर की कार्रवाई ही इनका आतंक मिटा सकती है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से पूछाकृ''अवैध कब्जे ढहाने में देरी क्यों? आखिर कब खत्म होगा माफिया ब्रदर्स का आतंक? सीतापुर में उभरा यह जनविरोध साफ संकेत देता है कि जनता अब और इंतजार करने के मूड में नहीं है। फैसले का वक्त आ गया है तो बुलडोजर चलेगा, या फिर माफिया का खौफ जस का तस बना रहेगा।

## कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**सीतापुर।** कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से सदर तहसील प्रशासन द्वारा मंगलवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सदर विधायक एवं नगर विकास मंत्री राकेश राठौर 'गुरूजी' ने 400 जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए। मंत्री राकेश राठौर ने कहा कि सरकार गरीबों और असहायों के सहयोग के लिए निरंतर संवेदनशील है।

ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान कर सतत सहायता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में सदर एसडीएम और तहसीलदार सहित तहसील के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि तहसील प्रशासन की ओर से आगामी दिनों में भी इसी प्रकार के सेवा कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति प्रभावित न हो।

# नैमिषारण्य विकास कार्यों का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण, दिए कई अहम निर्देश

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने मंगलवार को नैमिषारण्य पहुंचे और यहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड, मल्टीस्टोरी पार्किंग, पंचमुखी प्लाजा, मां ललिता देवी मंदिर, मुरारका बड़ी धर्मशाला, चक्रतीर्थ और राजघाट में चल रही गतिविधियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेलीपैड के पास अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार करने और हेलीपैड को जोड़ने वाली सड़क का चैड़ीकरण कराने के निर्देश दिए। मल्टीस्टोरी पार्किंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्यों का सत्यापन तत्काल शुरू कराया जाए और पार्किंग तक जाने वाले मार्गों को चैड़ा किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके। मां ललिता देवी पंचपराग कुंड की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और उचित स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। प्रमुख सचिव ने मुरारका बड़ी धर्मशाला को हेरिटेज मॉडल पर विकसित करने की बात कही, जिसमें म्यूजियम, लाइटिंग और साउंड सिस्टम की आधुनिक व्यवस्था शामिल हो। चक्रतीर्थ में निर्माणाधीन गेट को जल्द पूर्ण कराने और सभी कार्यों को मानक के अनुरूप कराने पर जोर दिया। वहीं राजघाट पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सिंचाई विभाग से समन्वय बनाकर लंबित प्रस्तावित कार्यों को तेजी से पूरा करने को कहा। साथ ही पर्यटन विभाग द्वारा प्रशिक्षित गाइडों की नियुक्ति शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के उपरांत प्रमुख सचिव ने मां ललिता देवी मंदिर और चक्रतीर्थ में पूजन-अर्चन किया। इसके बाद हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्ण कार्यों को जल्द हैंडओवर किया जाए तथा चल रहे कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर अब तक हुए और प्रस्तावित कार्यों की जानकारी साझा करने को भी कहा। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, एसडीएम मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 96 बीघा से अधिक भूमि मुक्त

**सीतापुर।** जिला प्रशासन ने मंगलवार को अवैध कब्जों और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाइयाँ करते हुए सख्त रुख दिखाया। पहली कार्रवाई सदर तहसील क्षेत्र में की गई, जहाँ एक प्लानर द्वारा लगभग 6 बीघा सरकारी तालाब की भूमि पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। तालाब की पैमाइश में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण का खुलासा होते ही जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार अतुल सेन के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुँची और बुलडोजर चलवाकर भराव, बनाए गए रास्ते और अवैध प्लाटों को ध्वस्त कर तालाब की भूमि को पूर्ण रूप से मुक्त कराया। दूसरी ओर, महमूदाबाद तहसील क्षेत्र में भी प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। अहमदाबाद बाईपास के पास नगर पालिका और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से विकसित की जा रही करीब 90 बीघा प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। अवैध निर्माण, बाउंड्री और रास्तों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। दोनों जगहों पर हुई इन कार्रवाइयों से अवैध प्लाटिंग कराने वालों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि सरकारी व सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# डायल-112 बेड़ा हुआ मजबूत, पांच नई पीआरवी को मिली हरी झंडी

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

❖ आपातकालीन सेवाओं की रफ्तार बढ़ेगी, कोहरे और विषम मौसम में भी मिलेगा त्वरित रिस्पांस

जिले में पुलिस की आपातकालीन सेवाओं को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। डायल-112 पुलिस बेड़े को मजबूती देते हुए मंगलवार को पांच नई चार पहिया पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) गाड़ियों को सेवा में शामिल किया गया।

इन वाहनों के आने से अब जिले में पुलिस का रिस्पांस टाइम और घटेगा तथा घने कोहरे और खराब मौसम में भी गश्त एवं सहायता निर्बाध रूप से जारी रह सकेगी। एसपी कार्यालय से एएसपी उत्तरी अपर आलोक सिंह ने इन नई पीआरवी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर जनपदीय डायल-112 स्कॉड में सम्मिलित किया। इस मौके पर एएसपी दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ ट्रैफिक धर्मेन्द्र कुमार यादव, यातायात निरीक्षक फरीद अहमद तथा डायल-112 प्रभारी निरीक्षक राजकरन शर्मा सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि वाहनों के बढ़ने से पुलिस की निगरानी क्षमता शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि सर्दी में घने कोहरे के दौरान बढ़ने वाली दुर्घटना और अपराध की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है। नई पीआरवी के जरिए मौके पर त्वरित पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इन पांच नए वाहनों को सदरपुर, रामपुरकलां, थानगांव, तंबौर और खैराबाद थाना क्षेत्रों में तैनात किया गया है। इनके सक्रिय होने से डायल-112 गश्त और सुदृढ़ होगी तथा जरूरतमंद लोगों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। यह कदम जिले में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाते हुए जनता की सुरक्षा को एक नई मजबूती प्रदान करेगा।

# तीन दिवसीय विराट किसान मेला सम्पन्न

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत 09 से 11 दिसंबर तक भूमिजा बहुउद्देश्यीय हाल, खैराबाद में तीन दिवसीय एग्रोक्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेला संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु' और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। उप कृषि निदेशक डॉ. एस.के. सिंह ने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि में अपनी रजिस्ट्री अपडेट कराने की अपील की। कृषि रक्षा अधिकारी और संयुक्त कृषि निदेशक ने फसलों में रोग, कीट एवं खरपतवार नियंत्रण की तकनीकी जानकारी साझा की। मुख्य अतिथि राठौर ने किसानों से कहा कि नई तकनीक अपनाकर आय बढ़ाई जा सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के वैज्ञानिकों ने बीज संरक्षण और मोटा अनाज प्रोसेसिंग के बारे में मार्गदर्शन दिया। मेले में लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण मंत्री और जिलाध्यक्ष ने किया।

# सोनिया के जन्मदिवस पर कांग्रेस ने दिखाया उत्साह

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



शहर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का जन्मदिवस केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिशिर वाजपेयी ने कहा कि सोनिया गांधी देश की सर्वमान्य नेता हैं, जिन्होंने कांग्रेस संगठन को नई मजबूती प्रदान की और पार्टी की वैचारिकी को पूरे देश में आगे बढ़ाने में अभूतपूर्व योगदान दिया।

शिशिर वाजपेयी ने सोनिया गांधी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि सीतापुर का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प लेता है। उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस त्याग की भावना के साथ सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पद को ठुकराकर जन सेवा को चुना, वह संगठन और राष्ट्रहित को सत्ता से ऊपर रखने का श्रेष्ठ उदाहरण है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश निषाद, चोक्ष विभु अवस्थी, धीरेश कश्यप, संजय कुमार सनी, सलीम सिद्दीकी, रजनीश राजवंशी, अहमद अंसारी, श्याम शुक्ला, राज गुप्ता, फिरोज सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# ब्लॉक एलिया में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता। इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर

ब्लॉक एलिया के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख रीता सिंह, ब्लॉक बीडीओ और महोली विधायक शशांक त्रिवेदी की मौजूदगी में क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास कार्यों की जानकारी दी और कहा कि जिन सदस्यों को अभी तक कार्य नहीं मिला है, उन्हें अब तुरंत काम सौंपा जाएगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में विकास को सुनिश्चित करें और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सुझाव साझा करें। ब्लॉक प्रमुख रीता सिंह और प्रतिनिधि संजय एवं संजू सिंह ने सभी सदस्यों को 2000 रुपये भत्ता देने की घोषणा की। विधायक ने



कहा कि किसी भी सदस्य को किसी भी समस्या का सामना करना पड़े तो वह खुलकर बता सकते हैं, और समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। बैठक के अंत में ब्लॉक प्रमुख और विधायक ने निर्देश दिए कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनका कार्य समय पर सौंपा जाए और क्षेत्र में विकास की गति तेज की जाए।

# पुलिस की तत्परता से महिला की बची जान

❖ व्यापारियों ने पहनाई फूलमाला

पायनियर संवाददाता। बिसवां /सीतापुर



थाना बिसवां क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक महिला को फांसी पर लटकने से बचा लिया गया। पुलिस की सतर्कता से प्रभावित होकर कस्बे के व्यापारियों ने पुलिस टीम को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया घटना 06 दिसंबर 2025 की है। कस्बा बिसवां के मोहल्ला पुरवारी टोला निवासी नवनीत मिश्रा पुत्र स्वर्गीय प्रेम मिश्रा दौड़ते हुए थाने पहुंचे और बताया कि उनकी भाभी दीपिका मिश्रा, पत्नी नितिन मिश्रा, ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह, कांस्टेबल विवेक और कांस्टेबल तरुण तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तुरंत दरवाजा तोड़ा और कमरे के अंदर पहुंची, जहां महिला फंदे से लटकी मिली। बिना समय गंवाए पुलिस ने फंदा काटकर महिला को नीचे उतारा और प्राथमिक उपचार देते हुए मोटरसाइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर मिले उपचार से महिला की जान बच सकी। इस कार्रवाई से दीपिका मिश्रा के दो छोटे बच्चों अक्षिता मिश्रा (3 वर्ष) और नेत्रा मिश्रा (लगभग डेढ़ वर्ष)कृके सिर से मां का साया उठने का संकट भी टल गया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला की स्थिति अब स्थिर है। साथ ही, उसे मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से निरंतर काउंसलिंग कराई जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी कोई स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो।

# कमलापुर चीनी मिलः मजदूर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

लगभग 18 वर्षों से बंद पड़ी कमलापुर चीनी मिल के पुनः संचालन की तैयारियों के बीच सोमवार को



भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ, कमलापुर ने मिल प्रशासन को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए पुराने कर्मचारियों का बकाया वेतन, पीएफ व अन्य भत्ते दिलाए जाने की मांग की। नवीन मालिक चड्ढा ग्रुप की एन.आर. इंफाकान प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मिल संचालन की प्रक्रिया शुरू किए जाने के बाद मजदूरों में उम्मीद जगी है। इसी क्रम में यूनियन अध्यक्ष अरुण तिवारी की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल आज मिल प्रबंधन से मुलाकात करने पहुंचा। मिल के जीएम प्रदीप कुमार सलार के आउट ऑफ स्टेशन होने के कारण प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात उनके प्रतिनिधि जीएम कैन अजीत सिंह से हुई। यूनियन ने ज्ञापन सौंपकर बताया किकृ वर्ष 2008-09 में मिल बिना किसी ले-ऑफ नोटिस या क्लोजर परमिशन के अचानक बंद कर दी गई थी। इसके चलते लगभग 350 कर्मचारी सड़क पर आ गए और वर्षों तक भुखमरी की स्थिति झेलते रहे। कर्मचारियों का संगठन बार-बार प्रबंधन से वार्ता व भुगतान की मांग करता रहा, पर समाधान नहीं मिला। अब जबकि मिल संचालन बहाल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, सभी कर्मचारियों को अविलंब ज्वाइनिंग दी जाए। साथ ही वर्षों से लंबित वेतन व पीएफ सहित सभी बकाया भुगतान किए जाएं। इस पर जीएम कैन अजीत सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी सारी बातें मालिक तक पूरी गंभीरता से पहुंचाई जाएंगी और एक सप्ताह के भीतर आपको स्पष्ट जवाब दे दिया जाएगा। यूनियन ने मिल संचालन में पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया और औद्योगिक शांति बनाए रखने पर जोर दिया। यूनियन ने ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री, मुख्य सचिव, श्रम विभाग, आयुक्त, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आदि अधिकारियों को भेजी है।

**लगभग 18 वर्षों बाद कमलापुर चीनी मिल के चलने के आसार दिख रहे हैं, यह मजदूरों के लिए बहुत खुशी की बात है। लेकिन नए मिल मालिक को पुराने कर्मचारियों को काम पर वापस बुलाना होगा और उनका पूरा बकाया भुगतान करना होगा। यदि प्रबंधन ऐसा नहीं करता है तो मजदूर संघर्ष के लिए तैयार हैं।'' कृ अरुण तिवारी, अध्यक्ष, भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ**

# कसमण्डा ब्लॉक की पंचायतों में सीडीओ का सख्त निरीक्षण

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या ने मंगलवार को विकासखण्ड कसमण्डा की सुरेचा, हरदी और बड़ा पतारा ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। जहां एक के बाद एक लापरवाहियों का भंडार देखने को मिला। हरदी ग्राम पंचायत के हरदी पुरवा गांव में सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर ओडी (वन डे) टीचर बनकर बच्चों से सवाल-जवाब किए। बच्चों के शानदार ज्ञान से वे खुश हुईं और शिक्षकों को शाबाशी दी। साथ ही विद्यालय का रंग-रोगन कराने का निर्देश दिया। लेकिन जैसे ही सीडीओ पंचायत भवन पहुँचीं, हालात बिगड़े नजर आए। आगनबाड़ी केंद्र में अनियमितताएँ दिखीं, जिस पर उन्होंने ग्राम सचिव की फटकार लगाई। पंचायत भवन में रखा कंप्यूटर सिस्टम सचिव न खोल सकीकृइस पर सीडीओ का पारा चढ़ गया और उन्होंने कड़े शब्दों में जिम्मेदारी निभाने की नसीहत दी। सुरेचा पंचायत भवन में प्रवेश करते ही बदबू और गंदगी ने उनका स्वागत किया, जिस पर सीडीओ ने गंभीर नाराजगी जताई। सचिव से पंचायत सहायक को बुलाने को कहा, लेकिन कई कॉलों के बाद भी सहायक उपस्थित नहीं हुआ। यह लापरवाही सीडीओ को और खीज दिला गई। इसके बाद बड़ा पतारा पंचायत में भी पंचायत भवन बंद मिला। इस पर सीडीओ ने कसमण्डा बीडीओ को कड़ी चेतावनी देते हुए कहाकृ''कैबिन से निकलकर पंचायतों का भ्रमण करो, यह सब नहीं चलेगा। निरीक्षण के बाद सीडीओ सीतापुर वापस रवाना हो गईं। निरीक्षण के दौरान बीडीओ कसमण्डा राकेश श्रीवास्तव, बीडीओ राकेश चौधरी तथा ग्राम विकास अधिकारी रागिनी शर्मा मौजूद रहे।

### कमी पर कमी 3 पर कार्रवाई कहां

सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या को हर पंचायत में भारी खामियाँ मिलीं गंदगी, तालाबंदी, अनुपस्थित स्टाफ, खराब सिस्टम लेकिन अभी तक किसी स्पष्ट अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। लगातार मिल रही लापरवाहियों पर कार्रवाई न होना ग्रामीणों के बीच सवाल खड़े कर रहा हैः इतनी कमियाँ मिलने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं?।

# हाईस्कूल व इंटर परीक्षा 2026 के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के लिए केंद्र निर्धारण को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने की। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए किकृ परीक्षा केंद्रों का चयन पूर्ण पारदर्शिता से हो। सभी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से अधिकारी स्वयं करें। और परीक्षा केंद्रों पर बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, सुरक्षा, पेयजल व शौचालय सहित



सभी आवश्यक सुविधाएँ पूरी कराई जाएं। डीएम ने कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षाएं पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी दायित्वों को गंभीरता से लें और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी प्रक्रिया को पूरा करें। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बैठक में परीक्षा केंद्र निर्धारण की निर्धारित प्रक्रिया तथा तहसीलवार प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, संबंधित उप जिलाधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री रामविलास कमला देवी विद्यालय का भव्य वार्षिकोत्सव सम्पन्न

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



सकरन के कोलुहापुरवा स्थित श्री रामविलास कमला देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं छात्र अलंकरण समारोह अत्यंत गरिमामय और प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि आईएएस प्रशिक्षक डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा 'गुणशेखर' ने कहा कि आज का समाज तेजी से यांत्रिक होता जा रहा है और मानवीय संवेदनाएँ कमजोर हो रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ मानवता, सहयोग और करुणा अपनाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि जनकवि डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर' ने अनुशासन और ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकृ''ज्ञान प्रगति का पासवर्ड है।'' कवि रोहित विश्वकर्मा ने हास्यपूर्ण काव्य प्रस्तुति से वातावरण जीवंत किया, जबकि कवयित्री पिंकी प्रजापति ने नारी चेतना और आत्मबल का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने कुशलतापूर्वक किया। कवि विकास मौर्य 'वीकू' और राकेश मौर्य ने आधुनिक और अवधी काव्य प्रस्तुत करके श्रोताओं का मन मोह लिया। अध्यक्षता आर.डी. वर्मा ने की, जिन्होंने शिक्षा और संस्कार के संबंध पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधक सुशील कुमार मौर्य, प्रधानाचार्य तेजनरायन पाण्डेय, संयोजक सुरेंद्रकांत मौर्य और व्यवस्थापक दिलीप कुमार की भूमिका सराहनीय रही। समारोह ने शिक्षा, संस्कार और साहित्य का प्रेरक संदेश उपस्थित जनसमूह तक पहुँचाया।

# रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर दौरे पर पहुंचे मेंस कांग्रेस पदाधिकारी

**सीतापुर।** एनई रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल मंत्री राकेश चंद्र वर्मा ने मंगलवार को अपनी सीतापुर शाखा टीम के साथ सीतापुर का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने अटरिया से सीतापुर तक ओपन लाइन के सभी गेट, स्टेशनों और कार्यालयों का निरीक्षण किया और वहां तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं, गेटों पर व्यवस्था तथा स्ट्रीट लाइटों की खराबी सहित कई मुद्दे उठाए। मंडल मंत्री वर्मा ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें अति शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जोनल सहायक मंत्री राजकुमार, शाखा मंत्री सुशील श्रीवास्तव, बी.आर. सैनी, प्रकाश कनौजिया, वीरप्रताप सिंह, अशरफीलाल विश्वकर्मा, अजय प्रताप सिंह, सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, अनिल कुमार पटेल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मेंस कांग्रेस पदाधिकारियों के इस दौरे से कर्मचारियों में उत्साह देखा गया और उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा।



# अरशी ने 5 खेलों में गोल्ड मेडल जीतकर रचा इतिहास

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**



जिले के अनु चौराहा खैराबाद थाना कोतवाली नगर निवासी अबू बक्र सिद्दीकी (पहलवान), जो पेशे से प्रधानाध्यापक हैं, की पुत्री अरशी अंसारी ने खेल जगत में जिले का नाम रोशन किया है। विमला फैमिली आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज कानपुर में आयोजित अंतर-महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में अरशी अंसारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और रिले रेस कुल पांच खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी खेलों में स्वर्ण पदक के साथ-साथ विजेता शील्ड भी अपने नाम की। अरशी की इस उपलब्धि से पूरे परिवार के साथ-साथ अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उनके पिता अबू बक्र सिद्दीकी ने बेटी की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अरशी ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। जिले के खेलप्रेमियों और स्थानीय लोगों ने भी अरशी अंसारी को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में वह प्रदेश व देश के लिए भी मेडल लाएगी।

# दूसरे दिन भी अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

**पायनियर संवाददाता। कूरेभार-सुलतानपुर**



अदालत के आदेश के अनुपालन में अयोध्या सुल्तानपुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कूरेभार थाना क्षेत्र के गुप्तारघाट से गुप्तारगंज बाजार तक मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान का दूसरा दिन रहा। तहसीलदार सदर के नेतृत्व में चले इस अभियान में सड़क की दोनों पटरियों पर वर्षों से फैले स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को बड़ी तेजी से हटाया गया।

दोपहर बाद प्रशासनिक टीम भारी पुलिस बल, राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीनों ने आगे बढ़े हुए चबूतरे, शेड, दुकानों के स्थायी हिस्से, अवैध ठेले-खोमचे, साइन बोर्ड और होर्डिंग्स को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। इस बार विशेष रूप से हाइवे किनारे लगे बड़े-बड़े अवैध होर्डिंग्स को हटाने के लिए 'होर्डिंग क्रशर यूनिट' भी लगाई गई, जिसने लोहे के फ्रेम सहित कई फ्लेक्स बोर्डों को मौके पर ही कुचलकर नष्ट कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि अवैध होर्डिंग्स दृश्य प्रदूषण के साथ-साथ दुर्घटनाओं का भी बड़ा कारण बनते हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता के साथ हटाया जा रहा है।

सोमवार को पहले दिन प्रशासन ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कर अतिक्रमण चिह्नित किए थे और दुकानदारों को खुद हटाने की अंतिम चेतावनी दी थी। इसका असर मंगलवार को साफ दिखा कई व्यापारियों ने सुबह से ही अपने आगे बढ़े हुए हिस्से, शेड और बोर्ड खुद हटाना शुरू कर दिया। जहां लोग नहीं माने, वहां बुलडोजर ने सख्ती दिखाई। अभियान में राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता ओम प्रकाश, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, कानूनगो रामपाल, अमीन प्रमोद पांडेय, हल्का लेखपाल तथा कूरेभार थाना पुलिस के जवान मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि अभियान चरणबद्ध तरीके से आगे भी जारी रहेगा और एनएच-330 पर बचा हुआ पूरा अतिक्रमण जल्द ही साफ कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दो युवकों की करंट की चपेट में आकर मौत

**कुड़वार- सुल्तानपुर।** बल्ली के सहारे खींची गयी घर की केविल को ठीक करते समय युवक ग्यारह हजार लाइन की चपेट में आ गया।उसे बचाने दौड़ा दूसरा युवक भी करेंट की चपेट में आ जाने से दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गयी।सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन परिजनों ने विधिक कार्यवाही से इन्कार कर दिया। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के गंजेहड़ी गांव से जुड़ा है।मंगलवार दोपहर में गांव निवासी मो.कैफ(22) पुत्र मो.अंसार के घर बिजली की लाइन केविल के सहारे खींची गयी थी।जो लटक रही थी।जिसे ठीक करने कैफ अपने दोस्त सैफ अहमद (20)पुत्र फैज अहमद के साथ गया था।जब वह केविल उठा रहा था तभी अचानक ऊपर से गयी ग्यारह हजार लाइन की चपेट में आ गया।जिसे बचाने सैफ दौड़ा। दोनों युवकों की झुलस कर मौके पर ही मौत हो गयी।

### रामकथा के बहाने भूमि विवाद गरमाया

**दोस्तपुर-सुलतानपुर।** कस्बे के अनुपम स्कूल के पास गाटा संख्या 179-180 (32 बिस्वा) की साझा जमीन पर रामकथा आयोजन को लेकर पुराना विवाद फिर भड़क उठा है। यह जमीन उमाशंकर अग्रहरि और राकेश अग्रहरि पक्ष की साझा संपत्ति है। मामला फिलहाल एसडीएम कोर्ट कादीपुर में धारा-164 बीएनएस के तहत चल रहा है। उमाशंकर अग्रहरि का आरोप है कि राकेश अग्रहरि ने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रविंद्र त्रिपाठी को भ्रमित कर 15 दिसंबर से विवादित जमीन पर ही रामकथा शुरू कराने की तैयारी कर ली है, ताकि कब्जा मजबूत किया जाए। उमाशंकर ने डीएम, एसपी से लेकर थानाध्यक्ष दोस्तपुर तक को प्रार्थना-पत्र देकर विवादित जगह पर आयोजन रोकने की मांग की है।

### जितेन्द्र हत्याकांड में डॉक्टर तलब हुए

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात के सोनबरसा में धारदार हथियार और लाठी डंडा से मारकर जितेंद्र यादव की हत्या करने के मामले में जिला जज सुनील कुमार ने रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर को गवाही में तलब किया है। बचाव पक्ष से वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि कोर्ट में सोमवार को गवाही होनी है। दो साल पूर्व सोनबरसा निवासी हृदय राम यादव ने पुत्र की हत्या के मामले में गांव के संदीप वर्मा, आलोक, अजय वर्मा, राम नरायन और जीतलाल पर मुकदमा दर्ज कराया था। उधर कोतवाली नगर के लोलेपुर में तीन साल पूर्व हुए मोईन हत्याकाण्ड में विवेचक की गवाही 22 दिसम्बर तक लम्बित हो गई है।

### बलात्कार व हत्या का आरोपी दोषी करार

**सुलतानपुर।** चांदा थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 साल पूर्व नाबालिक किशोरी से दुराचार और उसके रिश्तेदार की हत्या करने के मामले में पॉक्सो कोर्ट के जज नीरज श्रीवास्तव ने आरोपी शमशेर यादव को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया है जिसे तलब कर गुरुवार को सजा सुनाई जाएगी। एडीजीसी सीएल द्विवेदी के अनुसार तीन जनवरी 2014 की रात शमशेर यादव पुत्र वासुदेव नाबालिक किशोरी को उसके घर से उठा ले गया और दुराचार किया। उसे बचाने दौड़े प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाने के रामगंज निवासी रिश्तेदार बृजेश यादव को आरोपी ने हत्या की धमकी दी। दूसरे दिन सुबह पांच बजे बृजेश का शव पीड़िता के दरवाजे पर पड़ा मिला था।

### हत्या के मामले में कोर्ट पहुंचा पूर्व प्रधान

**सुलतानपुर।** इसौली के पूर्व विधायक चन्द्र भद्र सिंह सोनू और अन्य पर दर्ज हुए हत्या के केस में वादी पूर्व प्रधान रामदेव निषाद मंगलवार को नोटिस पर कोर्ट पहुंचा। अधिवक्ता संतोष पांडेय ने प्रोटेस्ट याचिका के लिए रामदेव की ओर से मौका लिया जिस कारण सुनवाई 20 दिसम्बर के लिए नियत हुई है। थाना गोसाईगंज के महिलो आशापुर तिराहा के निकट मायंग के पूर्व प्रधान रामदेव निषाद के भाई जगदेव की दुर्घटना से मौत हो गई थी। वाहन से टक्कर मारकर हत्या करने के आरोप में 29 जून 2024 को पूर्व विधायक चन्दभद सिंह उर्फ सोनू, उनके भाई यशभद सिंह उर्फ मोनू, सहयोगी सूर्य प्रकाश सिंह, सतेन्द्र सिंह, मंजीत सिंह उर्फ रोशन निवासी मायंग थाना धनपतगंत पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना कर पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट दाखिल की थी। अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट की नोटिस पर मंगलवार को पूर्व प्रधान रामदेव निषाद ने कोर्ट में हाजिर होकर प्रोटेस्ट दाखिल करने की बात कही। मामले की सुनवाई 20 दिसम्बर को फिर होगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**गोंडा।** परसपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम हुए सड़क हादसे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। बारामासी पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से युवक अमन मिश्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर का पहिया अमन को करीब 20 मीटर तक घसीटता चला गया। वहीं घटना के बाद चालक ट्रैक्टर और शव को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही कुछ ही देर में गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने इसे सड़क हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया और कहा कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। घटना की जानकारी पर देर रात पुलिस भी मौके पर पहुंची और भारी भीड़ को किसी तरह शांत कराया।

### गन्ना लदी ट्राली से युवक की मौत

**गोंडा।** खरगूपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। ससुराल से घर लौटते समय उसकी मोटरसाइकिल खड़ी गन्ना लदी ट्राली से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ा और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत रनियापुर के मजरा रेहरवा निवासी गुलाबवीर (30) पुत्र निबरे कुरील रविवार को अपनी ससुराल कपूरजोत 13वीं संस्कार में शामिल होने गया था। रात करीब 10रू30 बजे वह मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान गोपाल बाग चैराहा के पास सड़क किनारे खड़ी गन्ना भरी ट्राली से उसकी बाइक टकरा गई। रात का समय होने और सड़क पर आवाजाही कम रहने के कारण युवक काफी देर तक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा रहा। बाद में राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।

# डीएम-एसपी व पूर्व विधायक के समझाने पर माने परिजन, हुआ अंतिम संस्कार

**पायनियर संवाददाता। चांदा-सुलतानपुर**



साढ़ापुर गांव में युवक अमन यादव की हत्या के बाद उपजे भारी तनाव के बीच मंगलवार सुबह उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। परिजनों ने सोमवार को शव न जलाने की जिद पकड़ ली थी और आरोपियों पर बुलडोजर कार्रवाई, परिवार को मुआवजा व जिलाधिकारी-एसपी की मौके पर मौजूदगी तक की मांग की थी।

सोमवार दिन भर गांव छावनी बना रहा। हजारों की भीड़ जमा रही। तहसीलदार लंभुआ प्रांजल तिवारी, नायब तहसीलदार अभय व क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर ने परिजनों को समझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी।

देर रात करीब 9 बजे जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह तथा पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी स्वयं गांव पहुंचे। परिजनों से लंबी वार्ता के बाद उचित कार्रवाई व आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया गया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। मंगलवार सुबह लगभग 10:30 बजे देवाढ़ घाट पर अमन यादव के बड़े पिता रामयज्ञ यादव ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। गौरतलब है कि बीते रविवार को अमन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद से गांव में तनाव व्याप्त है। प्रशासन ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# युवाओं ने चलाया अनोखा 'सांसद खोज अभियान'

**सुलतानपुर।** सांसद की क्षेत्र में अनुपस्थिति को लेकर नाराज युवाओं ने सोमवार को अनोखा अभियान चलाया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर व शहर के विभिन्न इलाकों में युवाओं ने राहगीरों व दुकानदारों से पूछा, ''क्या आपने सांसद जी को चुनाव के बाद देखा है?'' अभियान का नेतृत्व कर रहे सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद सांसद जनपद में नजर ही नहीं आ रहे। जाम की समस्या से लेकर अन्य जनसमस्याएँ हैं, लेकिन सांसद तक बात पहुंच नहीं पा रही। अधिकांश लोगों ने बताया कि उन्होंने सांसद को चुनाव बाद देखा ही नहीं। बृजेन्द्र मिश्र ने कहा कि किसी जनप्रतिनिधि से व्यक्तिगत विरोध नहीं है, पर चुने हुए सांसद का दायित्व है कि क्षेत्र में रहकर जनता की समस्याएं सुनें। शहर का दुर्भाग्य है कि सांसद का आना-जाना लगभग बंद सा हो गया है। अभियान में अभिषेक शुक्ला एडवोकेट, दीपक तिवारी, देवेश कुमार एडवोकेट सहित कई युवा शामिल रहे।



# कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**



कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन मंगलवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पार्टी कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में सोनिया गांधी के चित्र के समक्ष केक काटा गया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि सोनिया गांधी साहस, त्याग व समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। विषम परिस्थितियों में उन्होंने पार्टी का पुनर्गठन कर कांग्रेस को फिर बुलंदियों पर पहुंचाया। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने उनके प्रधानमंत्री पद त्याग को अतुलनीय बलिदान बताया। इस अवसर पर नफीस फारूकी, रणजीत सिंह सलूजा, सुब्रत सिंह सनी, राहुल त्रिपाठी, हामिद राईनी, धर्मराज मिश्रा, सुरेश चंद्र मिश्रा, दिनेश मिश्रा, उमाकांत त्रिपाठी, अतीक अहमद, शीतला प्रसाद साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ड्यूटी पर जा रहे रेलवे कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत



**गोसाईगंज - सुलतानपुर।** लखनऊ बलिया राजमार्ग पर बांसगांव के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में घायल रेलवे कर्मचारी की लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुँचा तो परिवार में कोहराम मच गया।

मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नानेमऊ निवासी जितेंद्र कुमार शर्मा रेलवे विभाग के डीआरएम ऑफिस, प्रयागराज में तैनात थे। वह छुट्टी बिताकर बाइक से सोमवार दोपहर को ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। वह बांसगांव के पास सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसे में सिर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन जितेंद्र को लखनऊ ले जा रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार दोपहर जैसे ही शव घर पहुंचा तो पत्नी रितु शर्मा, पिता अमरनाथ शर्मा और परिजन बिलख पड़े। दो वर्षीय बेटी किट्टू बार-बार पिता को ढूंढती रही। जिससे हर किसी की आंखें नम हो गईं। दोपहर करीब 2 बजे दियरा राजघाट पर गमगीन माहौल में शव अंतिम संस्कार किया गया।

# राहुल के मुकदमे में गवाही टली

**सुलतानपुर।** कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विचाराधीन मानहानि केस में एमपी - एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए दूसरे गवाह रमेश चन्द्र दुबे को वकीलों के प्रस्ताव के कारण मंगलवार को वापस लौटना पड़ा। मुकदमे में याची के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने गवाह को शुक्रवार को जिरह के लिए फिर हाजिर होने का आदेश दिया है। वर्ष 2018 में बंगलूरू में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिस पर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

# बजे घण्टे-घड़ियाल, हुई बाबा जनवारीनाथ की आरती

❖ हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजा धाम

**पायनियर संवाददाता। लंभुआ-सुलतानपुर**



प्रसिद्ध बाबा जनवारीनाथ धाम में शिवभक्तों ने साप्ताहिक संध्याकालीन आरती में हिस्सा लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बाबा जनवारीनाथ के मुख्य गर्भगृह में पूजन का कार्यक्रम विद्वान पुरोहितों ने सम्पन्न कराया। बाद में प्रसाद वितरण के साथ यह साप्ताहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

प्रत्येक सोमवार की शाम को बाबा जनवारीनाथ धाम में मंगल आरती का आयोजन बाबा जनवारीनाथ धाम सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। सोमवार को साप्ताहिक आरती के लिए पूजन शुरू हुआ। मुख्य यजमान व गांधीनगर, लंभुआ राकेश तिवारी - प्रमिला तिवारी ने पूजन के बाद भगवान गणेश, नंदी जी महराज का भी पूजा अर्चना किया। इसके बाद रुद्राष्टक का सस्वर पाठ किया गया। रुद्राष्टक से पहले दूध, दही और पंचामृत स्नान के बाद बाबा का सुंदर श्रृंगार किया गया। कई तरह के प्रसाद भी वितरित किए गए। मौके पर मुख्य आचार्य पं रवि शंकर शुक्ल, पं सौरभ मिश्र की टोली ने सस्वर शिव आरती का पाठ किया। इस मौके पर ट्रस्ट के रणबीर सिंह, प्रमोद मिश्र, शिवम बरनवाल, आशीष बरनवाल, चेतन कसौंधन, शोभनाथ मिश्र सहित शिवभक्त मौजूद रहे।

# आत्मविश्वास ही सफलता की सीढ़ी: दिग्विजय

❖ बेलवा नोहर विद्यालय में आईसीटी लैब का हुआ उद्घाटन

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**



सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी से बच्चों में न केवल नए ज्ञान का विकास होगा, बल्कि वह कंप्यूटर की नई तकनीक से रूबरू भी होंगे। यह बात समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय मिझौरा के प्रबंधक दिग्विजय सिंह ने शिक्षा क्षेत्र परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में आईसीटी लैब के उद्घाटन अवसर पर कही।

उन्होंने बच्चों से कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है और सफलता दृढ़ संकल्प में निहित है। सपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है। हर सुबह एक नया अवसर है, बस खुद पर विश्वास रखो। वहीं जिला पंचायत सदस्य रेनू दूबे ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने का आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया की मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह द्वारा विद्यालय में बच्चों को स्वच्छ पेयजल हेतु वाटर कूलर लगवाने की घोषणा किया है। इस मौके पर बच्चों को ठंड से बचाव हेतु ब्लेजर भी वितरित किया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर उन्हें उपहार स्वरूप नकद धनराशि भी दी गई।

# मुनीम के हत्यारोपी तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**



जिले की छपिया पुलिस ने सबरापुर गांव में हुए 40 वर्षीय मुनीम राम सजीवन वर्मा हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों सचिन, बृजेश कुमार और महाजन गुप्ता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने इस पूरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि मुनीम द्वारा नौकरी से निकालने पर अपमानित होने एवं भट्ठा मालिक के मुनीम के पास रखे गए 11 लाख रुपये चुराने को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और एक आला कत्ल बांका बरामद हुआ है। पुलिस ने 5 दिन के भीतर इस हत्याकांड का पर्दाफाश किया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी सचिन ने बताया कि वह पवन ब्रिक्स फील्ड सबरापुर छपिया में ट्रैक्टर चालक है। मुनीम राम सजीवन वर्मा द्वारा उसे बार-बार अपमानित किया जाता था और नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती थी, जिससे वह परेशान था। घटना से 8-10 दिन पहले भट्ठा मालिक काशीराम वर्मा ने जमीन बेचकर मुनीम को 11 लाख रुपये दिए थे। इसकी जानकारी होने पर सचिन ने अपने अपमान का बदला लेने, मुनीम को रास्ते से हटाने और 11 लाख रुपये हड़पने की नीयत से भट्ठे के पूर्व ट्रैक्टर चालक बृजेश और अपने साथी महाजन गुप्ता के साथ मिलकर हत्या और चोरी की योजना बनाई थी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुआ 395 जोड़ों का विवाह

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**



मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज (टामसन) में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों व नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 511 जोड़े पंजीकृत थे, जिसमें से 395 जोड़ों का विवाह पूरी रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। इसमें 62 जोड़ों का इस्लामिक पद्धति से मौलवी साहिबे आलम द्वारा निकाह कराया गया। गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री कारागार विभाग उत्तर प्रदेश व जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चैहान तथा विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक तरबगंज प्रेम नारायन पांडेय, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा सांसद गोंडाध्केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र ने विवाह मण्डप पर बैठे जोडों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेंगे, वो चाहे किसी जाति व धर्म की हों। सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रूपये 60000ध- प्रति जोडे के दम्पतियों के खाते में दिया जाता है। शेष उपहार सामग्री दी जाती है। जिसमें चांदी की पायल बिछिया, स्टील का डिनर सेट, पांच लीटर का प्रेशर कुकर, कन्या हेतु दो जोड़े कपड़े, वर हेतु एक जोड़ा कपड़ा, दीवाल घड़ी, सौन्दर्य प्रशासन किट आदि गृहस्थी का सम्मिलित होता है।

# फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव

**महराजगंज,रायबरेली।** नरई गांव में 17 वर्षीय दशवीं की छात्रा का घर के कमरे में हुक के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के नरई मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी दीपक गोस्वामी की पुत्री हिमांशी 17 वर्ष कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा है। मंगलवार को दीपक व उनकी पत्नी किसी काम से रायबरेली गए थे। घर में हिमांशी अकेली थी। तीन बजे घर लौटे परिजनों ने कमरे के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका बेटी हिमांशी का शव देखा तो आवाक रह गए। घबराए परिजनों ने आनन-फानन घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व फारेंसिक टीम ने घटना के सम्बन्ध में जांच कर साक्ष्य इकट्ठे करते हुए हत्या या आत्महत्या की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर मौजूद कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# यह उत्सव हमारी मेहनत व टीम वर्क का साक्षी : साधना सिंह

**पायनियर संवाददाता। ऊँचाहार, रायबरेली**



ऊँचाहार विधान सभा क्षेत्र के विकास खंड रोहनिया में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कौन बनेगा नन्हा कलाम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकास खंड रोहनियां के सभी उच्च. प्राथमिक विद्यालय व कस्तूरबा बालिका विद्यालय के 5-5 छात्र व छात्राओं सहित 100 बच्चों को प्रतिभाग कराया गया। प्रतियोगिता दो चरण में आयोजित कराई गयी। पहले चरण में टॉप 25 बच्चों का चयन किया गया। द्वितीय व चरण में 5 बच्चों को जिले में होने वाली परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु चयन किया गया। इन पांचों बच्चों के खाते में तीन-तीन हजार रुपए विभाग द्वारा मॉडल बनाने हेतु प्रेषित किया जाएगा। राजकीय हाईस्कूल रोहनिया, में पुरस्कार वितरण एवं वार्षिक समारोह का भी आयोजन किया गया। वार्षिक समारोह के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं, गृह परीक्षा व बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथियों में सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, रोहनिया के डॉ अखिलेश, प्रधान प्रतिनिधि उमरन रणजीत सिंह, समाजसेवी एवं व्यवसाई जितेंद्र बहादुर सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पुत्र का निधन शोक की लहर

**तिलोई-अमेठी।** विकास क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं व्यवसायी सुरेश त्रिवेदी के ज्येष्ठ पुत्र आशीष त्रिवेदी का मंगलवार को निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे और पीजीआई में उनका उपचार जारी था। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

कुटमरा स्थित उनके तिलोई आवास पर बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे तथा शोक संवेदनाएं व्यक्त की। कुटमरा गांव स्थित बाग में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना,भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, कमलेश अग्निहोत्री भवानी दत्त दीक्षित, ऋषि दीक्षित परमानंद मिश्रा,सेठ सुन्दर लाल,सुनीता सिंह,इंदु कुमार पाठक, सुरेंद्र बहादुर सिंह,राजकुमार तिवारी, हीरा सिंह,कर्ण बाजपेयी,चंद्र मोहन तिवारी,महबूब खां बुग्गी,मोङ्क लतीफ, अभिषेक अग्निहोत्री दीपू शुक्ला अवनीश तिवारी आदि क्षेत्र के हज़ारों गणमान्य उपस्थित रहे।

# त्याग और तपस्या की राजनीति में प्रतिमूर्ति हैं सोनिया गांधी

**पायनियर संवाददाता। अमेठी**



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय राजनीति में त्याग, तपस्या और सेवा की अनूठी मिसाल स्थापित करने वाली पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का 79वॉ जन्मदिन मंगलवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में अत्यंत हर्ष और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने भावनाओं से ओत-प्रोत होकर उनके दीर्घ राजनीतिक सफर, अटूट समर्पण और संघर्षों को स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत अमेठी कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भारी भीड़ मे कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। सभागार में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि सोनिया गांधी का जीवन भारतीय राजनीति में त्याग और दृढ़तापूर्वक कर्तव्य निभाने का प्रतीक है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन को संभाला, देश और पार्टी के हित को सदैव अपनी प्राथमिकता रखा और कठिन दौर में भी संयम, सादगी और धैर्य का उदाहरण प्रस्तुत किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि सोनिया गांधी ने न केवल एक नेता के रूप में, बल्कि एक संवेदनशील नागरिक और दायित्वों का निर्वहन करने वाली दृढ़ व्यक्तित्व के रूप में भी देश की सेवा की है। व्यक्तिगत जीवन की गहरी पीड़ाओं के बीच भी उन्होंने राष्ट्रहित और संगठन के लिए स्वयं को समर्पित रखा। इसी त्याग और तपस्या ने उन्हें करोड़ों भारतीयों के हृदय में विशिष्ट स्थान दिलाया है।

# मतदाता सूची का शुद्धीकरण लोकतंत्र मजबूती का कदम : केशव

पायनियर संवाददाता। उन्नाव



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को बीजेपी कार्यकताओं के साथ बैठक कर मतदाता सूची सुधार एसआईआर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर से प्रदेश स्तर तक इस प्रक्रिया में बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रही है। पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची शुद्ध होने के बाद फर्जी वोटिंग की संभावनाएं समाप्त होंगी और एक मतदाता एक ही स्थान पर मतदान कर सकेगा। उन्होंने कहा कि डुप्लीकेट मतदाताए मृत व्यक्ति का नाम और घुसपैठियों के नाम सूची में नहीं रहने दिए जाएंगे। उन्होंने कहाकृष्हमारा लक्ष्य है कि कोई भी दो जगह या दस जगह नाम दर्ज करके चुनाव को प्रभावित न कर सके। उन्होंने बताया कि ऐसी महिलाओं की भी छानबीन की जा रही हैए जिनकी शादी होने के बाद भी उनका नाम दो जगह दर्ज है। केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेसए समाजवादी पार्टी और डीएमके जैसे दल इस प्रक्रिया का विरोध कर दिखावा कर रहे हैंए जबकि पर्दे के पीछे वे भी इसमें भाग ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव के बाद उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अपराधी चाहे जहां छुपा होए पकड़ा जाएगा। रोहिंग्या और अन्य घुसपैठियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जांच जारी हैए और यदि कोई मतदाता सूची में शामिल पाया गया तो उसे हटाया जाएगा और आवश्यक होने पर देश से बाहर किया जाएगा। बंगाल की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि श्बाबर के नाम पर कोई ढांचा खड़ा हुआ तो वह स्वीकार नहीं होगा। वंदे मातरम पर दिए गए बयान में उन्होंने कहा कि यह आजादी का महामंत्र है और हर भारतीय सम्मान के साथ इसे स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशहित में काम कर रही है और राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़ रही है।

# विधायक ने लाभार्थियों को सौंपे मुख्यमंत्री आवास के प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता। उन्नाव

विकासखंड बीघापुर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 268 लाभार्थियों को आवास के प्रमाण पत्र विधायक आशुतोष शुक्ला द्वारा वितरित किए गए। इसके साथ ही 12 लाभार्थियों को बोरिंग संबंधित प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्राकृतिक आपदा से आवासहीन हुए 118 लोगोंए निराश्रित 88 लोगों तथा 62 दिव्यांगजन को आवास का प्रमाण पत्र सौंपा गया। वहीं मध्य गहरी बोरिंग के लिए 2 लाभार्थियोंए उथली बोरिंग के लिए 6 लाभार्थियों और डीजल पंप हेतु 4 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना हैए ताकि समाज के कमजोर वर्गों के जीवन में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि ष्सबका साथए सबका विकास और सबका विश्वासष भाजपा की मूल कार्यप्रणाली है। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह परौरीए पवन पासवानए प्रधान भोले सिंहए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संजय शुक्लाए बीडीओ पंकज गौतमए भाजपा नेता पंकज अवस्थीए गोविंद नारायण शुक्ला और ऊदल फौजी उपस्थित रहे। संचालन पंकज मौर्या ने किया।

# बेटे की लाश पहुंची घर मां लिपटकर लगी रोने

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

मथुरा हादसे में मरने वाले तीन दोस्तों का शव घर पहुंचे। मेरा भाई मुझे अकेला छोड़कर चला गया। उसने मुझे धोखा दिया है। उसके लिए शादी के रिश्ते आ रहे थे। लड़कियों की फोटो दिखाने पर कहता था मईया अभी कोई पसंद नहीं रहा है। अपनी भाभी से कहता.कोई लड़की अच्छी नहीं लग रही। ये कहना है मथुरा हादसे में मरने वाले निकुंज के भाई का। निकुंज और उसके दो दोस्तों की मौत सड़क हादसे में हुई थी। तीनों दोस्तों का परिवार सदमे में है। दूसरे मृतक सौरभ की मां का भी रो.रोकर बुरा हाल है। शव घर पर पहुंचते ही वह उससे लिपटकर रोते.रोते बेहोश हो जा रही थीं। शव से लिपटकर वह चिल्लार्ती. सौरभ बेटा उठ जाओ मुझसे बात करोए मेरे लाल उठ जाओ। कोई मेरे सौरभ को उठा दो। मुझे बात करना है अपने लाल से। दरअसल, मथुरा सड़क हादसे में जान गंवाने वाले तीनों दोस्तए शाहजहांपुर के जलालाबाद के रहने वाले थे। 800 मीटर के दायरे में ही तीनों का घर है। सोमवार देर रात पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों का शव घर पहुंचे तो परिवार के लोगों का रो.रोकर बुरा हाल था। मथुरा में सोमवार सुबह शाहजहांपुर के रहने वाले तीन दोस्त सौरभ वर्माएनिकुंज गुप्ता और राजन गुप्ता ब्रेजा कार से वृंदावन जा रहे थे। कार जैसे ही थाना राया क्षेत्र में पहुंचीए आगे चल रहे ट्रैक्टर में घुस गई। हादसे में सौरभए निकुंज और राजन की मौत हो गई। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस शवों को कार का शीशा तोड़कर निकाल पाई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बाराबंकी/सफदरगंज।** अकबरपुर रोड पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर कार और बाइक की हुई भीषण टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और आसपास मौजूद लोगों में अफरा.तफरी फैल गई। हादसा शुक्रवार रात लगभग 10:40 बजे हुआ।बताया जा रहा है कि बाइक सफदरगंज की ओर आ रही थी। तभी सामने से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दर्दनाक चोटों के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास वर्मा, निवासी भूल.भुलैया के रूप में हुई है।

# बिना लाइसेंस चिकित्सा स्टोर पर छापेमारी, दवाएं सीज

पायनियर संवाददाता। उन्नाव



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने दारापुर स्थित मै० सुहैल मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान स्टोर संचालक सुहैल पुत्र समीम मौके पर मौजूद मिलाए लेकिन औषधि विक्रय लाइसेंस प्रस्तुत न कर पाने पर समस्त एलोपैथिक दवाओं को नियमानुसार सीज कर लिया गया।

छापेमारी टीम में शामिल उपनिरीक्षक रामलखन ने बताया कि 9 दिसंबर को लगभग 11 बजे की गई कार्रवाई में दवाओं का स्टॉक जब्त किया गया तथा एक संदिग्ध दवा का नमूना परीक्षण हेतु लिया गया है। सीज की गई दवाओं की अनुमानित कीमत 20ए062ण81 रुपये बताई गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच पूरी होने के बाद औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 की धारा के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उन्नाव की अदालत में परिवाद दायर किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मेडिकल स्टोर पर बिना अनुमति के दवाओं का भंडारण व विक्रय गंभीर उल्लंघन की श्रेणी में आता हैए जिस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी जोरदार टक्कर, मौत

**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के सूरतगंज मार्ग पर मंगलवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गयाए जिसमें जरखा गांव के 65 वर्षीय मोहम्मद अय्यूब की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहम्मद अय्यूब पुत्र बाबू अंसारी देर शाम गांव की मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अय्यूब को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गयाए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में शामिल मोटरसाइकिल सवार युवक की पहचान अक्षत कुमार निवासी आल्हेमऊ के रूप में हुई है।

# मिशन शक्ति की पहल से बिखरता घर फिर से जुड़ा

पायनियर संवाददाता। निंदूरा बाराबंकी

मिशन शक्ति केंद्र में मंगलवार का दिन एक परिवार के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आया। जगसेड़ा निवासी रईस पुत्र मोहम्मद शाहिद ने 8 दिसंबर को अपनी पुत्री शाजिया से जुड़े विवाद को लेकर थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों को 9 दिसंबर को थाने बुलाया।

थाना परिसर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेंद्र मिश्राए उपनिरीक्षक अनिल पांडेय और महिला कांस्टेबल अनुराधा बाजपेई ने धैर्यपूर्वक दोनों पक्षों की बातें सुनीं। काउंसलिंग के दौरान कई बार भावनाएं भी उमड़ींए लेकिन पुलिस टीम ने शांति और समझदारी से माहौल को संभाले रखा।लगभग एक घंटे तक चली वार्ता में मिशन शक्ति टीम ने रिश्तों की अहमियत समझाते हुए दोनों को एक.दूसरे का साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। अंततः मेहनत रंग लाई और दोनों पक्ष आपसी सहमति से सुलह पर तैयार हो गए। पति.पत्नी ने फिर से साथ रहने का निर्णय लियाए जिससे घर.परिवार में खुशियों की वापसी हो गई। पुलिस टीम के इस मानवीय प्रयास की उपस्थित लोगों ने थाना बड्डूपुर में पुलिस कर्मियों की सराहना किया।

## एक साथ रहने को राजी हुए दंपति



**टिकैतनगर बाराबंकी:** कोतवाली टिकैत नगर प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ल के कुशल पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति सहायता केंद्र मे फरमीदा बानो निवासिनी कस्बा इचौली के द्वारा प्रार्थना पत्र अपने पति के खिलाफ दिया था जिसको लेकर कोतवाल टिकैत नगर के द्वारा कुशल नेतृत्व में पति.पत्नी के बीच जो विवाद था उसको लेकर दोनों को दरोगा बृजेश महिला कांस्टेबल ज्योति देवी काउंसलिंग करके समझा बूझकर मामले को निपटा ने का काम किया जिससे दोनों पति.पत्नी राजी खुशी से रहने के लिए सहमत हो गए पुलिस विभाग की महिला मिशन शक्ति केंद्र के द्वारा यह समझौता कार्य हो पाया दोनों पति.पत्नी कोतवाली से राजी खुशी रहने पर सहमत होकर अपने घर चले गए कोतवाली टिकैत नगर पुलिस टीम के द्वारा सराहनीय कार्य जिसकी क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही।

# डीएम व सीडीओ ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती



जनपद में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गरीब, असहाय एवं निराश्रित वर्ग के नागरिकों को कंबल वितरण किया जा रहा है जिसके तहत गत रात्रि में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने नगर भ्रमण कर ठंड में ठिठुर रहे नागरिकों को कंबल वितरित किया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने रोडवेज समेत अन्य स्थानों का भी भ्रमण कर कई लोगों को कंबल प्रदान किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर भारत के अधिकांश भागों में धीरे-धीरे ठंड बढ़ रही है। जिला प्रशासन जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है ऐसे में प्रशासन द्वारा गरीब, निराश्रित लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। जनपद में चयनित स्थलों पर रैन-बसेरा भी संचालित किये जा रहे हैं जिससे ठंड में यात्रा आदि कारणों से कोई नागरिक बाहर फंस जाये तो उसे खुले में न रुकना पड़े यदि किसी नागरिक को कोई समस्या हो तो वह कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम के नम्बर 1077 डायल कर सूचना दे सकते है। इस अवसर पर नगर में निवासरत निराश्रित महिलाओं कोयला, रमपति, जानकी देवी, तारावती, तथा चमेला, कोयली, शान्ति देवी, कृपाराम बालकराम सहित अन्य नागरिकों को कंबल वितरित किये।

## कंटेनर की टक्कर से पिकअप चालक की मौत

**शाहजहांपुर।** एक सड़क हादसे में पिकअप चालक की मौके पर मौत हो गई। सोमवार को हरदोई बाईपास के पास एक कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी पिकअप को टक्कर मार दी। मृतक की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने कंटेनर चालक और कंडक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। यह घटना थाना आरसी मिशन क्षेत्र के रैयान इंटरनेशनल स्कूल के पास हरदोई बाईपास पर हुई। मृतक चालक की पहचान मोहल्ला बाबूजई निवासी हनीफ के रूप में हुई हैए जो मेसर्स साई वामर्स फर्म के मालिक की पिकअप चलाते थे। हनीफ पिकअप में माल लादकर जलालाबाद जा रहे थे। हरदोई बाईपास के पास उनकी पिकअप का माल खुल गया। हनीफ ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और माल बांधने लगे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हनीफ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कंटेनर का चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। वहां से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# नेत्र शिविर में 81 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण

पायनियर संवाददाता। मसौली बाराबंकी

अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डिवाइन धनवंतरी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटरए प्यारेपुर सरैया के सौजन्य से विकास खंड मसौली के पंचायत भवन अकबरपुर धनेठी में सोमवार को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कुल 81 नेत्र रोगियों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों से संबंधित समस्याओं की पहचान करना और समय पर उपचार व परामर्श उपलब्ध कराना था। शिविर में आए मरीजों की आंखों की निःशुल्क जांच की गई। कमजोर नजरए मोतियाबिंदए आंखों में जलनए पानी आनाए लालिमा और धुंधलापन जैसी विभिन्न नेत्र समस्याओं की प्राथमिक जांच की गई। वरिष्ठ टेक्नीशियनों ने लोगों को आंखों की देखभालए खानपान में ध्यान देने योग्य बातेंए धूल.धूप से बचाव और नियमित जांच के महत्व के बारे में जागरूक भी किया। शिविर में जरूरतमंद मरीजों के लिए उत्तम गुणवत्ता के चश्मे मात्र 250 में उपलब्ध कराए गएए जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बड़ी राहत मिली। शिविर के संचालन में नेत्र तकनीशियन ज्योति त्रिपाठीए पंचकर्म थेरपिस्ट रंजना सिंहए नर्सिंग स्टाफ शबीना बानोए रिसेप्शनिस्ट मोहिनी मौर्याए पीआरओ राजकुमार वर्माए सुपरवाइजर पंकज वर्माए वार्ड ब्वॉय महेंद्र कुमार सहित अस्पताल की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी चिकित्सा कर्मियों ने मरीजों की जांच व सुविधा उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाई।ग्राम पंचायत अकबरपुर धनेठी के ग्राम प्रधान रमाशंकर और पंचायत सहायक अश्विनी कुमार ने शिविर में पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया और आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैंए क्योंकि कई बार जानकारी व संसाधनों की कमी के कारण लोग आंखों की समस्याओं का समय रहते इलाज नहीं करा पाते। स्थानीय लोगों ने भी इस शिविर के आयोजन को एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे न केवल उन्हें जांच की सुविधा मिलीए बल्कि आंखों की बीमारियों से बचाव संबंधी उपयोगी जानकारी भी प्राप्त हुई।

## पोस्टमार्टम हाउस के बाहर दो पक्षों में हुईमारपीट

**उन्नाव।** आदर्श नगर स्थित पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मंगलवार सुबह पैसों के लेन.देन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुईए जो कुछ ही देर में धक्का.मुक्की और हाथापाई में बदल गई। अचानक हुए विवाद से पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद लोग और राहगीर भयभीत नजर आए। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच.बचाव की कोशिश कीए लेकिन स्थिति नियंत्रित नहीं हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस के मुताबिकए प्रारंभिक जांच में मामला पैसों के लेनदेने से संबंधित सामने आया है। पुलिस ने वायरल वीडियो को जांच का हिस्सा बनाते हुए दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है।अधिकारियों ने बताया कि किसी भी पक्ष द्वारा औपचारिक शिकायत देने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अधर्म के नाश के लिए भगवान लेते हैं अवतार

पायनियर संवाददाता। सिरौलीगौसपुर / बाराबंकी।



श्री दुर्गा पूजा स्थल बस स्टाप टिकैतनगर में आयोजित कथा में कथा व्यास जब जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है तब.तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। जिससे असुरों का नाश होता है और अधर्म पर धर्म की विजय। भगवान चारों दिशाओं के कण.कण में विद्यमान है। इन्हे प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति ही है। त्रेता युग में जब असुरों की शक्ति बढ़ने लगी तो माता कौशल्या की कोख से भगवान राम का जन्म हुआ। उक्त व्याख्यान मानस मर्मज्ञ परम पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज जी ने रामकथा में श्री रामचन्द्र जी भगवान के जन्म के समय दिया। उन्होंने कहा कि भगवान सर्वत्र व्याप्त हैए प्रेम से पुकारने व सच्चे मन से सुमिरन करने पर कहीं भी प्रगट हो सकते है। इसलिए कहा गया है कि ष्हरि व्यापक सर्वत्र समानाष। आगे व्यास जी ने कहा निरगुण से सगुण भगवान सदैव भक्त के प्रेम के वशीभूत रहते हैए भक्तों के भाव पर सगुण रूप लेते है। जब.जब होय धर्म की हानिए बढहिं असुर अधर्म अभिमानीए तब.तब प्रभु धरि विविध शरीरा। धर्म व सम्प्रदाय में अन्तर को समझाते हुए श्री भारद्वाज जी ने बताया कि धर्म व्यक्ति के अन्दर एकजुटता का भाव पैदा करता हैए वहीं सम्प्रदाय व्यक्ति को बाहरी रूप से एक बनाता है। मानव को एकजुटता की व्याख्या करते हुए श्री व्यास जी ने कहा है कि एक पुस्तकए एक पूजा स्थलए एक पैगम्बरए एक पूजा पद्धति ही व्यक्ति को सीमित व संकुचित बनाती हैए जबकि ईश्वर के विभिन्न रूपों को विभिन्न माध्यमों से स्मरण करना मात्र सनातन धर्म ही सिखाता है। ईश्वर व पैगम्बर में अन्तर को बताते हुए कहा कि ईश्वर के अवतार से असुरों का नाश होता है। अधर्म पर धर्म की विजय होती है। यह अद्भुत कार्य मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम एवं भगवान श्री कृष्ण ने अयोध्या व मथुरा की धरती पर अवतार लेकर दिखाया। दोनों ने असुरों का नरसंहार करके धर्म की रक्षा की। श्री व्यास जी ने देश की युवा पीढ़ी पर घोर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा पाश्चात्य सभ्यता के भंवर में फंसा हुआ है। उसे राम कृष्ण सीता के साथ भारतीय सभ्यता से मतलब नही है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि यदि माताएं चाहे तो युवा पाश्चात्य सभ्यता से अलग हो सकता है। सभी माताओं से आग्रह किया कि गर्भवती माताओं के चिन्तनए मननए खान.पानए पठन.पाठनए रहन.सहन का बच्चे पर अत्यन्त प्रभाव पड़ता है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान माताओं को भगवान का सुमिरन करना चाहिएए साथ ही साथ सात्विक भोजन व चिन्तन आदि करना चाहिए। भगवान राम के जन्म की व्याख्या करते हुए बताया कि भगवान के जन्म के पूर्व विष्णु के द्वारपाल जय.विजय को राक्षस बनने का श्राप मनु एवं सतरूपा के तप से भगवान ने राजा दशरथ व रानी कौशल्या के घर जन्म लिया जिससे समस्त अयोध्यावासी प्रसन्न हो उठे। भगवान राम के जन्म की व्याख्या के दौरान जैसे ही कथा व्यास ने भजन गया वैसे ही श्रोता झूम उठे जैसे सचमुच पाण्डाल में भगवान राम का जन्म हुआ हो। कथा सुनने आयी भक्त महिलाओं ने बधाई गीत गाये जिससे पूरा पाण्डाल राममय हो गयाए पूरे पाण्डाल में पुष्पों की वर्षा हुई।

# जिला जज ने किया ग्राम न्यायालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता। फतेहपुर बाराबंकी

मंगलवार को जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने फतेहपुर तहसील परिसर स्थित ग्राम न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओंए वादों के निस्तारण की स्थिति और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गंभीरता से अवलोकन किया। जिला जज ने सबसे पहले ग्राम न्यायालय में रखे गए विभिन्न रजिस्टरों का परीक्षण कियाए जिनमें लंबित वादए निस्तारित वादए तथा कार्यवाही से जुड़े अभिलेख शामिल थे। उन्होंने वादों के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही न्यायालय परिसर में साफ.सफाईए पेयजल की सुविधाए अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था और आम नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी आकलन किया। उन्होंने गर्मी को ध्यान में रखते हुए शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। न्यायालय आने वाले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए बेहतर प्रतीक्षालय और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने अधिकारियों को ग्राम न्यायालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायालय ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किए गए हैंए इसलिए इनके सुचारू संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार

## सड़क निर्माण में अनियमतता की शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी ।** विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत पूरे छेदा मियां का पुरवा से सरदार गंज तक सडक का निर्माण कार्य चल रहा है।ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को आई जी आर एस पर शिकायत दर्ज कराई है और बताया कि जिला पंचायत बाराबंकी से जारी टेंडर मे सडक का निर्माण अथवा लेपन कार्य हॉट मिक्स प्लांट से कराये जाने की शर्त का उल्लंघन ठेकेदार कर रहे हैं। जिससे सडक की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

## एसआईआर बूथ रिपोर्ट के लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत स्थित सभागार में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी द्वारा की गई। वहीं कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री आकाश गुप्ता के द्वारा की गई। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर सभी बूथ अध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत तथा रचना श्रीवास्तव ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को और गति देने के लिए सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जिसमें बूथ नंबरए कुल मतदाताए कुल वितरण गणना फॉर्म तथा कुल जमा फॉर्म के साथ ही मृतक मतदाता की संख्या प्रवासी मतदाता और नए मतदाताओं की संख्या दर्ज की जाएगी। जिसको लेकर विशेष बैठक कर यह जानकारी दी गई है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीश रावतए दीपक निगमए राजन बक्सोर अर्जुन कश्यपए राम विलासए मनोज रावतएसहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## एसपी ने बैटमिंटन कोर्ट का किया उद्धघाटन



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय ने थाना हैदरगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत पुलिस चौकी पोखरा के कार्यालय व बैरक तथा थाना हैदरगढ़ पर बैटमिंटन कोर्ट का उद्धघाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ समीर कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ अभिमन्यु मल्ल व अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नशीली दवाओं के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** कटरा- पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री की रोकथाम के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द उत्तम व क्षेत्राधिकारी सर्किल इकौना भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह मय पुलिस टीम व औषधि निरीक्षक श्रावस्ती श्रीकान्त गुप्ता द्वारा नशीली दवाओं की बिक्री की सूचना पर दो अभियुक्त क्रमशः मो0 अतीकुर्रहमान पुत्र हफीजुर्रमान निवासी विशुनापुर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती व मो0 नदीम पुत्र अब्दुल वहीद निवासी नरपतपुर थाना नवीन मार्डन पुलिस थाना श्रावस्ती जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया।

## जरूरत के समय पर मिले परिजनों को आर्थिक सहारा

**श्रावस्ती।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2026 के शुरुआती छह महीनों में 99.33प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है जो देश की टॉप लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में सबसे ज्यादा है। खास बात यह है कि बिना जाँच वाले दावों का भुगतान करने में कंपनी ने औसतन सिर्फ 1.1 दिन का समय लिया इसी अवधि में कंपनी ने कुल 893.38 करोड़ रुपए के डेथ क्लेम भी सेटल किए। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर अमिश बैंकर ने कहा हमारी क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए डिजाइन की गई है और हम हर क्लेम को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। हमारा ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और डिजिटलाइजेशन पर मजबूत फोकस हमें क्लेम जल्दी सेटल करने में सक्षम बनाता है जिससे परिवारों को जरूरत के समय समय पर आर्थिक सहारा मिल सके। मोबाइल ऐप, व्हाट्सऐप, चैटबॉट और वेबसाइट जैसे सुविधाजनक प्लेटफॉर्म के जरिए दावेदार आसानी से क्लेम दर्ज कर सकते हैं और उनकी स्थिति भी ट्रैक कर सकते हैं। खास तौर पर हमारी क्लेम फॉर श्योर पहल के तहत जो सभी दस्तावेज जमा होने के एक दिन में एलिजिबल क्लेम सेटल करने का वादा करता है। हमने वित्त वर्ष 2026 के शुरूआती छः महीनों में 157.25 करोड़ रुपए के डेथ क्लेम्स को सेटल किया।

## केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**श्रावस्ती।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय श्रावस्ती का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति अश्विनी कुमार पांडेय ने प्रतिभाग करते हुए विजेता प्रतिभागियों एवं अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा में अभिवृद्धि की। छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0के0 श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह वार्षिक उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान से समापन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनका भी केन्द्रीय विद्यालय से पुराना नाता रहा है प्रारम्भिक शिक्षा उन्होने केन्द्रीय विद्यालय से ही ग्रहण की है। जिलाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पूरे मनोयोग के साथ पढ़ाई करें और उनके जो भी लक्ष्य है उन्हें प्राप्त कर अपना व अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा, 62वीं बटालियन एस0एस0बी0 भिनगा के कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण, सहायक कमांडेंट अमित शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, अध्यापकगण व अभिभावकगण मौजूद रहे।

## तस्करी मामले में आरोपी को 17 दिन की सजा

**उन्नाव।** एनडीपीएस एक्ट से जुड़े एक मामले में उन्नाव की अदालत ने आरोपी शंकरी को दोषी करार देते हुए 17 दिन के कारावास और चार हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2021 का है। 19 अगस्त 2021 को अचलगंज थाना पुलिस ने गहरा गांव निवासी शंकरी को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास से 1ण300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया था। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। मामले की विवेचना तत्कालीन उपनिरीक्षक विजय प्रकाश द्वारा की गई। विवेचना पूरी होने पर 17 सितंबर 2021 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों और पुलिस रपट को सही मानते हुए आरोपी को दोषी ठहराया।

## सब्जी मंडी से बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के हरदोई पुल के नीचे स्थित सब्जी मंडी में मंगलवार सुबह एक युवक की बाइक चोरी हो गई। चोरी की पूरी वारदात पास लगे ब्ब्ज्ट कैमरे में कैद हो गईए जिसके बाद क्षेत्र के व्यापारियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी बढ़ गई है।जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक रोज की तरह सब्जी खरीदने मंडी पहुंचा था। कुछ ही देर बाद लौटने पर उसकी बाइक गायब मिली। खोजबीन के बाद उसने पुलिस को सूचना दी।पुलिस द्वारा जांचे गए ब्ब्ज्ट फुटेज में एक युवक बाइक का लॉक तोड़कर उसे आराम से स्टार्ट करते हुए और वहां से फरार होते स्पष्ट दिखाई दे रहा है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि पुल के नीचे दिनभर भीड़ रहती हैए इसके बावजूद चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। व्यापारियों का कहना है कि इससे पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैंए लेकिन कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।पुलिस का कहना है कि फुटेज में चोर की स्पष्ट तस्वीर दिख रही हैए जिससे उसकी तलाश आसान होगी। पुलिस हरदोई रोडए रेलवे स्टेशन रोड और आसपास के क्षेत्रों में रहने वालों से पूछताछ कर रही है।

## जमीनी विवाद में जान से मारने की धमकियां

**बाराबंकी।** कोतवाली रामसनेही घाट नगर पंचायत पूरे वैश्य वार्ड में परिवारिक जमीनी विवाद अब इतना गंभीर रूप ले चुका है कि मामला सीधे जान के खतरे तक पहुँच गया है। पूरे वैश्यए मजरे धरौली निवासी रघुराज पुत्र राम गुलाम ने कोतवाली रामसनेही घाट में अर्जी देकर अपने ही भाई रामराज पर अवैध कब्जाए मारपीटए गाली.गलौज और जान से मारने की धमकियों का गंभीर आरोप लगाया है।

# राज्यमंत्री ने की एसआईआर अभियान की समीक्षा



पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात

उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला ने मंगलवार को अकबरपुर रनिया विधानसभा के रनिया मंडल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की व्यापक समीक्षा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत उन्होंने प्रा.वि. किशवल के बूथ संख्या 76, 77, 78, संविलियन विद्यालय रनिया के 206, 207, 208, 209, 210, तथा नगर पंचायत रनिया, कटका और करवक में स्थित 203, 204, 205, 220 एवं 79 सहित सभी बूथों पर पहुँचकर व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बीएलओ, भाजपा के बीएलए-2, बूथ अध्यक्षों एवं बूथ प्रवासियों से वार्ता करते हुए एसआईआर कार्यों में गति लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर मतदाता सूची का कार्य पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रह सके।

रनिया कस्बे में मतदाता मैपिंग से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों पर जानकारी मिलते ही मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने तत्काल जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर समस्या के शीघ्र निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक समन्वय और जमीनी स्तर की सक्रियता से ही त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सकती है। मंत्री शुक्ला ने बीएलओ को यह भी निर्देशित किया कि गणना प्रपत्रों को शत-प्रतिशत भरवाया जाए, प्रत्येक पात्र नागरिक का विवरण सत्यापित कर सूची में दर्ज हो, तथा छूटे हुए नामों को तत्काल जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में मतदाताओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही मंत्री ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ का पूरा सहयोग करते हुए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का उद्देश्य तभी पूर्ण होगा जब जनता जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ इस प्रक्रिया में सहभागी बने। ललिता देवी, प्रतिमा सिंह, ऊषा पाल, अर्चना, अल्का, राहुल, निधि प्रभा, सुरेंद्र, प्रगति दीक्षित, ममता, प्रतिभा सिंह, संजय पांडेय, बीनू मिश्रा, बउवन द्विवेदी, अंकित परमार, बीनू अवस्थी, आलोक कुशवाहा, मनोज, आयुष कश्यप आदि मौजूद रहे।

## साकेत धाम मंदिर के सुंदरीकरण की पहल

**कानपुर देहात।** अकबरपुर-रनिया विधानसभा क्षेत्र की सदर विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शिवली नगर पंचायत के हृदय स्थल पर स्थित प्राचीन साकेत धाम मंदिर के संरक्षण, पुनरुद्धार एवं सर्वांगीण सुंदरीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। उन्होंने प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह को विस्तृत पत्र लिखकर मंदिर परिसर को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने तथा आवश्यक निर्माण व सौंदर्यकरण कार्य कराए जाने की मांग की है। मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने नगर पंचायत शिवली के नागरिकों द्वारा सौंपे गए प्रार्थना-पत्र को संज्ञान में लेते हुए कहा कि साकेत धाम मंदिर न सिर्फ लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि शिवली क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। वर्षों पुराने इस मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, ऐसे में इसका जीर्णोद्धार और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया कि मंदिर परिसर में व्यापक सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, महिला-पुरुष शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा आगंतुकों के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में दूल्हा-दुल्हन की होगी बायोमेट्रिक उपस्थिति

पायनियर संवाददाता। घाटमपुर

सामूहिक विवाह सम्मेलन में अब बायोमेट्रिक/फेस अटेंडेंस दूल्हा - दुलहन की पहिचान की जायेगी, उधर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आज चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के स्टेडियम (मैदान) में 11 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले 635 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम को पूर्णतया सुव्यवस्थित कराने हेतु पार्किंग, पेयजल, पंडाल, मंडप, सफाई, सुरक्षा, आवागमन मार्ग एवं बैठने की व्यवस्था मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को प्रातः 8:00 बजे से प्रारंभ होना है सामूहिक विवाह इसके संबंध में सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर पूर्ण कराते हुए लगाए गए समस्त व नोडल अधिकारी नामित द्वारा उन्हें दी गई जिम्मेदारियाँ सभी अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाना है जिसके संबंध में अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन को विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारियों को नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. राजेश कुमार को सभी नामित अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित करने के निर्देश प्रदान किए गए। स्थल पर बड़े-बड़े साइनेज लगाए जाएँ, ताकि प्रतिभागियों व उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त नगर निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि जगह-जगह डस्टबिन और नियमित सफाई हेतु पर्याप्त सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जोड़ों की उपस्थिति बायोमेट्रिक/फेस अटेंडेंस के माध्यम से अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जानी है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उद्देश्य और पात्रता

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले निराश्रित, जरूरतमंद, विधवा, परित्यक्ता, तथा तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सर्वधर्म समभाव, सामाजिक समरसता एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में अनुमानित उपस्थितजन लगभग 14,000 आने है जिसके दृष्टिगत तैयारिया। पूर्ण कराने के निर्देश समस्त संबंधित अधिकारियों को दिए।

# युवक की हत्या पर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से एडीजी से मिले परिजन



पायनियर संवाददाता। बरेली

ग्राम महमूदपुर, थाना फरीदपुर निवासी रामवीर के पुत्र राजेश राठौर की हत्या के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजनों ने रोष जताते हुए मोदी राठौर युवा सेना के जिला अध्यक्ष धीरज साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन राठौर मोदी, प्रदेश अध्यक्ष कुमार पाल राठौर, प्रदेश महामंत्री तारा सम्राट साहू के नेतृत्व में परिवार वालों ने एडीजी को ज्ञापन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मृतक के पिता रामवीर का आरोप है कि थाना कैंट पुलिस मामले में टालमटोल कर रही है और अब तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं की हैं। जानकारी के अनुसार, राजेश राठौर को 4 नवंबर 2025 को गांव के ही केशरी पुत्र मंगली, नरवीर पुत्र नन्हे, बब्लू पुत्र पप्पू और रविन्द्र पुत्र गंगाराम हल्द्वानी से चौबारी मेला लेकर गए थे। इस दौरान जब रामवीर ने आरोपियों से बेटे के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने कोई जानकारी न देकर धमकी भरे अंदाज में कहा कि ''हमने उसे मारकर नदी में फेंक दिया है।''अगले दिन 8 नवंबर को मीडिया से पता चला अज्ञात शव मिलने की खबर देखकर रामवीर मौके पर पहुंचे, जहां शव की पहचान उनके बेटे राजेश राठौर के रूप में हुई। शव थाना कैंट क्षेत्र से बरामद हुआ।

## ब्रांड पार्टनरशिप को 15 वर्षों के लिए बढ़ाया

**कानपुर।** कार इन्फोटेनमेंट एवं ऑडियो एक्सेसरीज के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद नाम ब्लॉपंक्ट ने बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी पार्टनरशिप को 2041 तक बढ़ाने का एलान किया है। यह इनोवेशन, भरोसे एवं भारतीय कस्टमर्स को विश्वस्तरीय ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्रदान करने के साझा विजन पर बने 27 साल के गठजोड़ को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। रीन्यू किए गए इस एग्रीमेंट से भारत के तेजी से बदलते ऑटोमोटिव इकोसिस्टम को लेकर ब्लॉपंक्ट की प्रतिबद्धता को मजबूती मिली है। साथ ही यह प्रमुख ग्रोथ पार्टनर के रूप में बीपीआईएन की भूमिका को रेखांकित करता है। कार ऑडियो एवं कार एक्सेसरीज दोनों को कवर करने वाली इस पार्टनरशिप का उद्देश्य ओईएम एवं आफ्टरमार्केट गठजोड़ को बढ़ाना है, जिससे उत्पादों की उपलब्धता बेहतर हो और हाई परफॉर्मेंस इन्फोटेनमेंट सिस्टम की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

# डीएम ने अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात

डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य हेतु उपलब्ध कराए गए शासनादेश के बारे में विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिला अधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया कि अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि का चयन एवं उपलब्धता संबंधी विवरण समय से शासन को प्रेषित किए जाने हेतु रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध किया जाए, ताकि परियोजना में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को शीघ्रता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जहाँ भी भूमि चिन्हित की जा चुकी है, वहाँ के अभिलेख पूर्ण रूप से सत्यापित कर रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि अन्नपूर्णा भवन जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## जानलेवा हमले की एफआईआर दर्ज न होने से परिजनों में आक्रोश

**बरेली।** पुलिस मॉडर्न स्कूल, चौपुला में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब कक्षा 7-बी के छात्र हर्ष उपाध्याय पर स्कूल परिसर में ही कई छात्रों के गैंग ने बेरहमी से हमला कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन ने शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की और पुलिस भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है।जानकारी के अनुसार कक्षा 11 के आयुष सैनी, कक्षा 12 के अर्पित यादव समेत कुल सात युवक अचानक स्कूल ग्राउंड में पहुंचे और मौके पर अकेले खड़े हर्ष को गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमलावर छात्रों ने लोहे की रॉड और कड़ों से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में हर्ष को गंभीर खुली और गुम चोटें आईं तथा काफी खून बहने लगा।घटना की सूचना परिजनों को फोन पर मिली तो वे तत्काल स्कूल पहुंचे। परिजनों का कहना है कि स्कूल प्रशासन से शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### नकली उत्पाद बेचने वाले अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**पायनियर, बरेली।** थाना बारादरी पुलिस ने न्यूवैलेन्स (छठ) कम्पनी के नकली उत्पाद बेचने के मामले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नकली सामान बरामद किया है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि अंकित सिंह ने थाना बारादरी में शिकायत दी थी कि बरेली में छठ कम्पनी के नाम से नकली जूते और टी-शर्ट बेचे जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम का गठन कर कार्रवाई शुरू की गई।पुलिस व कंपनी प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से कस्बा संजयनगर स्थित निहाल स्पोर्ट्स में छापा मारा, जहां दुकान मालिक मो. निहाल नकली छठ उत्पाद बेचते पाया गया। तलाशी में 37 जोड़ी नकली छठ लोगो वाले जूते, 8 टी-शर्ट, 73 कैरी बैग और 5 जूते के खाली बॉक्स बरामद हुए। सभी सामान मौके पर सील कर कब्जे में ले लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय, उ.नि. रामवीर सिंह, हे.का. आशीष मिश्रा, हे.का. दिलीप कुमार, का. सिद्धांत चौधरी और का. आदित्य प्रताप सिंह शामिल रहे।



### सड़क दुर्घटना को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**पायनियर, कानपुर देहात।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में उपस्थित अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएल वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष बाजपेई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ .डी.के.सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आदित्य सचान एवं प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट इम्प्लेमेंट यूनिट से धर्मेन्द्र साहू ,डॉ.शिवम्‌ गुप्ता एवं धर्मेन्द्र प्रताप सिंह (डी.आर.एम आई रेड) एवं निजी चिकित्सालय से आये हुये संचालक ध्प्रबनधक ध्चिकित्सा अधिकारी का सड़क दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस उपचार से सम्बन्धित 01 दिवसीय ट्रेनिग दी गयी,जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि सड़क दुर्घटना के प्रत्येक पीड़ित को अधिकतम रुपये 1.5 लाख का मुफ्त इलाज दुर्घटना की तिथि से अगले सात दिनों तक अन्तर्गत चिकित्सालय द्वारा इलाज दिया जायेगा प्रदेश को उक्त स्कीम के क्रियान्वित हेतु नोडल एजेंसी नामित किया गया है इसके अतिरिक्त चिकित्सालयों में बच्चे का टीकाकरण,जन्म प्रमाण पत्र एवं फैमिली प्लानिग में बारे में भी बताया गया।

### न्यायालय ने चालक को ठहराया दोषी

**पायनियर, कानपुर देहात।** 18 जून 1998 को अभियुक्त गोविन्द प्रसाद पुत्र छिदामी निवासी ग्राम दलपत खेड़ा थाना वारा सरवर जनपद उन्नाव द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर पीडित के वाहन में टक्कर मार देना, जिससे वादी के चोटें व वाहन क्षतिगस्त हो जाने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।जिसमें अभियुक्त गोविन्द प्रसाद पुत्र छिदामी उपरोक्त द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर माननीय न्यायालय जे0एम0 भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दोष सिद्ध करते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 1,200/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### 12 को होगा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम

**पायनियर, कानपुर देहात।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के द्वारा श्रीमती अर्चना मजूमदार, मा० सदस्या, राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदकध्आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से दिनांक 12 दिसम्बर 2025 को महिला जनसुनवाई कार्यकम जनपद कानपुर देहात के विकास भवन के सभागार में प्रस्तावित है। जिसमें जनपद की कोई भी पीड़ित महिला मा० सदस्या के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या के निराकरण हेतु प्रार्थना पत्र दे सकती है।

### रैन बसेरा में तैयारियां पूरी यात्रियों का आना शुरू

**पायनियर, मौदहा, हमीरपुर।** सर्दी शुरू होने के साथ ही नगरपालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा पूरी तरह से तैयार हो गया और इसमें यात्रियों के रुकने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। कस्बे के मीरा तालाब के निकट नगर पालिका द्वारा बनाया गया रैन बसेरा बीते सालों की तरह इस साल भी सर्दी शुरू होते ही तैयार हो गया। दस बेड के रैन बसेरा में पांच बेड महिला और पांच बैड पुरुषों के लिए लगाए गए हैं जबकि यात्रियों को सर्दी से बचाओ के लिए रूम हीटर और प्राथमिक उपचार किट भी मौजूद है। रैन बसेरा के केयर टेकर छेदीलाल ने बताया कि वैसे दस बैड मौजूद हैं लेकिन अगर सहालग या अमावस्या के समय यात्रियों की संख्या बढती है तो टैंट से बिस्तर मंगा लेते हैं जबकि अभी यात्रियों को सर्दी से बचाने के लिए रूम हीटर और अगर कोई बीमार होता है तो दवाएं मौजूद हैं बाकि जल्द ही नगरपालिका द्वारा अलाव भी जलाए जाएंगे।

### सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन शुरू

**पायनियर, जालौन (उरई)।** वीर बालाजी हनुमान मंदिर में मंगलवार को पुष्य नक्षत्र से मौके पर सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन शुरू हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर श्रीहनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। नगर में उरई रोड पर पेट्रोल टैंक स्थित वीर बालाजी हनुमान मंदिर पर पुष्य नक्षत्र में लगातार तीसरे वर्ष सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार की सुबह मंदिर परिसर में कमलेश पुजारी के सहयोग से सवा लाख सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर में बने पंडाल में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। मंगलवार से शुरू हुआ कार्यक्रम हनुमान चालीसा के सवा लाख पाठ पूरे होने तक चलेगा। कमलेश पुजारी ने बताया कि सवा लाख पाठ पूरे होने में करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। तब तक यह पाठ निरंतर चलता रहेगा। चालीस पाठ के समापन के बाद हवन का आयोजन किया जाएगा और पूर्णाहुति के साथ ही धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

## स्कूटी सवार की अचानक हालत बिगड़ी, मौत

**पायनियर, कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुगल रोड पर गौर गांव के निकट एक स्कूटी सवार की अचानक हालत बिगड़ गई। राहगीरों की सूचना पर मौक पर सरकारी एंबुलेंस पहुंची और उसे अर्ध बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां लाए। ड्यूटी कर रहे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला औरैया के कहंजरी, दिबियापुर निवासी अजय कुमार ने बताया कि उसका चचेरा भाई अशोक कुमार पुत्र रामेश्वर (35) स्कूटी से भोगनीपुर जा रहा था। रास्ते में गौर गांव के निकट उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। उसकी हालत बिगड़ते देख राहगीरों एम्बुलेंस को सूचना भेजी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे अर्ध बेहोशी हालत में पुखरायां के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डा0 राजवीर सिंह के द्वारा उसकी सघन जांच की गई। जांच के दौरान उसकी हृदय गति रूक गई थी उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# स्वागत कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला

पायनियर संवाददाता। बरेली



❖ एफआईआर न होने से आक्रोश

अल्हागंज थाना क्षेत्र में श्रीराम बारात के स्वागत कार्यक्रम के दौरान देर रात एक भाजपा कार्यकर्ता पर हुए जानलेवा हमले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। मोहल्ला साहूकारा निवासी राजू पुत्र रामनरेश ने आरोप लगाया कि अनिल गुप्ता, उसके पुत्र उदित, अंकुर, गौरव, रजत, आशीष, सालीन गुप्ता सहित दर्जनभर लोगों ने मिलकर मस्जिद के पास उसे घेरकर लोहे की रॉड व डंडों से हमला किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसकी शिकायत थाने में दी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की पीड़ित ने एडीजी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित राजू पुत्र रामनरेश का आरोप है श्रीराम बारात के मार्ग पर लगाए गए होर्डिंग के पास मौजूद था, तभी आरोपियों ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत हमला किया। राजू ने दावा किया कि हमलावरों की नीयत उसकी हत्या करने के साथ-साथ मस्जिद के पास हमला कर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की भी थी, ताकि क्षेत्र में तनाव फैल सके।हमले के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल और रामभक्तों की तत्परता से उसकी जान बच पाई और हमलावर फरार हो गए। वहीं अजीत पुत्र श्यामवीर सिंह और विजय पुत्र मलखान ने हमलावरों को रोकने में अहम भूमिका निभाई। राजू का आरोप है कि वह लिखित तहरीर थाना अल्हागंज में दे चुका है, लेकिन अब तक न एफआईआर दर्ज हुई और न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी।

## गुमशुदा बच्चों को बरामद कर परिजनों को किया गया सुर्पद

**कानपुर देहात।** एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जनपद में गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में, मॅगलवार को चौकी जैनपुर थाना अकबरपुर पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। तभी सूचना प्राप्त हुयी कि मोहम्मद आलमीन पुत्र साहब आलम उम्र करीब 12 वर्ष निवासी गुरसायगंज जनपद कन्नौज जो कि अपनी ननिहाल हरदुआ थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात में अपनी मां के साथ आया हुआ था। मां शमीमा बेगम द्वारा डांट दिये जाने के कारण नाराज होकर घर से निकलकर कही चला गया। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी जैनपुर, उनि सौरभ राणा, चौकी प्रभारी जिला अस्पताल उनि सोमवीर सिंह, हे0का राजू त्यागी,का0 इंद्रदेव द्वारा ग्राम हरदुआ के सम्भ्रन्त व्यक्तियों के सहयोग से गुमशुदा बालक मोहम्मद अलमीन को नवीपुर रोड थाना अकबरपुर से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# प्राचीन श्री हर श्रीनाथ जी मंदिर को बचाने की अपील तेज



पायनियर संवाददाता। बरेली

प्राचीन श्री हर श्रीनाथ जी सनातनी मंदिर को बचाने की करुण अपील करते हुए बरेली से आए सेवादारों ने सोमवार 8 दिसंबर को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार और सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार को ज्ञापन सौंपा।

गुलशन आनंद के साथ पहुँचे प्रतिनिधिमंडल को दोनों जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि मामला शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह तक पहुँचाया जाएगा। सेवादारों के अनुसार झंडेवालान मंदिर क्षेत्र में स्थित यह स्थल केवल दरगाह नहीं, बल्कि गुरु गोरखनाथ जी और गद्दीनशीन गुरुओं की समाधियों का प्राचीन सनातनी धाम है, जहाँ पिछले 16 वर्षों से अखंड राम ज्योति, हरे राम का पाठ और नियमित पूजा-अर्चना जारी है।

आरोप है कि प्रशासन इसे अतिक्रमण बताकर तोड़फोड़ और कब्जे की कार्रवाई कर रहा है। भक्तों ने बताया कि मंदिर की बिजली-पानी सप्लाई काट दी गई, जिससे भोग, आरती और नियमित पूजा के सभी क्रम बाधित हो गए।

# नवगठित टीम वन भूमि में अतिक्रमण अवैध कटान पर 24 घंटे निगरानी

पायनियर संवाददाता। कालपी (जालौन)

❖ पकड़े जाने पर दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

जनपद के उपवन संरक्षक के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी के नेतृत्व में जंगलों की सुरक्षा के लिए पांच सदस्य कर्मचारियों की टीम गठित की गई है। यह नवगठित टीम वन भूमि में अवैध खनन, परिवहन, अतिक्रमण तथा अवैध कटान पर 24 घंटे निगरानी करेगी तथा पकड़े जाने पर दोषियों के खिलाफ प्रभावित व कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में विभागीय कर्मचारियों की बैठक में रेंजर ने वन क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करके सतर्कता बरतने की योजना बनाई है।

क्षेत्रीय अधिकारी संजय कुमार के मुताबिक समय-समय पर वन भूमि से मौरम लदे वाहनों के गुजरने के मामले प्रकाश में आते हैं। इसी को गंभीरता से लेकर विभागीय थानेदारों की टीम गठित की गई है। जिनमें वन दरोगा मन्ना सिंह चौहान, महेंद्र कुमार, हनुमंत सिंह, अजीत कुमार, नरेंद्र सिंह को शामिल किया गया है। गठित की गई निगरानी टीम में चेयरमैन प्रदीप कुमार, मुन्ना लाल एवं न्यूनतम विभागीय कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नवगठित टीम वन भूमि पर घूम घूम कर भ्रमण करके 24 घंटे निगरानी करेगी। वन क्षेत्रअधिकारी संजय कुमार ने बैठक करके टीम के सदस्यों को हिदायत दी है कि वन क्षेत्र में गैरवानिकि कार्य किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। अवैध खनन, अवैध परिवहन, अवैध कटान, अतिक्रमण पर सतर्कता रखी जाए। अगर कोई भी व्यक्ति इसमें पकड़ा जाए तो दोषी के खिलाफ विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सच्चाई, ज्ञान और विनम्रता से दूर करता है अहंकार रूपी शत्रु: डॉ. राघवदास

**पुखरायां, कानपुर देहात।** आचार्य डॉ0 राघवदास ने कहा कि अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है क्योंकि यह व्यक्ति को सच्चाई, ज्ञान और विनम्रता से दूर करता है। वह मंगलवार को स्थानीय मंडी समिति के श्यामनगर मोहल्ले में आयोजित श्रीमद्‌ भागवत कथा के चौथे दिन गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुना रहे थे। इस दौरान उन्होनें भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पूजा का प्रसंग इंद्र देव के अहंकार से जुड़ी है। जिसमें श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को भारी वर्षा से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया और इंद्र का घमंड तोड़ा था। जिसके बाद से हर साल गोवर्धन पूजा और अन्नकूट मनाने की परंपरा शुरू हुई। आगे बताया कि इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए ब्रजवासी हर साल उनकी पूजा करते थे। बारिश होने पर ही खेती होती थी और गायों को चारा मिलता था।

# छात्रों-छात्राओं ने किया धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता। बरेली




फतेहगंज पश्चिमी राजश्री मेडिकल कालेज को आईएनसी से अप्रूवल नहीं मिलने के कारण बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र उग्र हो गए। मेन गेट पर तालाबंदी करके धरना प्रदर्शन करने लगे। कालेज प्रशासन ने 31 दिसंबर तक अप्रूवल मिलने का वादा किया। लेकिन छात्र लिखकर देने की जिद करने लगे। जिसको कालेज प्रशासन ने मना कर दिया।

जिससे धरना जारी है।जानकारी के अनुसार फतेहगंज पश्चिमी नेशनल हाईवे टोल प्लाजा के पास राजश्री मेडिकल कालेज के बीएससी प्रथम नर्सिंग के छात्रों ने सोमवार सुबह को कालेज का मेन गेट बंद कर दिया। आने जाने वाले लोगों पर रोक लगाने के बाद धरना प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया विगत अगस्त माह में एडमिशन के समय कालेज प्रशासन ने आईएनसी नेशनल नर्सिंग कौंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता होने की बात कही थी।लेकिन चार माह के बाद भी कालेज को आईएनसी से अप्रूवल नहीं मिला है।

एडमिशन के समय से ही कॉलेज के जिम्मेदार 15 में अप्रूवल मिलने की बहाने बाजी कर रहे है। बताया अब 31 दिसंबर तक अप्रूवल मिलने की बात कह रहे है। जिस पर उन्होंने कालेज के जिम्मेदारों से लिखकर देने को कहा कि 31 दिसंबर तक अगर अप्रूवल नहीं मिला तो अब तक जमा करीब डेढ़ लाख फीस और डॉक्यूमेंट वापस करेंगे। लेकिन राजश्री मेडिकल के मालिक राजेंद्र अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य गौरव प्रताप सिंह ने लिखकर देने से स्पष्ट मना कर दिया। जिसके चलते हंगामा कर रहे छात्रों में दो टूक कह दिया। जब तक कालेज के जिम्मेदार लिखकर नहीं देंगे तब तक वह धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। कहा कालेज प्रशासन ने अंधेरे में रखकर करीब 100 छात्र छात्राओं के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। सोमवार को धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने केवल सीरियस मरीजों के अलावा किसी के वाहनों को अंदर नहीं जाने दिया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

पायनियर संवाददाता। उरई (जालौन)



❖ रॉन्ग साइड, ओवरस्पीडिंग पर अब होगी एफआईआर, जेल भेजने के निर्देश

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों पर विशेष अभियान चलाकर एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाए।

इसके साथ ही ओवर स्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइविंग, हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग पर भी कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से चलाए जाएं, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाए जाने पर वाहन स्वामी अभिभावक के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। स्कूल वाहनों की फिटनेस, ड्राइवर-परिचालक के नाम व मोबाइल नंबर, रोड रिफ्लेक्टर तथा सुरक्षा मानकों की समय-समय पर जांच अनिवार्य रूप से की जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि वाहनों पर रोड रिफ्लेक्टर न मिलने पर पहली बार 10 हजार, दूसरी बार 20 हजार का जुर्माना लगेगा तथा तीसरी बार वाहन चालक का लाइसेंस निरस्त कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हेलमेट न पहनने पर आम नागरिक ही नहीं बल्कि सरकारी कर्मचारियों पर भी जुर्माना लगाया जाए।

सड़क मार्गों पर बने अवैध कटों को तत्काल बंद कराने, तथा शहर के भीतर अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश नगर मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी को दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, सुनील कुमार, महेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 26 बीघा में बनेगा मिनी स्टेडियम

**कालपी (जालौन)।** कालपी तहसील के महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कीरतपुर के अंतर्गत मौजा चाहीपुर में बनने वाले मिनी स्टेडियम (नवीन क्रीड़ा स्थल) का सपना अब साकार होने जा रहा है। ग्राम पंचायत ने गाटा संख्या 52.1, रकबा 5.0 हेक्टेयर भूमि को स्टेडियम निर्माण के लिए चयनित करते हुए औपचारिक रूप से पंचायत प्रस्ताव पारित कर दिया है। ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिससे क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा मिलेगी।

जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय द्वारा हाल ही में ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की गई थी। इसी घोषणा के बाद कीरतपुर ग्राम पंचायत सक्रिय हुई और उपयुक्त भूमि चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की। ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद ने अधिकारियों के सहयोग से भू-भाग का निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करवाया, जिसे पंचायत सदस्यों द्वारा पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ। इस कार्य में एसडीएम मनोज कुमार की भूमिका अहम रही। उन्होंने न केवल प्रस्ताव प्रक्रिया को सरल बनाया, बल्कि सभी आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को समय पर पूरा कराने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्राम पंचायत की ओर से तैयार प्रस्ताव को उपजिलाधिकारी मनोज कुमार को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया है।

# गैर हाजिर पैतीस कर्मियों को सीडीओ ने किया जवाब-तलब

पायनियर संवाददाता। हमीरपुर

मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने शनिवार विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण में पैतीस कर्मचारी गैर हाजिर पाये गये सीडीओ ने गैरहाजिर कर्मियों का एक दिन के बेतन रोक दिया है जिसमे एक दर्जन कर्मचारी ऐसे है जो अवकाश प्रार्थना पत्र विना स्वीकृत किये ही अवकाश पर चले गये थे।

जानकारी के मुताबिक विकास भवन कार्यालय में ज्यादातर कर्मचारी समय से आते नही और समय से पहले ही दफ्तर से गायब हो जाते है,कई लोग तो विना अवकाश के ही गायब हो जाते है,बाद में आकर उपस्थिति पंजिका मे हस्ताक्षर बना देते है। सीडीओ एके सिंह के निरीक्षण में डीपीओ कार्यालय के अभिषेक कुमार दो दिन से गैर हाजिर चल रहे है पवन कुमार व अंकित राय एक दिसम्बर से गायब चल रहे है। ज्योति भी गैर हाजिर रही। मत्स्य विभाग में एफआई व जेए गैर हाजिर पाये गये,कृषि विभाग में दिनेश कुमार के अलावा सत्येंद्र सिंह के कालम में सीएल अंकित है मगर प्रार्थना पत्र उपलब्ध नही हैआरईएस में परिचारक सूरज प्रार्थना पत्र है मगर स्वीकृत नही है,लघु सिचाई विभाग में जेई सदानंद यादव,व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिनेश गैर हाजिर पाये गये,इसी प्रकार डीएचटीओ दफ्तर में देवेंद्र सिंह व डीडीओ कार्यालय में उमादेवी, डीपीआरओ कार्यालय में साजिद खां,ज्योत्सना कंचन, सहकारिता में सुरेंद्र कुमार,भूमि संरक्षण में सौरभ सुमित सचान, सुशील कुमार प्रार्थना पत्र स्वीकृत नही है, हरीकिशन,दिनेश रीता देवी, जयहिंद गैर अवकाश स्वीकृत नही गैर हाजिर पाये गये इसी प्रकार सीवीओ कार्यलय में संदीप सिंह,श्रम रोजगार आशुतोष सचान दिव्यांग त्रिपाठी जिनका अवकाश स्वीकृत नही है, गैरहाजिर पाये गये जिला समाज कल्याण में गणेश शंकर अरबिंद कुमार,अवधेश आशीष अरुण कुमार गैर हाजिर पाये।

## युवक की लाश बरामद, हत्या की आशंका

पायनियर संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

मंगरौठ मोड के पास संदिग्ध अवस्था में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पोस्टमार्टम के दौरान युवक के शरीर में चोटों के निशान मिले हैं। चिकासी थाने के अतरा गांव निवासी राजकुमार (27) सोमवार की सुबह पैदल अपने घर से निकल गया था। जिसके बाद मंगलवार की रात राजकुमार का शव मंगरौठ मोड़ के पास पड़ा हुआ मिला। मृतक के पिता बिरंची ने बताया कि उसका पुत्र राजकुमार अविवाहित था। मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। चिकासी थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हुई है।

# विधायक के खिलाफ लगे आरोप खारिज

पायनियर संवाददाता। बांदा



❖ सीजेएम कोर्ट में अध्यक्ष ने लगाया था फर्जी हस्ताक्षर कर गबन का संगीन आरोप

हमेशा विवादों में घिरे रहने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल को एक बार फिर से जोर का झटका लग गया है। इस बार उन्हें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में मुंह की खानी पड़ी है और न्यायालय ने उनके द्वारा सदर विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता द्विवेदी पर लगाए गए सभी आरोपों को गलत करार देते हुए प्रकरण को निरस्त कर दिया है। सीजेएम ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष न तो पीड़ित पक्ष है और न ही प्रभावित। ऐसे में संबंधित प्रकरण निरस्त करने योग्य है।

बता दें कि जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्टेट की आदालत में प्रार्थना पत्र देकर वर्ष 2018 से 2020 तक जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं सरिता द्विवेदी पर 120 करोड़ रुपए का गबन करने और उनके पति सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी पर कूटरचित हस्ताक्षर कर जिला पंचायत कृषि महाविद्यालय में 11 नियुक्तियां करने का संगीन आरोप लगाया था। मामले के वादी मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने यह भी आरोप लगाया था कि तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर करके सदर विधायक ने महाविद्यालय में नियुक्तियां की और लाखों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाई। अध्यक्ष ने जहां इस मामले को कई बार मीडिया के समक्ष प्रमुखता से उठाया, वहीं मंडलायुक्त से लेकर शहर कोतवाली तक प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग बुलंद की। कहीं से कोई राहत न मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अदालत की शरण ली और सीजेएम न्यायालय में बीएनएस की धारा 175(3) के तहत मुकदमा दर्ज करने का प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट थाना कोतवाली नगर से आख्या तलब की और प्रकरण की सुनवाई करते हुए सभी तथ्यों की जांच की और पूरे मामले को गलत मानते हुए निरस्त करने का आदेश सुनाया।

## 41 प्रकरणों पर 1.25 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति स्वीकृत

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष जिला संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में दुष्कर्म, दहेज हत्या तथा जघन्य हिंसा जैसे गंभीर अपराधों से प्रभावित पीड़ित महिलाओं और नाबालिग बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने संबंधी लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई।समिति ने समीक्षा के बाद 41 मामलों में कुल 1 करोड़ 25 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति स्वीकृत की। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा स्थापित यह कोष गंभीर अपराधों से पीड़ित महिलाओं और बच्चों को संकट की स्थिति में त्वरित राहत प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को आर्थिक सहयोग, उपचार एवं पुनर्वास सहायता समय पर उपलब्ध कराना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। पात्र लाभार्थियों तक सहायता बिना विलंब पहुँच सके।

# नगर मजिस्ट्रेट ने जिला अस्पताल में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था परखी



पायनियर संवाददाता। उरई (जालौन)

मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा ने सीएमएस आंनद उपाध्याय, सीएफओ के साथ जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां की अग्नि शमन प्रणाली की विस्तृत भौतिक जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में लगे फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट पॉइंट, अलार्म सिस्टम और आपात निकास मार्गों का अवलोकन किया।

नगर मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अग्नि सुरक्षा उपकरण पूरी तरह क्रियाशील स्थिति में रहें तथा उनकी समय-समय पर जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को यह भी निर्देश दिया कि स्टाफ को अग्नि शमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पालिकाध्यक्ष ने मिश्रा स्वीट्स का किया उद्घाटन

**पायनियर, गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला लखीमपुर रोड पर केन ग्रोवर डिग्री कालेज के सामने मिश्रा स्वीट्स हाउस का नवीन उद्घाटन गोला नगर पालिका के चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू ने वैदिक मंत्रोच्चारण के पश्चात फीता काटकर किया। इस अवसर पर होटल के मालिक ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्र व पारुल मिश्र ने उनको प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। होटल के मालिक ने बताया कि हमारे यहां शुद्ध खोये की मिठाई व देशी घी से निर्मित नमकीन हर समय सस्ते मूल्य पर उपलब्ध रहेगी।



### अज्ञात कारणों से लगी आग से मकान जलकर राख

**पायनियर, मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरी गाँव में एक दर्दनाक हादसा हुआ, छोटे लाल के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी की इस घटना में गृहस्थी का पूरा सामान, लगभग दस हजार रुपये नगद और एक बाइक जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि गाँव वालों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है शिवपुरी गांव में आगजनी की घटना से हड़कंप मच गया। गाँव वाले छोटे लाल के परिवार की मदद के लिए आगे आए और आग पर काबू पाने में मदद की। आगजनी की घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुँच गई। टीम ने घटना का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को मदद का आश्वासन दिया। फोटो परिचय -9384



### उम्मीद पोर्टल पर 793 वक्फ संपत्तियां हुई दर्ज

**पायनियर, कालपी (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड के नामित कोऑर्डिनेटर हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि वक्फ बोर्ड के सिस्टम उम्मीद पोर्टल के नाम से चालू किया था जिसकी अंतिम तिथि 6 दिसंबर 2025 रात 12 बजे तक थी। इस तारीख तक जिन लोगों ने अपनी-अपनी जायदादों को दर्ज कराया वो कामयाब रहे। इस सिलसिले में हाफिज इरशाद अशरफी और मुफ्ती तारिक बरकाती ने अल्पसंख्यक समाज कल्याण ऑफिस जाकर इस मामले की जानकारी ली तो सम्भावित अधिकारी भुवनेश निरंजन से गुफ्तगू हुई इस मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर शोएब व अनवार साहब भी मौजूद रहे। जिला जालौन की कुल संपत्तियां वक्फ बोर्ड की लिस्ट में 1013 दर्ज है। जिसमें उम्मीद पोर्टल पर 793 ही दर्ज हो सकी हैं। कोऑर्डिनेटर हाफिज इरशाद अशरफी और मुफ्ती तारिक बरकाती ने विभाग के सभी अधिकारियों का आभार जताया।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, रेफर

**पायनियर, मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंकराव निवासी राम नरेश यादव ने देरगत अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की जिसे गंभीर हालत में परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक द्वारा फांसी लगाने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।

### वृद्धा गायब परिजनों ने दर्ज कराई शिकायत

**पायनियर, मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के मोहल्ला अरतरा मोड निवासी शबाना पत्नी अब्दुल शहीद ने पुलिस को बताया कि उसकी मां हसीना बानो उम्र लगभग साठ वर्ष बीते दो दिन पहले अपने घर से कहीं चली गई मां को सुनाई भी नहीं देता है और उनके द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली शबाना ने अपनी मां को खोजने की गुहार लगाई है।

# ओवर लोड ट्रक का संतुलन बिगड़ने से खम्बे में टकराया

पायनियर संवाददाता। बेलरायां/सिंगाही-खीरी



बस स्टाप पर ओवर लोड गन्ना भरे सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां जा रहे ट्रक का संतुलन बिगड़ा गया और ट्रक वहीं पर एक बिजली के पोल से टकरा गया। चार सौ चालीस के वी की बिजली लाइन का पोल टूटकर जमीन पर गिर गया। जिससे वहां अफरातफरी मच गयी लेकिन विभागीय कर्मचारियों की सजगता से कोई हादसा नहीं हुआ।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गन्ना भरे ओवर लोड ट्रक को आपने कब्जे ले लिया है। बिजली विभाग के जेई ने नुकसान की भर पाई करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। मंगलवार को सिंगाही बस स्टाप पर ओवर लोड गन्ना लेकर सरजू सहकारी चीनी मिल जा रहे ओवर लोड गन्ने से भरे ट्रक ने अनियंत्रित होकर चार सौ चालीस वोल्टेज की बिजली के खम्भे से टकरा गया जिससे बिजली का पोल टूटकर जमीन पर लुढ़क गया। बस स्टाप पर तमाम भीड़ भाड़ थी। वहां अफरातफरी मच गयी बिजली का पोल टूटने की सूचना पाकर विभाग के कर्मचारियों मौके पर पहुंच गये और कोई हादसा नहीं हुआ। बिजली का पोल गिरने की सूचना का मौके पर पहुंची पुलिस ने ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। बिजली विभाग जेई रोहिताश शर्मा ने नुकसान की भरपाई केलिए पुलिस को तहरीर दी है उन्होंने बताया पुलिस को तहरीर दे दी गई है ट्रक मालिक अगर नुकसान की भरपाई कर देताहै तो उसे पर विभागीय कार्रवाई नहीं की जायेंगी।

## बैंक शाखाओं में पुलिस ने परखी व्यवस्थायें

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार को बैंकों की शाखाओं तथा में ग्राहकों एवं खातेधारकों की भीड़भाड़ ज्यादा रहने से पुलिस प्रशासन दिन भर सतर्क रहा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी के निर्देश पर पुलिस टीमों के द्वारा बैंकों का औचक निरीक्षण किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अलावा कोबरा टीम ने भारतीय स्टेंट बैंक, इंडियन बैंक, एचडीएफसी बैंक की शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसी क्रम में पुलिस जवानों ने सीसीटीवी कैमरों तथा सायरन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैंक परिसर के आसपास संदिग्ध अवस्था में घूमने वाले लोगों से पुलिस टीम के द्वारा पूंछतांछ की। चौकी इचार्ज के द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा तथा इंडियन बैंक मंडी शाखा ब्रांच आदि शाखाओं का भी निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैंकों की शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों कोतवाली प्रभारी ने निर्देश दिये कि सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जाये।

# यूनिसेफ के संयुक्त सहयोग से मीना मंच का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता। निघासन-खीरी



समग्र शिक्षा एवं यूनिसेफ के संयुक्त सहयोग से ब्लॉक संसाधन रमियाबेहड पर संचालित मीना मंच के सुगमकर्ता का सेवारत प्रशिक्षण का प्रथम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण बालिकाओं में जागरूकता, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं जीवन-कौशल विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कॉमिक्स बुक के माध्यम से 6 जीवन कौशल, टूल 10 की उपयोगिता, सफलता की कहानियां, केस स्टोरी, सीखने के स्तर पर नवाचार,चैंपियन निर्माण, मीना कैलेंडर के अनुसार गतिगतिविधियों का संचालन, मीना मंच का गठन, मेरे शिक्षक मेरी प्रेरणा, बालधिकार, पॉक्सो एक्ट, अरमान माड्यूल, प्रगति के पंख, ऑनलाइन प्रशिक्षण, वीरांगना पोर्टल, सेल्फ एस्टीम, आत्म रक्षा प्रशिक्षण आदि पर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के संरक्षक प्रवीण कुमार तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखीमपुर खीरी जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) रेनू श्रीवास्तव एवं मार्गदर्शन खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद, जनपद नोडल (बालिका शिक्षा) झजसपाल सिंह रहे। प्रशिक्षण का सफल संचालन प्रशिक्षक सरोजनी देवी एवं आशुतोष त्रिपाठी द्वारा किया गया, जबकि ब्लॉक स्तर पर सहयोग एवं हैंड होल्डिंग नोडल ओम प्रकाश द्वारा निरंतर सहयोग प्रदान किया गया।

इस अवसर पर यूनिसेफ के प्रतिनिधि संजय विश्वकर्मा जी पूरे प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर प्रशिक्षकों , शिक्षकों को उत्साहित करते रहे। प्रथम बैच में कुल 37 सेवारत शिक्षकों कल्पना , लक्ष्मी मौर्य, श्यामू शाक्य, सुनील, शिरीष सिंह, शिल्पी गुप्ता, सुनीता वर्मा, शालिनी मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, शालिनी श्रीवास्तव, ममता आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से मीना मंच के उद्देश्य, बालिका सशक्तीकरण, जीवन कौशल, लैंगिक समानता, सुरक्षा, विद्यालय-परिवार समन्वय तथा छात्र नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत सत्र आयोजित किए गए। अधिकारियों ने प्रशिक्षित शिक्षकों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे विद्यालयों में मीना मंच गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करते हुए बालिकाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

# अवैध कार्रवाई विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता। पलियाकलां-खीरी



दिल्ली नगर निगम के अतिक्रमण-विरोधी अभियान के तहत झंडेवालान में अति प्राचीन बाबा पीर रतन नाथ की हिन्दू मंदिर-दरगाह की तुलसी वाटिका, बाउंड्री, अस्थाई लंगर घर की बाउंड्री गेट एवं जनरेटर रूम क्षतिग्रस्त करके दिल्ली महानगर पालिका दिल्ली द्वारा अपने कब्जे में लेने व अतिक्रमण जबरन हटाने के विरोध में 09 दिसंबर दिन मंगलवार दोपहर 12:00 बजे श्री दरगाह मंदिर मोहल्ला अहिरान पलिया से एकत्रित होकर श्रद्धालुगण श्री राम नाम के पाठ के साथ तहसील पलिया पहुँचे, जहाँ उपजिलाधिकारी पलिया को ज्ञापन सौंपते हुये दरगाह मन्दिर के हिस्से को तोड़े जाने का विरोध करते हुये तुलसी वाटिका व बाउंड्री, एवं अस्थाई लंगर घर की बाउंड्री गेट जनरेटर रूम की भूमि को वापस किये जाने की मांग की गयी। श्री दरगाह मन्दिर पलिया के प्रमुख सेवादार मानिकचंद्र अरोड़ा के मार्गदर्शन में दरगाह मंदिर से राम नाम सँकीर्तन करते हुये श्रद्धालुओं का विशाल जत्था नगर पालिका रोड, मेला रोड, स्टेशन रोड,मुख्य बाजार होते हुये पलिया तहसील परिसर पहुँचा जहाँ सेवादारों द्वारा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि झंडेवालान नई दिल्ली में आदि गुरु गोरखनाथ जी के परम शिष्य श्री 1008 पीर रतन जी महराज का पौराणिक स्थान है जहाँ 31वें ईश्वरीय स्वरूप में महराज जी विराजमान होकर सनातन धर्म ध्वजा को सशक्त कर रहे हैं, जहाँ नित्यप्रति अमृत बेला से लेकर गौ धूल बेला तक भगवानों का भजन, पूजन व आरतियाँ होती हैं। दीन दुःखियों की सेवा, निःशुल्क चिकित्सा, लंगर प्रसाद, गौशाला, आदि सेवा कार्य सम्पन्न होते हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान मानिकचंद्र अरोड़ा, दीपक तलवार, देवेंद्र अरोड़ा, डा0 हरीश आनन्द, नगर पालिकाध्यक्षा, समाज सेवी रवि गुप्ता, सभासद गौरव गुप्ता, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री अमित महाजन, सोनू साहनी, आशू चड्ढा, जसवीर फ्लोरा, वरिष्ठ पत्रकार हरीश श्रीवास्तव, सोनू साहनी, विकास दीक्षित, सुंदरकांड पाठ सेवामंडल के संस्थापक निरंकार बर्णवाल, चंद्रा साहनी सहित सैकड़ों की संख्या में सनातन अनुयायी उपस्थित रहे।

## गांजा, फोन और बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

जालौन (उरई)। कोतवाली पुलिस ने गांजा लेकर जा रहे युवक को पकड़ा है। युवक के पास से पुलिस ने पांच किग्रा गांजा, मोबाइल फोन व बाइक बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली में तैनात एसआई मनीष कुमार तिवारी को सूचना मिली कि आकोढ़ी दुबे के पास एक युवक कोई नशीला पदार्थ अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में बाइक लेकर जा रहे रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खकसीस निवासी शिवम सेंगर को रोककर जब बाइक पर टंगे थैले की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें से 5.130 किग्रा सूखा गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजे के साथ ही युवक का मोबाइल व बाइक कब्जे में ले लिया। जामा तलाशी में पुलिस ने युवक के पास से 110 रुपये भी बरामद किए।

# सिपाही का राजकीय सम्मान के साथ गांव में हुआ अंतिम संस्कार



पायनियर संवाददाता। सुमेरपुर (हमीरपुर)

सोमवार को छुट्टी से वापस जाते समय टेढ़ा निवासी एक पुलिस आरक्षी बांदा के पास हादसे का शिकार हो गया। बांदा से इलाज को कानपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मंगलवार को शाम पैतृक गांव में सीओ सदर की मौजूदगी में सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया टेढ़ा गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता का पुत्र कन्हैया गुप्ता 2018 में पुलिस में भर्ती हुआ था।

मौजूदा समय में वह मिर्जापुर में तैनात था। आठ दिसंबर सोमवार को यह छुट्टी से वापस ड्यूटी के लिए बाइक से मिर्जापुर के लिए निकला था। शाम करीब 4 बजे इसको बांदा शहर के शुकुल कुआं के समीप किसी वाहन ने टक्कर मार दी और कुचलता हुआ निकल गया। इस घटना में सिपाही गंभीर रूप से घायल हुआ था। रात को बांदा से कानपुर इलाज के लिए ले जाते समय बिंदकी के पास उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को दोपहर बाद शव गांव लाया गया।

यहां पर सीओ सदर राजेश कमल की मौजूदगी में आरक्षी को सलामी देकर सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर पुलिस फोर्स सहित थानाध्यक्ष अनूप सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## मजदूर के साथ हुई टप्पेबाजी

सुमेरपुर(हमीरपुर)। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा बस स्टॉप में संचालित इंडियन बैंक से रुपये निकालने आए एक मजदूर से दो युवकों ने कागज की गड्डी थमाकर 11 हजार रुपये लेकर खिसक गए रुमाल में लिपटी नकली गड्डी खोलते ही मजदूर परेशान हो गया। मंगलवार को इंगोहटा निवासी प्रकाश केवट अपने खाते से 11 हजार रुपये निकालने बैंक पहुंचा। रुपये गिनकर बैंक के नीचे आते ही दो युवकों ने उसे रोका। उन्होंने रुमाल में लिपटी नोटों की गड्डी दिखाते हुए कहा कि उनके रुपये जमा नहीं हो रहे अपने रुपये हमें दे दो हमारे रुपए ले लो। भोले भाले मजदूर ने रुपये दे दिए। इसके बाद पलक झपकते ही दोनों टप्पेबाज फरार हो गए। मजदूर ने रुमाल खोलकर देखा तो उसमें अखबारी कागज की गड्डी थी। परेशान होकर मजदूर तत्काल पुलिस चौकी पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

## नशेबाज चालक की ट्रैक्टर से हुई मौत

राठ(हमीरपुर)। सोमवार को कस्बे के उरई रोड पर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के पास ट्रैक्टर चला रहे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। मंगलवार को युवक की शिनाख्त हो गई है। मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी दशरथ(35) पुत्र शिवनारायण सोमवार की शाम करीब सात बजे स्वयं ही ट्रैक्टर ट्रॉली को चला रहा था। अचानक ही वह चलते हुए ट्रैक्टर के नीचे गिर गया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रॉली गोल.गोल घूमते हुए नीचे गिरे हुए ट्रैक्टर चालक के ऊपर चार बार चढ़कर निकल गई। ट्रैक्टर ट्राली के गोल.गोल घूमने का वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उरई रोड पर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के पास ट्रैक्टर ट्राली को चला रहा एक व्यक्ति अचानक ही ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। कुचलकर मौत हो गयी।

## स्वदेशी के मंत्र से ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण होगा

**भाषा। रायपुर**



■ उपमुख्यमंत्री ने रायपुर वासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने राजधानी रायपुर में स्वदेशी संकल्प यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना किया और कहा कि स्वदेशी के मंत्र से ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण होगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और स्वदेशी जागरण मंच, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा को उपमुख्यमंत्री साव ने आज रायपुर के तेलीबांधा तालाब परिसर में ध्वज दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर आयोजित मोटरसाइकिल रैली में शामिल होकर साव ने रायपुर वासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के माध्यम से ही छत्तीसगढ़ और देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। साव ने राजधानीवासियों को संबोधित करते हुए कहा, "भारत को खुशहाल और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी का संदेश घर-घर पहुंचाने का यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। 22 दिनों तक चलने वाली यह स्वदेशी संकल्प यात्रा पूरे प्रदेश में सकारात्मक वातावरण तैयार कर रही है।"

उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने का यह संकल्प हमें आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और स्वाभिमानी बनाएगा तथा भारत माता के गौरव और वैभव को पुनः स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के विधायक और व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### वंदे मातरम् पर बोले राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन

# एक राष्ट्र के रूप में साथ खड़े होने का संकल्प लें

**भाषा। नई दिल्ली**



राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को मातृभूमि के प्रति प्रेम की भावना से देश को जोड़ने वाला "अमर स्तुति गीत'' बताते हुए सभी से एकता और राष्ट्रीय सेवा का संकल्प लेने का आ''ान किया।

वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर उच्च सदन में चर्चा से पहले सभापति ने कहा कि यह गीत उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत की याद दिलाता है, जो इसे गाते हुए फांसी के तख्ते तक निर्भीकता से पहुंचे।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम् को हर घर, हर स्कूल, हर संघर्ष और हर भारतीय के हृदय तक पहुंचाया।

राधाकृष्णन ने कहा, ₹वंदे मातरम् सिर्फ एक गीत ही नहीं है बल्कि यह हमारे राष्ट्र की धड़कन है। यह असंख्य माताओं की मौन प्रार्थना, शोषितों की आशा और स्वतंत्रता का स्वप्न देखने वालों का अटूट साहस है।

उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह अमर गीत औपनिवेशिक दमन के दौर में स्वतंत्रता की आकांक्षा का प्रतीक बना और इसने धर्म, भाषा और भूगोल की सीमाएं पार कर पूरे राष्ट्र को मातृभूमि-प्रेम की एक भावना में बांधा।

उन्होंने कहा, ₹वंदे मातरम् स्वतंत्रता सेनानियों का अंतिम उद्घोष था, जिसे वे गर्व से गाते हुए फांसी पर चढ़े। उनकी बलिदान कथा इस गीत की हर पंक्ति में गूंजती है।₹

सभापति ने सुब्रमण्यम भारती की एक देशभक्तिपूर्ण कविता का भी उल्लेख किया।

गृह मंत्री अमित शाह को चर्चा शुरू करने की अनुमति देने से पहले राधाकृष्णन ने कहा, ₹वंदे मातरम् एक संकल्प है–हमारी पहचान का, हमारी एकता का, और हमारी सामूहिक नियति का। इसकी रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आइये, हम सभी अपने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करें।

उन्होंने कहा, ₹आज हम संकल्प लें–ईमानदारी से देश की सेवा करने का, एक जनता और एक राष्ट्र के रूप में साथ खड़े होने का, और गर्व से वंदे मातरम् कहने का।

राज्यसभा में 'वंदे मातरम्' पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

## अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के तुरंत बाद चुनावों की घोषणा होगी

**भाषा। कूच बिहार**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि कानूनी चुनौतियों से बचने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद फरवरी में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के तुरंत बाद राज्य में विस चुनावों की घोषणा की जाएगी।

ममता बनर्जी ने कूचबिहार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल मतदाताओं में डर उत्पन्न करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, फरवरी में एसआईआर की अंतिम सूची जारी होने के तुरंत बाद चुनाव घोषित किए जाएंगे, ताकि किसी को भी इसे कानूनी रूप से चुनौती देने का मौका न मिले। ऐसा इसलिए किया जाएगा ताकि चुनाव उसी सूची के आधार पर हों।₹

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा चार नवंबर को एसआईआर लागू करने से लोगों के बीच डर का माहौल बन गया है और उन्हें यह आशंका है कि उनके नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा, ₹अब हमें अपनी नागरिकता साबित करनी होगी? इससे बड़ी शर्म की बात और क्या हो सकती है? जो लोग पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं, उनसे यह साबित करने के लिए कहा जा रहा है कि वे कौन हैं।₹

मुख्यमंत्री ने केंद्र पर हमला तेज करते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर 'अराजक और निरंकुश' शासन चलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो पार्टी बंगाल की संस्कृति, भाषा और विरासत को नष्ट कर देगी।

ममता ने यह भी दावा किया कि अगर तृणमूल कांग्रेस सरकार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को रोक दिया होता तो केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा देती।

## मप्रः वक्फ के नाम पर 40,000 वर्ग फुट कब्जा हटाया

**भाषा। खंडवा**

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में प्रशासन ने 40,000 वर्ग फुट पर फैली सरकारी जमीन से कथित तौर पर वक्फ के नाम पर किया गया अवैध कब्जा मंगलवार को हटा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) बजरंग बहादुर ने बताया," सिहाड़ा गांव में कुछ व्यक्तियों ने शासकीय जमीन को वक्फ की संपत्ति बताकर इस पर अवैध कब्जा कर लिया था। हमने शासकीय संपत्ति से अवैध कब्जा हटा दिया।''जिला मुख्यालय से सात किमी दूर गांव में 40,000 वर्ग फुट पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस बल तैनात किया गया था।

सिहाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि हेमंत सिंह चौहान ने कहा,"जिस जगह को वक्फ की संपत्ति बताया जा रहा था, वह सरकारी भूमि है। इस भूमि पर ग्राम पंचायत ने दुकानें बनाने का प्रस्ताव पारित किया है।''

## सिंध का प्राचीन वाद्ययंत्र 'बोरींडो' यूनेस्कों की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल

**भाषा। नई दिल्ली**



पाकिस्तान के सिंध प्रांत का प्राचीन लोक संगीत वाद्ययंत्र बोरींडो और उसकी धुनें, पैराग्वे की प्राचीन चीनी मिट्टी की शिल्पकला और केन्या के दाईदा समुदाय के म्वाजिंडिका आध्यात्मिक नृत्य को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची (आईसीएच) में मंगलवार को शामिल किया गया, जिन्हें तत्काल संरक्षण की आवश्यकता है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि समिति द्वारा मंगलवार को नामांकनों पर विचार किया जा रहा है ताकि उन्हें आईसीएच में जगह दी जा सके। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर-सरकारी समिति (आईसीएच) का 20वां सत्र 8 से 13 दिसंबर तक यहां लाल किले में आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)के एक अधिकारी ने बताया कि सूची में शामिल नयी प्रवृष्टियों में वियतनाम के डोंग हो लोक वुडब्लॉक प्रिंटिंग (लकड़ी पर चित्रकारी) बनाने की कला, पाकिस्तान से लुप्त हो रहे प्राचीन लोक संगीत वाद्ययंत्र बोरींडो और उसकी धुनें, ज्ञान और कौशल, तथा फिलीपीन के बोहोल द्वीप के बोहोलानो समुद्री नमक असिन तिबूक बनाने की प्रथा शामिल है।

विश्व निकाय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट कर सूची में शामिल नयी प्रविष्टियों की जानकारी दी। यूनेस्को ने कहा, "अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की तत्काल सुरक्षा सूची में नया नाम केन्या के डेडा समुदाय का म्वाजिंडिका आध्यात्मिक नृत्य।''

विश्व निकाय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, "तत्काल संरक्षित की जाने वाली अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में नया नाम पाकिस्तान का बोरींडो, प्राचीन लुप्त हो रहा लोक संगीत वाद्ययंत्र, इसकी धुन, ज्ञान और कौशल।'' यह पहली बार है कि भारत यूनेस्को के किसी सत्र की मेजबानी कर रहा है। पेरिस स्थित विश्व निकाय के अनुसार, समिति इस सत्र के दौरान यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के लिए लगभग 80 देशों द्वारा प्राप्त 'कुल 67 नामांकनों' पर विचार करेगी।

यूनेस्को ने पोस्ट किया कि तत्काल संरक्षण की आवश्यकता वाली अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में अन्य नए नाम पनामा की आवास निर्माण शैली 'क्विंचा हाउस और जुंटा डी एम्बारे/एम्बारा, पैराग्वे की पारंपरिक चीनी मिट्टी शिल्पकला नाइउपो कला, पुर्तगाल के एवेरो क्षेत्र की नौसैनिक बढ़ईगीरी कला मोलिसिरो नाव, तथा उज्बेकिस्तान की कोबीज शिल्पकला और वादन कला है। यूनेस्को ने इसी के साथ अरब देशों की 'बिष्ट'कला, बेलारूस में गोमेल क्षेत्र के वेतका जिले की 'नेगलिबुका' कपड़ा बुनाई परंपरा, अल्बानिया का लहुटा वाद्य यंत्र, उसका वादन और गायन को भी सूची में शामिल करने को हरी झंडी दे दी है।

## कंबोडिया ने बढ़ते सीमा संघर्ष के बीच थाईलैंड के खिलाफ कड़े संघर्ष की प्रतिबद्धता जताई

**एपी। सुरिन (थाईलैंड)**



कंबोडिया की सीनेट के अध्यक्ष हुन सेन ने मंगलवार को कहा कि उनका देश थाईलैंड के खिलाफ कड़ा संघर्ष करेगा।

दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों के बीच दूसरे दिन व्यापक रूप से फिर से शुरू हुए संघर्ष के कारण हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों से पलायन कर गए हैं। रविवार रात को झड़प के बाद लड़ाई शुरू हो गई जिसमें थाईलैंड का एक सैनिक मारा गया, जबकि जुलाई में क्षेत्रीय दावों को लेकर संघर्ष विराम हुआ था। पांच दिनों तक चली लड़ाई में दोनों पक्षों के कई लोग मारे गये थे और 100,000 से अधिक नागरिकों को वहां से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा।

दोनों पक्षों ने लड़ाई जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने मंगलवार को कहा कि कंबोडिया ने संभावित वार्ता के लिए अभी तक थाईलैंड से संपर्क नहीं किया है और लड़ाई जारी रहेगी, जिससे यह संकेत मिलता है कि कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा, "हमें वही करना होगा जो हमें करना है। सरकार पहले से तय सभी तरह के सैन्य अभियानों का समर्थन करेगी।'' उन्होंने सोमवार को कहा था कि देश की संप्रभुता की रक्षा और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैन्य कार्रवाई आवश्यक है। फेसबुक और टेलीग्राम पर पोस्ट किये गये एक बयान में, हुन सेन ने दावा किया कि उनके देश ने सोमवार को जवाबी कार्रवाई करने से परहेज किया था, लेकिन रात में थाईलैंड की सेना पर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी और कहा कि कंबोडिया "जवाबी हमलों के जरिये दुश्मन सेना को कमजोर और नष्ट कर देगा।''थाईलैंड की सेना ने कहा कि कंबोडिया ने मंगलवार को तोपखाने, रॉकेट और ड्रोन से थाई ठिकानों पर हमला किया।

थाईलैंड का कहना है कि कंबोडियाई सेना ने रविवार और सोमवार को भी उसके सैनिकों पर गोलीबारी की, लेकिन दोनों पक्ष पहले गोलीबारी के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। हुन सेन ने कहा, "कंबोडिया शांति चाहता है, लेकिन कंबोडिया को अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए वापस लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।''

कंबोडिया की सेना ने मंगलवार को कहा कि फिर हुए संघर्ष में सात नागरिक मारे गये और 20 अन्य घायल हो गये।

## यतींद्र ने नेतृत्व पर जो कहा, वह समझ में नहीं आया : शिवकुमार

**भाषा। बेलगावी (कर्नाटक)**



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि उनके और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने साथ ही कहा कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे पर मुख्यमंत्री के बेटे द्वारा की गई टिप्पणी उन्हें समझ में नहीं आयी।

सिद्धरमैया के बेटे एवं विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) यतींद्र सिद्धरमैया ने कहा था कि फिलहाल नेतृत्व परिवर्तन का "कोई सवाल ही नहीं है'' और उनका मानना है कि सिद्धरमैया पांच साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस टिप्पणी ने संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को फिर से हवा दे दी है। यह टिप्पणी सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच नाश्ते पर मुलाकात के एक दौर के बाद आयी है।

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "सब कुछ ठीक है। मेरे और मुख्यमंत्री के बीच कोई मतभेद नहीं है। यह कभी नहीं था, यह आज नहीं है और यह भविष्य में भी नहीं रहेगा। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने (यतींद्र) क्या कहा है। मैं उनसे बात करूंगा।''

उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस आलाकमान के साथ हुई अपनी बातचीत का ब्योरा देने या इस बारे में बताने से इनकार कर दिया कि अगली बार बैठक के लिए कब बुलाया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस ने उनके समर्थन में बोलने वालों को नोटिस क्यों जारी किया, लेकिन यतींद्र को नहीं, तो शिवकुमार ने बस इतना कहा, "मैं उनसे बात करूंगा..।'

यतींद्र की टिप्पणी के बाद, सिद्धरमैया ने सोमवार को दोहराया कि पार्टी आलाकमान जो भी फैसला लेगा, वह उसका पालन करेंगे। यतींद्र ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, "कोई कुछ भी कहे, कहने दीजिये। मुझे जो कहना था, कह दिया है। मैं आगे कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता।'' कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल के ढाई वर्ष 20 नवंबर को पूरे होने के बाद नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई थीं।

### माइक्रोसॉफ्ट भारत में 17.5 अरब डॉलर के निवेश के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट भारत में एआई भविष्य के लिए जरूरी अवसंरचना, कौशल एवं स्वाायत्त क्षमताओं के विकास के लिए 17.5 अरब डॉलर (करीब 1.58 लाख करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। नडेला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "देश की महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट 17.5 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जता रही है। यह एशिया में हमारा अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

## भारत को अपना विकास पथ खुद तय करना होगा : अदाणी

**भाषा। बेलगावी (कर्नाटक)**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत की संप्रभुता उसकी धरती में मौजूद संसाधनों पर नियंत्रण करने पर निर्भर करती है और देश को खंडित वैश्विक गठबंधनों के बीच अपना विकास पथ स्वयं निर्धारित करना होगा।

अदाणी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस), धनबाद के 100वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भर के देश विशुद्ध रूप से अपने स्वार्थ के हिसाब से काम कर रहे हैं, ऐसे में भारत को अपनी वृद्धि को बढ़ावा देने वाली ऊर्जा प्रणालियों में महारत हासिल करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, "21वीं सदी में भारत की संप्रभुता, देश के प्राकृतिक संसाधनों एवं ऊर्जा प्रणालियों पर उसके नियंत्रण पर निर्भर करेगी। भारत को एक ऐसे विश्व में, जहां राष्ट्रीय आत्म-संरक्षण और वैश्विक गठबंधनों में दरार बढ़ती जा रही है, अपना विकास पथ स्वयं तैयार करना होगा।'' अदाणी ने कहा कि जब बख्तियार खिलजी ने नालंदा को जलाया था, तो उसका मकसद केवल इमारतों को नष्ट करना या पांडुलिपियों को आग लगाना नहीं था। उन्होंने कहा, "उसका असली निशाना हमारी सभ्यता के आत्मविश्वास, हमारी ज्ञान प्रणालियां और विदेशी प्रभाव से मुक्त होकर स्वतंत्र रूप से सोचने की हमारी क्षमता थी। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए क्योंकि जो सभ्यता यह भूल जाती है कि उसे कैसे तोड़ा गया, वह उठना भी भूल जाती है।'' अदाणी ने कहा, "सदियों बाद, जब अंग्रेज पहले से ही कमजोर भारत में आए, तो उन्होंने ज्ञान को नष्ट नहीं किया बल्कि उसे अपने हिसाब से बदला। उन्होंने एक ऐसी शिक्षा प्रणाली तैयार की जो विचारक नहीं बल्कि केवल 'क्लर्क' पैदा करने के लिए तैयार की गई थी। ऐसा करते हुए उन्होंने उन कहानियों, ज्ञान और कल्पना को मिटा दिया जो कभी भारत को एकजुट करती थीं।'' उन्होंने कहा कि इसके विपरीत भारत सपने नहीं बेचता, वह सपनों को हकीकत में बदलता है। अदाणी ने 'कथात्मक उपनिवेशीकरण' को लेकर आगाह करते हुए कहा कि ऐतिहासिक रूप से सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश अब यह बताना चाहते हैं कि भारत को किस प्रकार विकास करना चाहिए।

### बीएनआई नई दिल्ली अपने अब तक के सबसे बड़े बिज़नेस नेटवर्किंग महोत्सव के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** टैप 2025 -नेटवर्क टू एबंडेंस, बीएनआई नई दिल्ली के फ्लैगशिप बिज़नेस नेटवर्किंग कॉन्फ़्रेंस के चौथे संस्करण का कर्टेन रेज़र सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसने इस साल की शुरुआत को भव्य बना दिया है। 19-20 दिसंबर 2025 को यशोभूमि (IICC), द्वारका में होने वाला टैप 2025 भारत के सबसे बड़े और प्रभावशाली उद्यमी सम्मेलनों में से एक बनने जा रहा है। यह सम्मेलन बिज़नेस ओनर्स, इनोवेटर्स और लीडर्स को एक साथ लाएगा जो सहयोग-आधारित विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं। बीएनआई नई दिल्ली द्वारा आयोजित, यह सम्मेलन क्षेत्र के 10 वर्षों का उत्सव भी है। टैप 2025 का उद्देश्य बिज़नेस नेटवर्किंग की भूमिका को पुनर्परिभाषित करना है ताकि उद्यमियों की प्रॉफिटेबिलिटी, स्केलेबिलिटी और रेफ़रल-आधारित ग्रोथ को नई दिशा मिल सके।

## संक्रांति से सभी सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराएं

**भाषा। अमरावती**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे संक्रांति त्योहार से लोगों को सभी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराएं।

'रियल टाइम गवर्नेंस सिस्टम' (आरटीजीएस) की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन सेवाओं से पारदर्शिता आएगी और शासन के प्रति लोगों की ₹संतुष्टि₹ भी बढ़ेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, 'मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को अगली संक्रांति से सभी सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विभागों से इस दिशा में कदम उठाने को कहा है।'

तेदेपा के प्रमुख के अनुसार, सरकार की सभी सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को ड्रोन सेवाओं में विविधता लाने और इस उद्देश्य के लिए एक मास्टर प्लान बनाने का निर्देश दिया।

## 'वोट चोरी' राष्ट्र विरोधी कृत्य, सत्तापक्ष के लोग यह कर रहे हैं : राहुल गांधी

**भाषा। नई दिल्ली**



■ कहा, सत्ता में बैठे लोग 'आइडिया ऑफ इंडिया' (भारत की अवधारणा) नष्ट कर रहे हैं

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को 'वोट चोरी' को "सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य'' करार दिया और आरोप लगाया कि सत्तापक्ष में बैठे लोग इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं तथा 'आइडिया ऑफ इंडिया' (भारत की अवधारणा) नष्ट कर रहे हैं।

उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निर्वाचन आयोग तथा दूसरी संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से एक महीने पहले सभी राजनीतिक दलों को मशीन से पढ़ने योग्य मतदाता सूची उपलब्ध कराई, मतदान के समय की सीसीटीवी फुटेज दी जाए तथा ईवीएम संरचना के बारे में जानकारी दी जाए। उनका कहना था कि वर्ष 2023 के उस कानून को बदलिए जो निर्वाचन आयुक्तों को "यह ताकत देता है कि वो जो चाहें वो करें।''

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत तीन सदस्यीय चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।

राहुल गांधी ने कहा, "हम सिर्फ सबसे बड़े लोकतंत्र नहीं हैं, बल्कि हम सबसे महान लोकतंत्र भी हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कि इस महान देश को नष्ट किया जा रहा है और सब जानते हैं कि यह हो रहा है। राहुल ने हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में हेराफेरी का आरोप दोहराते हुए कहा, "सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी काम वोट चोरी है। इससे बड़ा राष्ट्र विरोधी काम कुछ नहीं है। जब आप वोट खत्म करते हैं तो देश के तानेबाने को नष्ट करते हैं, आप आधुनिक भारत को नष्ट करते हैं और भारत की अवधारणा को नष्ट करते हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग यह राष्ट्र विरोधी कृत्य कर रहे हैं।

राहुल ने दावा किया कि के 'प्रोजेक्ट' के तहत विभिन्न संस्थाओं और निर्वाचन आयोग पर कब्जा किया गया। "30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी जी की छाती में तीन गोलियां लगीं...लेकिन प्रोजेक्ट यहीं ख़त्म नहीं हुआ।

## भारत में श्रम बाजार सुस्त, लेकिन नौकरी विज्ञापन कोविड-पूर्व स्तर से ऊपरः इनडीड

**नई दिल्ली।** लोबल हायरिंग एवं मैचिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के नए सर्वे के अनुसार, अक्टूबर में देश के औपचारिक रोजगार क्षेत्र में सुस्ती जारी रही। इनडीड पर नौकरी विज्ञापनों में माह-दर-माह 5.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो लगातार दूसरा महीना रहा। इसके चलते नौकरी विज्ञापन अब एक साल पहले की तुलना में 19.8 प्रतिशत कम हो चुके हैं। हालांकि कोविड-पूर्व दौर की तुलना में भारत में नौकरी विज्ञापन अभी भी 60 प्रतिशत अधिक हैं। सर्वे के अनुसार, नौकरी विज्ञापनों का सर्वोच्च स्तर जनवरी 2023 में था, जो अब 25 प्रतिशत घट चुका है। इनडीड के एशिया पैसिफिक के सीनियर इकॉनॉमिस्ट कैलम पिकरिंग का कहना है कि भारतीय कार्यबल लगातार औपचारिक रोजगार संरचना की ओर बढ़ रहा है। महामारी के बाद औपचारिक क्षेत्र में आई तेजी और उसके बाद आई मंदी के बावजूद नौकरी विज्ञापनों की मजबूती इसी परिवर्तन का परिणाम है। पिछले तीन महीनों में लगभग तीन-चौथाई व्यवसायों में नौकरी विज्ञापन घटे हैं। इसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। क्लीनिंग एवं सैनिटेशन में विज्ञापन 20 प्रतिशत बढ़े, जबकि कम्युनिटी एवं सोशल सर्विस में 17.4 प्रतिशत, डेंटल में 13.1 प्रतिशत, नर्सिंग में 11.2 प्रतिशत और फूड प्रिपरेशन एवं सर्विस में 10.3 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। ह्यूमन रिसोर्स सेक्टर में भी 2.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। दूसरी ओर, बैंकिंग एवं फाइनेंस में 25.6 प्रतिशत, लीगल सेक्टर में 22.4 प्रतिशत, रिटेल में 16.7 प्रतिशत और लोडिंग एवं स्टॉकिंग में 15 प्रतिशत विज्ञापन घटे।

# आईपीएल 2026 की नीलामी में 240 भारतीयों सहित 350 खिलाड़ी शामिल

एजेंसी। मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 16 दिसंबर को अबुधाबी में होने वाली नीलामी में कुल 350 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। हाल ही में वनडे में संन्यास से वापसी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक का नाम भी अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उनका आधार मूल्य एक करोड़ रुपये है। इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी शामिल हैं, जिनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। स्मिथ आखिरी बार 2021 में आईपीएल में खेले थे। आईपीएल की एक विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों की नीलामी के लिए कुल 1390 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। इसे बाद में घटाकर 1005 पर दिया गया था। इन खिलाड़ियों में से ही अंतिम 350 खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई है। आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी टीमें इन 350 खिलाड़ियों में से ही बाकी बचे 77 स्थान को भरेंगे। नीलामी में खिलाड़ियों के पहले सेट में भारत और मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी साव और सरफराज खान शामिल हैं। इन दोनों ने अपना आधार मूल्य 75 लाख रुपये रखा है। साव 2018 से 2024 तक आईपीएल में खेले थे, लेकिन पिछली बार नीलामी में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था। सरफ़राज़ 2021 के बाद से इस प्रतियोगिता में नहीं खेले हैं।आईपीएल द्वारा साझा की गई सूची में दो आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरन ग्रीन और जेक फ्रेजर मैकगर्क के अलावा न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर भी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा रिलीज किए गए ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने अपना आधार मूल्य दो करोड़ रुपये रखा है। सैयद



मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले कुणाल चंदेला और अशोक कुमार भी नीलामी की अंतिम सूची में शामिल हैं। तीन बार की विजेता केकेआर 64.3 करोड़ रुपये की सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरेगी। उसके बाद पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है जिसके पास 43.4 करोड़ रुपये की धनराशि बची है। एक बार आईपीएल खिताब जीत चुकी सनराइजर्स हैदराबाद 25.5 करोड़ रुपये के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर है। नीलामी की अंतिम सूची में इंग्लैंड के 21 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ, तेज गेंदबाज गस एटकिंसन, लियाम लिविंगस्टोन और टेस्ट सलामी बल्लेबाज बेन डकेट शामिल हैं। इस नीलामी में ग्रीन पर बड़ी बोली लगने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के कुल 19 खिलाड़ी सूची में शामिल हैं। इनमें ग्रीन के अलावा जोश इंगलिस, मैथ्यू शॉर्ट, कूपर कोनोली और ब्यू वेबस्टर अन्य प्रमुख नाम हैं। दक्षिण अफ्रीका के 15 खिलाड़ी नीलामी सूची का हिस्सा हैं। इनमें डिकॉक और मिलर के साथ तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, गेराल्ड कोएट्जी और ऑलराउंडर वियान मुल्डर भी शामिल हैं। नीलामी की सूची में जगह बनाने वाले वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और शमर जोसेफ, एकीम ऑगस्टे, शाई होप और रोस्टन चेस शामिल हैं। श्रीलंका के जिन 12 खिलाड़ियों ने नीलामी सूची में जगह बनाई है उनमें वानिंदु हसरंगा, दुनीथ वेल्लालेज, महेश तीक्षाना, त्रवीन मैथ्यू, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा भी शामिल है। न्यूजीलैंड के 16 और अफगानिस्तान के 10 खिलाड़ियों को नीलामी सूची में जगह मिली है। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में रचिन रवींद्र भी शामिल हैं जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने रिलीज कर दिया था। अफगानिस्तान के खिलाड़ियों में रहमानुल्लाह गुरबाज और नवीन उल हक भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ मीडिया का फिक्सचर ड्रॉ आज

**लखनऊ।** पत्रकारों के बीच प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की रोमांचक दास्तां एक बार फिर दोहराने को तैयार है। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में होने वाली एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग 2025 का फिक्सचर ड्रा 10 दिसंबर को दोपहर 2 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा। इस प्रतिष्ठित लीग में विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों के पत्रकार हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन 13 से 19 दिसंबर तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा। एलएसजेए के सचिव एसएम अरशद ने बताया कि लीग में कुल आठ टीमों ने भागीदारी की पुष्टि की है, जिनमें गत विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इलेवन और उपविजेता टाइम्स ऑफ इंडिया भी शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि लीग का फाइनल मुकाबला 19 दिसंबर को शाम 4 बजे से फ्लड लाइट में दिन-रात्रि प्रारूप में खेला जाएगा।

### सिंधी प्रीमियर क्रिकेट लीग 17 से

**लखनऊ।** सिंधी समाज की देखरेख में सिंधी प्रीमियर क्रिकेट लीग 17 से 21 दिसंबर तक खेली जायेगी। इस आयोजन के लिए किक ऑफ सेरेमनी मंगलवार को आयोजित की गई। बाबा साई मोहन लाल ने कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने सिंधी प्रीमियर लीग (एसपीएल) की कोर टीम के साथ लीग के ग्रुप्स का ड्रा करवाया। संयोजक सतेंद्र भवनानी ने बताया कि आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर के मैदान में मुकाबले खेले जायेंगे। 16 टीमें इस लीग में प्रतिभाग करेंगी। संयोजक भीमेश अठवानी व कपिल सावलानी ने बताया कि मैन ऑफ द मैच के साथ टूनार्मेंट के विशेष पुरस्कार सहित विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार मिलेगा।

### महिला व पुरुष बॉक्सिंग स्पर्धा 16 से

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। 16 से 19 दिसंबर तक पुरुष और 21 से 24 दिसंबर तक महिला वर्ग के मुकाबले खेले जायेंगे। इस प्रतियोगिता में लखनऊ की महिला और पुरुष टीम प्रतिभाग करेगी। लखनऊ मंडल टीम के गठन को चयन ट्रायल केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर आयोजित होंगे। 12 को जिला स्तरीय और 13 को मंडल स्तरीय ट्रायल आयोजित किये जायेंगे। इच्छुक खिलाड़ी केडी सिंह बाबू स्टेडियम के कार्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा ने दी।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता 12 से

**लखनऊ ।** पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता 12 एवं 13 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। इच्छुक खिलाड़ी अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक रिजवान अहमद और विकास यादव से संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेता और उपजेता को नकद धनराशि प्रदान की जायेगी।

### वॉलीबॉल चैंपियनशिप आज से

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ इस बार एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू), नई दिल्ली के तहत आयोजित नॉर्थ-जोन महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025-26 की मेजबानी करेगी। उद्घाटन समारोह 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में होगा।मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परिवहन विभाग रहेंगे, जबकि बबलू कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह की अध्यक्षता चांसलर प्रो. सैयद वसीम अख्तर करेंगे।विश्वविद्यालय ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को उद्घाटन समारोह के कवरेज के लिए आमंत्रित किया है और महिला खेलों को बढ़ावा देने में सहयोग की अपील की है।

### स्कूली एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से

**लखनऊ।** देश भर के विभिन्न स्कूलों के एथलेटिक्स टीम बुधवार से शहर पहुंचने लगेंगी। डिपार्टमेंट ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन उत्तर प्रदेश की देखरेख में नेशनल स्कूल गेम्स एथलेटिक्स अंडर-17 चैंपियनशिप 13 से 17 दिसंबर तक कुर्सी रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में 43 टीमों के आने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार अभी तक 38 टीमों ने आने की स्वीकृति दे दी है। टीमों के पहुंचने का सिलसिला बुधवार से शुरू हो जायेगा। इन टीमों के अलीगंज, इंदिरा नगर, जानकीपुरम और गोमती नगर के होटलों में ठहरने की व्यवस्था की गई है। तकरीबन 2200 से अधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स की विभिन्न स्पधाओं में दम दिखाते नजर आयेंगे। इस आयोजन को लेकर बुधवार को एक बैठक स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित की जायेगी। इस दौरान चैंपियनशिप की तैयारियों को जायजा लेने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी भी पहुंचेंगे।

**इन स्पधाओं में दम दिखायेंगे खिलाड़ी**

100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 110 मीटर हर्डल, 400 मीटर हर्डल, ऊंची कूद, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, पोल वॉल्ट, शॉट पुट, डिसकस थ्रो, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, 4 गुणे 100 मीटर रिले, 4 गुणे 400 मीटर रिले, 5000 मीटर पैदल चाल।

## पहला टी20 101 रन से जीती टीम इंडिया,सीरीज में 1-0 की बढ़त

# पंडया के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को रौंदा

एजेंसी। कटक

मैन ऑफ द मैच हार्दिक पंड्या के हरफनमौला खेल से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से हराकर शानदार आगाज किया। पंड्या की नाबाद 59 रन की आक्रामक पारी के बूते भारत ने छह विकेट पर 175 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 12.3 ओवर में 74 रन पर आउट कर इस टीम के खिलाफ रनों के लिहाज से अपनी तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने इससे पहले नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका को 135 रन और दिसंबर 2023 में 106 रन से हराया था।टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह दक्षिण अफ्रीका का सबसे छोटा स्कोर है।

बल्ले से अपना छठा टी20 अर्धशतक जड़ने वाले पंड्या ने डेविड मिलर (एक रन) का अहम विकेट भी चटकाया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल को दो-दो जबकि शिवम दुबे को एक सफलता मिली। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 22 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान एडेन मारक्रम ने 14-14 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम 12 ओवर के बाद चार विकेट पर 78 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन एशिया कप के बाद चोट से वापसी कर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे पंड्या ने 28 गेंद की नाबाद पारी में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। भारत के लिए तिलक वर्मा (32 गेंद में 26), अक्षर पटेल (21 गेंद में 23) अभिषेक शर्मा (12 गेंद में 17) क्रीज पर समय बिताने के बावजूद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिये। लुथो सिपामला को दो जबकि डोनोवन फरेरा को एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए अर्शदीप सिंह ने पारी की दूसरी गेंद पर ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर पवेलियन की राह दिखाने के बाद अपने अगले ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (14) को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया।



हार्दिक पंड्या

## जूनियर हॉकी विश्व कप

### नौ साल बाद पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

**चेन्नई।** जर्मनी के हाथों करारी हार के साथ खिताब का सपना टूटने के बाद भारतीय टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मुकाबले के लिये बुधवार को अर्जेंटीना के खिलाफ उतरेगी तो नौ साल बाद पदक जीतने के लिये उसे दबाव में गलतियां करने की आदत से पार पाना होगा। पिछले दो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा जो उसने सेमीफाइनल में सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ की और 1-5 से पराजय झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर में 2021 में और कुआलालम्पुर में 2023 में हुए जूनियर विश्व कप में भारत क्रमशः फ्रांस और स्पेन से 3-1 से हारकर चौथे स्थान पर रहा था। होबर्ट में 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब 2016 में लखनऊ में जीता था। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुके भारतीय टीम के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश को बखूबी पता है कि यह पदक उनकी टीम के लिये कितना जरूरी है लेकिन उन्हें यह भी अहसास है कि सेमीफाइनल में स्पेन के खिलाफ आखिरी मिनटों में गोल गंवाकर 1-2 से हारी अर्जेंटीना की चुनौती को कमतर नहीं आंका जा सकता। दो बार की चैम्पियन अर्जेंटीना ने 2021 में फाइनल में जर्मनी को 4-2 से हराकर खिताब जीता था । राउंड रॉबिन चरण में शानदार फॉर्म में रही भारतीय टीम ने 29 गोल किये थे और एक भी गोल गंवाया नहीं था लिहाजा गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिल सकी थी।

# ईरानी कप शतक : तेंदुलकर ने गुरशरण को किया याद

एजेंसी। मुंबई

सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को पूर्व भारतीय खिलाड़ी गुरशरण सिंह के उस जज्बे को याद किया जिसमें वह 1989-90 में दिल्ली के खिलाफ ईरानी कप मैच में शेष भारत के लिए हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आये ताकि मास्टर ब्लास्टर अपना शतक पूरा कर सके। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने शेष भारत को 309 रनों से हरा दिया था। इस मैच में टीम के लिए सिर्फ तेंदुलकर ही डट कर बल्लेबाजी कर सके। उन्होंने नाबाद 103 रन की पारी खेली जबकि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज डब्ल्यूवी रमन 41 रनों के साथ दूसरे सर्वोच्च स्कोरर थे। शेष भारत की टीम ने 554 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रनों पर नौ विकेट गंवा दिए थे। भारत, दिल्ली और पंजाब के पूर्व खिलाड़ी गुरशरण इसके बाद हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और तेंदुलकर का साथ दिया। दोनों ने अंतिम विकेट के लिए 36 रन जोड़े। तेंदुलकर का शतक पूरा होने के बाद गुरशरण रिटायर आउट हो गये। इस तरह शेष भारत की दूसरी पारी 245 रन पर सिमटी। तेंदुलकर ने यहां 'एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस' के एक कार्यक्रम में कहा, "जैसा कि कहा जाता है, वादे निभाने के लिए होते हैं। मुझे लगता है कि मैं एक कदम आगे जाकर कहूंगा कि वादे निभाने के लिए होते हैं, लेकिन उन्हें पूरा भी करना होता है... और यही हमारा डीएनए है। उन्होंने कहा, मुझे एक घटना याद है। बहुत पहले 1989 में जब मैं ईरानी ट्रॉफी खेल रहा था। यह भारत के लिए चुने जाने से पहले एक ट्रायल मैच जैसा था। मैं 90 रन के आस पास बल्लेबाजी कर रहा था, और मेरे साथी गुरशरण सिंह को चोट लग गई थी । उनके हाथ में फ्रैक्चर था और उन्हें बल्लेबाजी नहीं करनी थी। तेंदुलकर ने कहा, चयन समिति के अध्यक्ष राज सिंह डूंगरपुर ने हालांकि उन्हें मैदान पर जाकर बल्लेबाजी करने और अपने साथी (तेंदुलकर) का साथ देने के लिए कहा। गुरशरण आए और उन्होंने मुझे शतक तक पहुंचने में मदद की और उसके बाद मैं भारत के लिए खेलने के लिए चुन लिया गया। उन्होंने कहा, इसके बाद गुरशरण भी भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बने।



# हैंडबॉल : उत्तर प्रदेश की महिला टीम फाइनल में, पुरुष टीम ने जीता कांस्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की महिला टीम ने 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में घरेलू मैदान पर बीएसएफ के खिलाफ 18-17 की रोमांचक जीत से फाइनल में जगह बना ली। वहीं पुरुष टीम रोमांचक सेमीफाइनल में हार के चलते कांस्य पदक जीत सकी। महिला वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश की टक्कर हिमाचल प्रदेश से होगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में पश्चिम बंगाल को हराया।

37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप

यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में में खेले जा रहे चैंपियनशिप के महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश ने संघर्षपूर्ण सेमीफाइनल में बीएसएफ को 18-17 से हराया। कम स्कोर के इस मैच में मेजबान ने मध्यांतर तक 7-6 से मामूली बढ़त हासिल कर ली और दोनों ही टीमों की खिलाड़ियों ने खासी तेजी का प्रदर्शन किया। मेजबान की जीत में खुशबू एक बार फिर स्टार बनीं जिन्होंने प्रतिद्वंद्वी के ऊपर 7 गोल दागे। सुमन ने 4 व कनीज ने 2 गोल किए जबकि आराधना,राजपति,समृद्धि ने एक-एक गोल दागे। बीएसएफ से मंजिल ने अकेले 13 गोल दागे लेकिन टीम जीत से दूर रह गयी। इस वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश ने पश्चिम बंगाल को आसानी से 18-8 से एकतरफा मात दी। हिमाचल प्रदेश ने शुरू से ही अपनी पकड़ मजबूत करते हुए मध्यांतर तक 12-3 की बढ़त बना ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। हिमाचल प्रदेश की ओर से शालिनी ने अकेले पांच गोल दागे। उनका साथ देते हुए भावना ने 4, प्रियंका ने 3 जबकि मिताली व शिवानी ने 2-2 गोल किए, कृतिका व शिक्षा ने एक-एक गोल साझा किए। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल से मौनिता ने 3 व मौनिता द्वितीय ने 2 जबकि मनीषा, अनीशा व बिथिका ने 1-1 गोल किए। महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल व बीएसएएफ ने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक साझा किया। पुरुष वर्ग का फाइनल पंजाब व राजस्थान के बीच खेला जाएगा जबकि मेजबान उत्तर प्रदेश व सीआरपीएफ ने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

### एसएसए की महिला टीम ने पहली बार किया क्वालीफाई

**पणजी।** सेसा फुटबॉल अकादमी (एसएफए) की सीनियर महिला टीम ने पहली बार भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए क्वालीफाई किया है, जिससे तीन साल के अंतराल के बाद इस राष्ट्रीय लीग में गोवा का प्रतिनिधित्व बहाल होगा। टीम अब 20 दिसंबर से छह जनवरी तक पश्चिम बंगाल में होने वाले आईडब्ल्यूएल में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। इस प्रकार एसएफए आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई करने वाली गोवा की पांचवीं टीम बन गई है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और एसएफए के पूर्व कोच अरमांडो कोलासो ने कहा कि इससे गोवा में महिला फुटबॉल को नया जीवन मिलेगा। उन्होंने महिला फुटबॉलरों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए अकादमी को श्रेय दिया।वेदांता सेसा गोवा के सीईओ नवीन जाजू ने कहा,यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला फुटबॉल के विकास और जमीनी स्तर पर इसे मजबूत करने के प्रति अकादमी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# हेजलवुड एशेज से बाहर,कमिंस की वापसी

एजेंसी। ब्रिस्बेन

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच में वापसी करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर श्रृंखला में 2-0 से आगे है।आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे।मैकडोनाल्ड ने कहा, "वह एशेज श्रृंखला से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी। इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या के कारण वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे।ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था।तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है। कमिंस की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की अगुवाई कर रहे हैं।



# स्पोर्ट्स गैलेक्सी, क्रिएटर्स, इकाना,संदीप व जीसीआजी की शानदार जीत

पायनियर संवाददाता। लखनऊ

21वीं बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग सी के मुकाबलों में मंगलवार को जीसीआरजी, इकाना टाइटंस, द क्रिएटर्स क्लब, संदीप क्रिकेट अकादमी और स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और पूरे अंक हासिल किए।

एसएआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में जीसीआरजी क्रिकेट क्लब ने सीएसडी सहारा अकादमी बीकेटी को नौ विकेट से एकतरफा अंदाज में हराया। सहारा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रन ही बना सकी। उनके बल्लेबाज शुरूआत में टिके, लेकिन जीसीआरजी के गेंदबाजों ने लगातार विकेट लेकर रन गति रोक दी। जवाब में जीसीआरजी ने मात्र 11.1 ओवर में एक विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य बना लिया। टीम के गेंदबाज सत्यम यादव का शानदार प्रदर्शन रहा, जिन्होंने चार महत्वपूर्ण विकेट लेकर जीत की नींव रखी।

21वीं बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग सी







इकाना स्टेडियम बी ग्राउंड पर खेले गए मैच में इकाना टाइटंस ने ओम स्पोर्ट्स क्लब को पांच विकेट से मात दी। ओम स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी में 135 रन बनाए। उनकी पारी में कुछ छोटे-छोटे साझेदारी जरूर हुईं, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बन पाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इकाना टाइटंस ने संभलकर बल्लेबाजी की और पांच विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। विश्वजीत सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए और बाद में नाबाद 15 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

सीएसएस ग्राउंड पर द क्रिएटर्स क्लब ने अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी को आठ विकेट से हराया। अभिजीत अकादमी की टीम 129 रन ही बना सकी। क्रिएटर्स की ओर से सुलभ चौहान ने तीन विकेट लिए, जबकि अमन सिंह ने 23 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे। उनकी इस आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच को एकतरफा बना दिया।

बालाजी बी ग्राउंड पर संदीप क्रिकेट अकादमी ने चैंपियंस लीग क्रिकेट क्लब को 123 रनों के बड़े अंतर से हराया। संदीप की टीम ने पहले बल्लेबाजी में 252 रन बनाए, जिसमें सलमान अली (79) और श्लोक अस्थाना (63) की बेहतरीन पारियाँ शामिल रहीं। गेंदबाजी में अभिषेक सोनी ने तीन और प्रबल मिश्रा ने चार विकेट लेकर विरोधी टीम को 129 रन पर रोक दिया।


### स्पोर्ट्स गैलेक्सी की 280 रनों से विशाल जीत

केएसीएफ ग्राउंड पर दिन का सबसे एकतरफा मुकाबला देखने को मिला, जहां स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब ने अवध क्रिकेट अकादमी को 280 रनों के विशाल अंतर से हराया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने 343 रनों का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया। जवाब में अवध की टीम केवल 63 रन बनाकर समर्पण कर गई। गेंदबाज श्रेयांश सरोज ने घातक स्पेल डालते हुए पांच विकेट झटके। बल्लेबाज भावेश सिंह ने 66 गेंदों में 93 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुँचाया।



### ललित के दम पर नगर आयुक्त इलेवन की सात विकेट से जीत

**लखनऊ,पायनियर।** मैन ऑफ द मैच कप्तान ललित कुमार की धारदार गेंदबाजी के बाद (नाबाद 14 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन से नगर निगम क्रिकेट टूनार्मेंट 2025-26 के लीग मुकाबले में प्रेस इलेवन को सात विकेट से शिकस्त दी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर प्रेस इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 87 रन बनाए। प्रेस इलेवन टीम से अजय शर्मा ने 23 गेंदों पर सर्वाधिक 20 रन बनाए जबकि इश्तियाक रजा ने 12 और मयूर शुक्ला ने10रन का योगदान किया। बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का अंक नहीं छू सका। नगर आयुक्त इलेवन से कप्तान ललित कुमार व आकाश कुमार ने 3-3 विकेट चटकाए जबकि विकास सिंह व महामिलिंद लाल को 1-1 सफलता मिली। जवाब में नगर आयुक्त ने 12.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम से पंकज 9, महामिलिंद लाल 15 रन व आकाश कुमार 5 रन बनाकर जल्दी आउट हो गये। इसके बाद विकास सिंह ने नाबाद 25 रन और कप्तान ललित कुमार ने 14 रन बनाकर टीम को 7 विकेट से जीत दिलाई। प्रेस इलेवन से इश्तियाक रजा ने दो विकेट व सुधीर तिवारी को एक सफलता मिली।



मैन ऑफ द मैच कप्तान ललित कुमार

# तवे पर तैयार करें हरियाली पनीर टिक्का

**हरियाली पनीर टिक्का एक आसान, खुशबूदार और बेहद मजेदार स्नैक है जिसे आप तवे पर झटपट बना सकते हैं। इसमें धनिया-पुदीना का ताजा स्वाद और मसालों का संतुलन इसे खास बनाता है। किसी भी मौके पर इसे परोसें, मेहमान यकीनन तारीफ करेंगे।**

## पनीर टिक्का रेसिपीः-

अगर घर में कोई खास दिन हो, परिवार के लोग एक साथ बैठे हों या मेहमान आने वाले हों, तब सबसे पहले दिमाग में यह ख्याल आता है कि क्या सर्व किया जाए. पनीर से बनी डिश हर किसी को पसंद आती है, लेकिन बार-बार एक जैसी चीजें बना देने से स्वाद में नया मजा नहीं आता. ऐसे में हरियाली पनीर टिक्का एक बढ़िया विकल्प बन सकता है। यह डिश देखने में जितनी आकर्षक लगती है, स्वाद में उससे कहीं ज्यादा लाजवाब होती है। इसकी हरी परत में धनिया, पुदीना और मसालों का मेल खाने वाले को पहली ही बाइट में खुश कर देता है। हरियाली पनीर टिक्का की खास बात यह है कि इसे बनाना मुश्किल नहीं, बल्कि काफी आसान है। इसे तवे पर भी तैयार किया जा सकता है, मतलब आपको ओवन या ग्रिल की जरूरत नहीं होती। बस कुछ ताजी हरी पत्तियां, थोड़े से मसाले और मुलायम पनीर इन तीन चीजों के साथ आप ऐसा स्नैक बना सकते हैं जो किसी भी मौके को खास बना दे। कई बार मेहमान खाने की मेज पर पहुंचने के बाद ही बताते हैं कि उन्हें हल्का स्नैक पसंद है या तला-भुना कम खाना है।

हरियाली पनीर टिक्का ऐसी स्थिति में परफेक्ट साबित होता है, क्योंकि यह हल्का भी है और स्वाद में भरपूर भी। इसकी खुशबू जब तवे से उठकर कमरे में फैलती है, तो हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है।

अगर आप भी अपने घरवालों या मेहमानों को कुछ अलग लेकिन झटपट बनने वाला स्नैक खिलाना चाहते हैं, तो यह रेसिपी आपके लिए बिल्कुल सही है।

## बनाने की विधिः-

**1. हरी पेस्ट तैयार करें:**

सबसे पहले धनिया और पुदीना को अच्छी तरह धोकर मिक्सर जार में डालें। इसमें हरी मिर्च, अदरक और लहसुन डालें। सबको बारीक पीसकर स्मूद पेस्ट बना लें।

**2. मेरिनेशन तैयार करें:**

एक बाउल में दही जोड़ें। इसमें तैयार हरा मिश्रण डालें। अब हल्दी, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, लाल मिर्च, अमचूर, गरम मसाला और नमक मिलाएं। इसमें बेसन और नींबू रस डालकर मिश्रण को चिकना कर लें।

**3. पनीर मिलाएं:**

पनीर के क्यूब्स को हल्के हाथ से मेरिनेशन में मिलाएं ताकि वे टूटें नहीं। बाउल को ढककर करीब 30 मिनट के लिए रख दें। इससे मसाले पनीर में अच्छे से घुल जाते हैं।

**4. तवे पर पकाएं:**

तवा गर्म करें और उस पर थोड़ा तेल फैलाएं। मेरिनेट किए हुए पनीर क्यूब्स को तवे पर रखें और दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेकें। हल्की क्रंच आने पर इन्हें प्लेट में निकाल लें।

**5. सर्विंग:**

तैयार हरियाली पनीर टिक्का पर थोड़ा नींबू रस डालें और गर्मागर्म सर्व करें।



### आवश्यक सामग्री

- पनीर - 2 कप (क्यूब्स में कटा हुआ)
- धनिया पत्ती - 1 कप
- दही - 2 बड़े चम्मच
- पुदीना - आधा कप
- हरी मिर्च - 2
- हल्दी पाउडर - आधा छोटा चम्मच
- अदरक -1 चम्मच कद्दूकस
- लहसुन - 1 चम्मच बारीक कटा
- धनिया पाउडर - 1 चम्मच
- जीरा पाउडर - आधा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर - आधा चम्मच
- अमचूर - आधा चम्मच
- बेसन - 1 चम्मच
- नमक - स्वादानुसार
- गरम मसाला - आधा चम्मच
- तेल - जरूरत के अनुसार
- नींबू रस - 2 चम्मच

# घर पर बनाएं क्रीमी और मसालेदार पनीर-प्याज भुर्जी, जानें विधि

**हर सर्दियों में गरम-गरम पराठों के साथ कुछ स्वादिष्ट खाने का मन करता है। ऐसे में पनीर-प्याज की भुर्जी एक बेहतरीन विकल्प बन जाती है। यह डिश न केवल खाने में लाजवाब होती है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। पनीर में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा देती है और मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। वहीं हरी प्याज विटामिन और मिनरल्स का अच्छा स्त्रोत है, जो शरीर को अंदर से गर्म और तंदरुस्त रखने में मदद करता है। पनीर की नरम और क्रीमी बनावट जब मसालेदार प्याज के साथ मिलती है, तो स्वाद का ऐसा संगम बनता है जिसे हर कोई पसंद करता है। यह रेसिपी जल्दी तैयार हो जाती है और इसे बच्चे भी बड़े चाव से खाते हैं। इसके अलावा, यह डिश पोषण से भरपूर होने के साथ-साथ हल्की भी होती है, जिससे खाना खाने के बाद भारीपन महसूस नहीं होता।**



### सामग्रीः

- पनीर - 200 ग्राम
- हरी प्याज - 4-5 स्ट्रॉन्ग
- टमाटर - 2 मध्यम
- हरी मिर्च - 2
- अदरक-लहसुन का पेस्ट - 1 चम्मच
- हल्दी पाउडर - आधा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर - आधा चम्मच
- धनिया पाउडर - 1 चम्मच
- तेल या घी - 2 बड़े चम्मच
- नमक - स्वाद अनुसार
- क्रीम या दूध - 2 बड़े चम्मच (इच्छानुसार)

### बनाने की विधिः

1. पनीर को छोटे टुकड़ों में काट लें और हरी प्याज को बारीक काट लें।
2. कड़ाही में तेल या घी गरम करें। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का भूनें।
3. अब इसमें हरी प्याज और हरी मिर्च डालें और कुछ मिनट भूनें।
4. कटे हुए टमाटर डालें और हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर के साथ मसाला तैयार करें।
5. मसाले में पनीर डालकर धीमी आंच पर 2-3 मिनट पकाएं, ताकि पनीर मसालों में अच्छी तरह से घुल जाए।
6. अंत में हरी प्याज और थोड़ा क्रीम या दूध डालकर भुर्जी को गार्निश करें।
7. गरमागरम पराठों या रोटी के साथ परोसें।

### पनीर भुर्जी की खासियतः-

- यह डिश जल्दी बन जाती है, इसलिए आप इसे कामकाजी दिन में भी आराम से तैयार कर सकते हैं।
- पनीर और हरी प्याज के मिश्रण से स्वाद और स्वास्थ्य दोनों में संतुलन बना रहता है।
- यह रेसिपी बच्चों को भी बेहद पसंद आती है।
- सर्दियों के मौसम में यह शरीर को गर्म रखने में मदद करती है।
- इसे हल्का या क्रीमी बनाना आपकी पसंद पर निर्भर करता है।



# कर्नाटक की मशहूर अक्की रोटी

**ग्लूटन-फ्री डाइट अपनाने वालों के लिए भारतीय पारंपरिक व्यंजन किसी वरदान से कम नहीं हैं। इन्हीं में से एक है कर्नाटक की फेमस अक्की रोटी जो स्वाद, सेहत और सादगी का बेहतरीन मेल है। चावल के आटे से बनने वाली यह रोटी पूरी तरह ग्लूटन-फ्री होती है और साउथ इंडिया के कई घरों में रोजाना बनाई जाती है। नाश्ते से लेकर हल्के डिनर तक, अक्की रोटी एक हेल्दी और पेट भरने वाला विकल्प मानी जाती है। अक्की रोटी में गेहूं के आटे की जगह चावल का आटा इस्तेमाल किया जाता है जिससे यह सीलिएक डिजीज या ग्लूटन सेंसिटिविटी वाले लोगों के लिए सुरक्षित रहती है। इसमें मिलाई जाने वाली सब्जियां जैसे प्याज, गाजर और धनिया इसे और ज्यादा पौष्टिक बना देती हैं। यही वजह है कि यह रेसिपी बच्चों, बुजुर्गों और डायट फॉलो करने वालों के बीच भी काफी लोकप्रिय है।**

**विधिः** एक बर्तन में चावल का आटा, बारीक कटा प्याज, कद्दूकस की हुई गाजर, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, जीरा और नमक डालें। अब थोड़ा-थोड़ा पानी मिलाकर नरम आटा गूंथ लें। इस आटे को बेलन से बेलने की बजाय हाथ से फैलाया जाता है। अब तवा गरम करें, हाथ गीला करके आटे की लोई लें और तवे पर हल्के हाथ से दबाकर गोल आकार में फैलाएं। ऊपर से थोड़ा तेल डालकर मध्यम आंच पर दोनों तरफ से कुरकुरा होने तक सेंक लें।

**सेहत के लिए कैसे फायदेमंदः** अक्की रोटी ग्लूटन-फ्री होने के साथ-साथ पचाने में हल्की होती है। यह पेट को लंबे समय तक भरा रखती है जिससे ओवरईटिंग से बचाव होता है। चावल का आटा शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है और सब्जियों के कारण फाइबर भी मिलता है। डायबिटीज के मरीज भी सीमित मात्रा में इसका सेवन कर सकते हैं।

**किसके साथ खाएंः** आमतौर पर अक्की रोटी को नारियल की चटनी, टमाटर की चटनी या दही के साथ परोसा जाता है। सर्दियों में इसे घी या मक्खन के साथ खाना स्वाद को और बढ़ा देता है। आप इसे दाल या सब्जी के साथ भी खा सकते हैं।

**हेल्थ टिपः** कम सामग्री, आसान विधि और ग्लूटन-फ्री होने के कारण अक्की रोटी आज हेल्थ-कॉन्शस लोगों की पसंद बनती जा रही है। भारतीय पारंपरिक स्वाद के साथ हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।



# मूंग दाल के दानेदार लड्डू, सिर्फ 15 मिनट में बन जाएगी ये हेल्दी रेसिपी

सर्दियों को लड्डू-पंजीरी का मौसम कहा जा सकता है, क्योंकि हल्की ठंड शुरू होते ही घर-घर में लड्डू और पंजीरी बनना शुरू हो जाते हैं। अब आपने अलग-अलग तरह के लड्डू खाए होंगे, लेकिन क्या कभी मूंग दाल के लड्डू खाएं हैं? चलिए हलवा तो खाया ही होगा। कितना दानेदार और स्वादिष्ट लगता है, है ना? मूंग दाल के लड्डू उस हलवे से भी कई गुना टेस्टी लगते हैं। और यकीन मानिए सिर्फ 15 से 20 मिनट के अंदर आप इन्हें बना लेंगी। स्वाद से भरपूर हैं और काफी हेल्दी भी। इनमें ना चीनी है और ना भी बहुत ज्यादा घी का इस्तेमाल किया गया है। तो चलिए हेल्दी, प्रोटीन रिच मूंग दाल लड्डू की रेसिपी फटाफट जान लेते हैं।

**मूंग दाल लड्डू बनाने की सामग्रीः** मूंग दाल के लड्डू बनाने के लिए आपको जिन सामग्रियों की जरूरत होगी वो हैं- पीली वाली मूंग (आधा कप), खजूर (1/2 कप से 2/3 कप), बादाम (2 चम्मच), काजू (2 चम्मच), अलसी के बीज (2 चम्मच), सफेद तिल (2 चम्मच), 1/4 चम्मच इलायची पाउडर और 1 चम्मच देस घी या नारियल का तेल।

**ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल के लड्डूः** ये हेल्दी लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले मूंग दाल को धो कर अच्छी तरह सुखा लें। इसके बाद एयर फ्रायर को 170℃ पर प्रिहीट करें और मूंग दाल को लगभग 7-8 मिनट के लिए एयर फ्राई करने रख दें। इसके बाद दाल में ही काजू, बादाम, अलसी के बीज और सफेद तिल रखें और दोबारा सभी चीजों को दो मिनट के लिए एयर फ्राई कर लें। अब इन्हें ठंडा होने दें और सभी चीजों को पीसकर एक पाउडर बना लें। जरूरत हो तो इसे छान भी सकती हैं। इसके बाद खजूर को गर्म पानी में 5-10 मिनट के लिए भिगोकर रखें, फिर मिक्सर में इनका पेस्ट बना लें। खजूर सॉफ्ट हों, तो इन्हें डायरेक्ट मिक्सर में पीस सकती हैं। लगभग 2-3 मिनट के लिए कुक करें, जबतक वो एकदम सॉफ्ट ना हो जाए।

# ठंड में रोज पीएं गाजर, चुकंदर और मूली की कांजी

**खाने के बाद गैस, एसिडिटी और बदहजमी को दूर भगाने के लिए कांजी डाइट में शामिल करें। सर्दियों में गाजर, मूली, चुकंदर और मिर्च से कांजी बनाकर पी सकते हैं। फटाफट नोट कर लें कांजी की रेसिपी। कांजी पीने से हाजमा जबरदस्त रहता है।**

## कांजी की रेसिपी

**पहला स्टेप-** सर्दियों में पेट के लिए कांजी सबसे अच्छी चीज है। आप सीजन सब्जियों का इस्तेमाल कर कांजी बना सकते हैं। कांजी बनाने के लिए एक कांच का बड़ा सा जार लें और उसमें 2 गाजर को धोकर पतला और लंबा-लंबा काट कर डाल दें। इसमें 1 बड़ा चुकंदर छीलकर लंबा कट करके डाल दें। इसी में 1 मूली को छीलकर लंबे टुकड़ों में काट कर डाल दें। इसमें 2 हरी मिर्च को भी लंबा काट कर डाल दें।

**दूसरा स्टेप-** सारी सब्जियों को डालने के बाद आपको इसमें 1 चम्मच राई का पाउडर, 1 चम्मच पीली सरसों, आधा चम्मच अजवाइन और 2 चम्मच सेंधा नमक डालना है। स्वाद और इसे पाचक बनाने के लिए थोड़ी हींग डाल दें। अब कांच के जार में उबला हुआ गर्म पानी डालकर पूरा भर दें। जार का ढक्कन बंद करके इसे धूप में रख दें।

अगले दिन कांजी बनकर तैयार है। आप इसे सुबह पी सकते हैं। खाने के बाद कांजी का पानी पीने से पाचन अच्छा होता है। कांजी में पड़ी गाजर, मूली, चुकंदर और हरी मिर्च को आप सलाद के रूप में खा सकते हैं। इनका स्वाद काफी टेस्टी लगता है।



# फटाफट बनाएं कुकर में सब्जियों से भरा पुलाव

**सर्दियों के मौसम में रजाई से बाहर निकलकर खाना बनाना सबसे मुश्किल काम लगता है। अगर आपको भी अक्सर खाना बनाने में आलस आता है लेकिन बाहर का अनहेल्दी फूड नहीं खाना चाहतीं। तो फटाफट प्रेशर कुकर में वेजिटेबल पुलाव की ये रेसिपी नोट कर लें। जिसे बच्चे-बड़े सब चाव से खाएंगे और सेहत भी दुरुस्त रहेगी। इस पुलाव को चटनी और रायते के साथ सर्व करें। नोट कर लें वेजिटेबल पुलाव बनाने की रेसिपी।**



### सामग्रीः-

- एक कप चावल
- हरी मटर
- दो चम्मच तेल
- जीरा
- प्याज दो कटे हुए
- दो गाजर बारीक कटी हुई
- हरी मिर्च
- हरी धनिया कटी हुई
- लाल मिर्च पाउडर
- पनीर फ्राई की हुई
- धनिया भुनी हुई
- देसी घी या बटर
- नमक स्वादानुसार

**वेजिटेबल पुलाव बनाने की रेसिपीः** प्रेशर कुकर में बस दस मिनट में ये पुलाव बनकर रेडी हो जाएगा। इसे बनाने की आसान सी रेसिपी को नोट कर लें। सबसे पहले चावल को धोकर पानी में भिगो दें। अब सारी सब्जियों को धोकर छोटा-छोटा काट लें। गाजर, मटर के अलावा आप चाहें तो इसमे फूलगोभी, शिमला मिर्च, बींस भी ऐड कर सकती हैं। प्रेशर कुकर में सबसे पहले तेल डालें और तेल के गर्म होते ही उसमे जीरा डाल दें। जीरा हल्का सा ही चटके तभी साथ में दो कटी हुई प्याज को डाल दें। प्याज को लाल करने के साथ ही उसमे हरी मटर, गाजर और हरी मिर्च को भी काटकर डाल दें। सारी सब्जियों को चलाते हुए पकाएं। साथ ही इसमे धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर डाल दें। नमक स्वादानुसार डालकर चलाएं और सब्जियों को भूनते रहें। सब्जियों के भुनने के बाद कुकर में चावल और साथ में फ्राई किया हुआ पनीर भी डाल दें। पानी डाले और कुकर में सीटी लगाएं। दो से तीन सीटी के बाद कुकर खोल दें। ऊपर से फ्रेश कटी धनिया और साथ में देसी घी डालकर मिक्स करें और घरवालों को परोसें।

# पनीर कॉर्न चाट



### पनीर कॉर्न चाट सामग्री

- एक कप कॉर्न
- एक कप कटे हुए पनीर के क्यूब्स
- आधा कप मूंगफली के दाने
- राई
- तेल
- करी पत्ता
- लाल मिर्च
- नमक स्वादानुसार
- चाट मसाला
- नींबू का रस
- हरी मिर्च
- एक प्याज

हेल्दी एंड फिट रहना है तो हमेशा क्लीन एंड न्यूट्रिशन से भरपूर फूड खाना चाहिए। जैसे शाम की चाय के साथ अनहेल्दी स्नैक्स चुपके-चुपके आपके हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में कुछ प्रोटीन और न्यूट्रिशन से भरपूर स्नैक्स को रिप्लेस करें अनहेल्दी फ्राईड स्नैक्स के साथ।

**पनीर कॉर्न चाट की रेसिपीः** प्रोटीन और फाइबर से रिच इस चाट को बनाना बहुत आसान है। और साथ ही मुंह का स्वाद भी बिल्कुल चटपटा हो जाएगा। पनीर कॉर्न चाट बनाने के लिए बस इस प्रोसेस को फॉलो करें। सबसे पहले कॉर्न को उबालकर रख लें। अब आधा चम्मच तेल कड़ाही में डालें और गर्म हो जाने दें। गर्म होते ही राई डालकर चटकाएं और साथ में करी पत्ता डाल दें। हरी मिर्च को दो से तीन टुकड़ों में करके डालें और चलाएं। साथ ही मूंगफली के दाने डालकर भून लें।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्टियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन : 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।